# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को साईं बाबा की मूर्ति देकर सम्मानित करते संस्थान के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर गोरक्ष गाडिलकर


• बोकारो, रविवार 21 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 35 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## सड़क हादसे में तीन भाई-बहनों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा।** जिले के मिशन चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसपर सवार तीनों लोगों की मौत हो गई। इस घटना में मरने वाले तीनों आपस में भाई बहन हैं। तीनों एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि शहरी क्षेत्र के बरवाटोली के रहने वाले मुकेश साहू के पड़ोस में शादी थी। शादी समारोह शहर के कृषि बाजार स्थित एक धर्मशाला में चल रहा था। उसी में शामिल होने के लिए मुकेश साहू का बड़ा बेटा रोहित साहू, विवाहित बेटी सपना कुमारी और सृष्टि कुमारी स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान मिशन चौक के पास गुमला से लोहरदगा की ओर आ रही एक सामान लदे ट्रक ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि काफी दूर तक स्कूटी और उसपर सवार तीनों भाई-बहनों को ट्रक घसीटता चला गया जिससे मौके पर ही सपना और सृष्टि की मौत हो गई। रोहित भी बुरी तरह से घायल था। वहां मौजूद लोगों ने तत्काल तीनों को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने 24 साल की सपना कुमारी और 14 साल की सृष्टि कुमारी को मृत घोषित कर दिया। मृतका सपना गर्भवती थी। वहीं 28 साल के रोहित साहू को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। मृतक रोहित के पिता मुकेश खुद मजदूरी करते हैं जबकि रोहित एक प्रतिष्ठान में काम कर रहा था। इस दुर्घटना के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है। इधर घटना को लेकर सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर का कहना है कि सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## ज्ञान एवं सांस्कृतिक चेतना की भूमि रही है बंगाल : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** लोकभवन में शनिवार को पश्चिम बंगाल का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में रहने वाले बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत विविधताओं का देश है जहां अनेक भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और जीवन-पद्धतियों का संगम है। भिन्नताओं के बावजूद 'विविधता में एकता' हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पारस्परिक समझ और भावनात्मक एकता को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनी है। उन्होंने कहा कि झारखंड और पश्चिम




बंगाल का संबंध केवल भौगोलिक निकटता तक सीमित नहीं है बल्कि दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और भावनात्मक संबंध भी अत्यंत गहरे हैं। राज्यपाल ने झारखंड में निवासरत बंगाली समाज के शिक्षा, संस्कृति, उद्योग, व्यापार और सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि बंगाल की धरती ज्ञान, सृजनशीलता और सांस्कृतिक चेतना की भूमि रही है। सामाजिक पुनर्ज़ागरण से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक बंगाल ने राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया है। साहित्य, संगीत, कला और सिनेमा के क्षेत्र में बंगाल का योगदान अविस्मरणीय है। महान फिल्मकार सत्यजीत रे ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक पहचान दिलाई। बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, सृजनशीलता और बौद्धिक विरासत आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। राज्यपाल ने बंगाल की उत्सवधर्मी संस्कृति की सराहना करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा और काली पूजा जैसे पर्व केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं हैं बल्कि सामाजिक समरसता, सामूहिकता और सांस्कृतिक वैभव के उत्सव भी हैं। इन आयोजनों के माध्यम से बंगाल की सांस्कृतिक पहचान देश और दुनिया के सामने उजागर होती है। उन्होंने कहा कि बंगाल की पाक-परंपरा अपनी विशिष्टता, विविधता और आत्मीयता के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। पारंपरिक व्यंजनों की मिठास और बांग्ला भाषा की मधुरता वहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का परिचायक है। राज्यपाल ने कहा कि सांस्कृतिक समृद्धि के साथ-साथ पश्चिम बंगाल ने उद्योग, कृषि, शिक्षा, विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की है। देश की आर्थिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रगति में बंगाल की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है और भविष्य में भी बनी रहेगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल के सभी नागरिकों की निरंतर शांति, समृद्धि एवं विकास की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने स्वागत भाषण में पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज ही के दिन 1947 में इस राज्य का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सांस्कृतिक रूप से काफी समृद्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### संवेदक को भतीजे ने मारी गोली, जख्मी

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में शनिवार को एक ठेकेदार को उनके भतीजे ने गोली मार दी। जमीन विवाद को लेकर हुई इस घटना में ठेकेदार संजय तिवारी उर्फ गुड्डू तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है। यह घटना शहर थाना क्षेत्र के जीएलए कॉलेज के पास मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर के बाहर दिनदहाड़े हुई।

### किराए के मकान से महिला का शव बरामद

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया गांधी नगर में एक किराए के मकान से रितिका रानी देवी नामक महिला का शव बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला की हत्या की आशंका जताई जा रही है जबकि उसका पति अजय कुमार घटना के बाद से फरार है। मृतका की मां मंजू देवी ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष के भाई पर जानलेवा हमला

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** झरिया थाना क्षेत्र के जामाडोबा में वाहनों के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। इस घटना में भाजपा धनबाद जिलाध्यक्ष श्रवण राय के भाई जमेंद्र राय सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई थी। जानकारी के अनुसार जामाडोबा चार नंबर में जमेंद्र राय की सीमेंट की दुकान है। जमेंद्र राय का ट्रैक्टर दूसरे पक्ष की गाड़ी से टकरा गया। इसी बात पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई जो बाद में विवाद और मारपीट में बदल गई।

### धनबाद जंगल में मिला अज्ञात शव

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बरोरा थाना क्षेत्र में जंगल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। यह शव शताब्दी परियोजना से चिटाही जाने वाले रास्ते के समीप जंगल में सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### पिकअप सवार व्यक्ति की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** हेरहंज-पांकी मुख्य सड़क पर इनातु गांव के समीप सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन पांकी की ओर से हेरहंज आ रहा था। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित ग्रामीण विनोद यादव के बाउंड्रीवाल से जा टकराया। इस हादसे में वाहन पर सवार हेरहंज के दिलीप साव की मौके पर ही मौत हो गई।

### मुख्यमंत्री ने शिरडी साईं बाबा के किए दर्शन, लोगों की सेवा करने का मांगा आशीर्वाद

## प्राकृतिक संसाधनों की हो रक्षा : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महाराष्ट्र प्रवास पर हैं। इस दौरान उन्होंने शिरडी में साईं बाबा के दर्शन किए। दर्शन करने के बाद मीडिया से बात की। मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि धार्मिक और आध्यात्मिक जगहों पर जाने से मन को शांति मिलती है। इसके साथ ही मुश्किलों से लड़ने की हिम्मत मिलती है और जिंदगी में कुछ अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है। दर्शन के बाद साईं बाबा संस्थान के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर गोरक्ष गाडिलकर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शॉल और साईं बाबा की मूर्ति देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश-विदेश से लाखों भक्त हर दिन शिरडी साईं बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। साईं बाबा की बातों और विचारों में इतनी ताकत है कि आज भी यह आम आदमी को अपनी ओर खींचती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वे पहले भी शिरडी में साईं




बाबा के दर्शन किए हैं। हालांकि शिरडी आने वाले लोगों की संख्या कम हो गई है लेकिन झारखंड राज्य में साईं बाबा के कई मंदिर हैं। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि वे प्रदेश में साईं बाबा मंदिर में दर्शन करने जाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि साईं बाबा के आशीर्वाद से ही हम सभी लोगों की सेवा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह साईं बाबा के चरणों में अच्छे विचार और भविष्य में अच्छे काम करने का आशीर्वाद लेने आए हैं। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इंसान से गलतिया होना आम बात है। उन्होंने साईं बाबा से आशीर्वाद मांगा ताकि वह लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा अच्छे काम कर सकें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साईं बाबा दर्शन को लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट की है। पोस्ट पर उन्होंने लिखा कि आज परिवार सहित शिरडी की पावन धरती पर साईं बाबा के चरणों में नमन कर राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाल जीवन की प्रार्थना की। साईं बाबा की कृपा सभी पर बनी रहे। सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड में पानी की समस्या पर बोलते हुए कहा कि एक समय पानी की बहुत गंभीर स्थिति थी लेकिन आज कई घरों में नलों से पानी पहुंच रहा है। फिर भी कुछ इलाकों में पानी की गंभीर समस्या है। इस दौरान वे सभी से प्रकृति द्वारा दिए गए संसाधनों की रक्षा करने की अपील की। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड एक बहुत ही सुंदर और दर्शनीय राज्य है। देश के आर्थिक विकास में झारखंड रीढ़ की हड्डी के रूप में बड़ी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सभी से एक बार झारखंड के गांवों का दौरा करने को कहा। साथ ही झारखंड के विकास और संस्कृति को देखने का अपील की।

## रहस्यमयी बीमारी से पिता-पुत्री की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पड़वा प्रखंड के सिक्का गांव में रहस्यमयी बीमारी से पिता-पुत्री की मौत हो गई जबकि परिवार के चार अन्य सदस्यों की हालत गंभीर है। सभी को इलाज के लिए रिम्स में भेजा जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव के लिए रवाना हो गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम मौत के कारणों का पता लगाएगी। दरअसल सिक्का गांव के रहने वाले कुलदीप महतो और उनकी बेटी को शरीर में सूजन होने के बाद इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। शुक्रवार की देर रात कुलदीप महतो की मौत हो गई जबकि शनिवार की सुबह उनके बेटी बबीता कुमारी की मौत हो गई। इनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घर में कुलदीप महतो की पत्नी लाखो देवी, बहू श्वेता, बेटा नकुल महतो और एक अन्य बेटी भी बीमार है। स्थानीय ग्रामीण और रिश्तेदारों के द्वारा सभी को इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया है। सभी को शरीर में सूजन की शिकायत है। इस संबंध में पाटन के चिकित्सा प्रभारी डॉ. श्रवण मेहता ने बताया कि ग्रामीणों के माध्यम से मौत की जानकारी मिली है। डॉक्टरों की टीम को गांव भेजा गया है। पूरे मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई है और मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। वहीं एमएमसीएच में तैनात सीनियर डॉक्टर आरके रंजन ने बताया कि कुलदीप महतो और उनकी बेटी को शुक्रवार को इमरजेंसी में अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। दोनों को रिम्स रेफर किया जा रहा था लेकिन परिवार वाले राजी नहीं थे। दोनों का शरीर फूल गया था। खान-पान में कोई गड़बड़ी की आशंका है। जांच के लिए लिखा गया था लेकिन जांच नहीं करवाई गई। जांच रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक बीमारी का कारण पता चल पाता। परिवार जागरूक और शिक्षित नहीं है। डॉक्टरों की सलाह को भी नहीं मान रहे थे। खान-पान के बारे में जानकारी ली गई थी और जांच के लिए लिखा गया था।

## पेड़ से टकराई बाराती कार, दूल्हे के पिता सहित दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र में एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें दूल्हे के पिता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रिम्स ले जाते समय कार में एक अन्य सवार व्यक्ति ने रास्ते में दम तोड़ दिया। यह घटना पालकोट थाना क्षेत्र के काली मंदिर के समीप शनिवार सुबह करीब 6-7 बजे के बीच की है। घटना को लेकर समाजसेवी शशिकांत भगत ने बताया कि गुरुवार रात को बसिया लौंगा से कुम्हारी के लिए बारात गए हुए थे। शनिवार को लौटने के दौरान पालकोट के समीप अचानक झपकी लगने की वजह से कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई जिसके कारण घटनास्थल पर ही दूल्हे के पिता कलेश्वर साहू की मौत हो गई जबकि दिल्ली निवासी दीनबंधु साहू, राम दरस पांडे, मनोज ठाकुर व बालमुकुंद साहू जख्मी हो गए। कार में दूल्हे के पिता कलेश्वर साहू सहित पांच लोग सवार थे। घटना के बाद अफरा तफरी मच गई। सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया जहां पर कलेश्वर साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं दीनबंधु साहू को रिम्स रेफर किया गया था जिसने भरनो पहुंचते ही दम तोड़ दिया। वहीं अन्य घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। समाजसेवी ने बताया कि मृतक कलेश्वर साहू घाघरा प्रखंड के चुंदरी पंचायत में पंचायत सेवक के रूप में कार्यरत थे। उन्हें पिछले वर्ष राष्ट्रपति द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए लिए सम्मान भी मिला था। इधर एसआई मोहम्मद गफ्फार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक कार अनियंत्रित होने की वजह से दो लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया चल रही है। दुर्घटनाग्रस्त कार को भी जब्त कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नीट यूजी परीक्षा को लेकर चलाया जांच अभियान

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** आज 21 जून को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) पुनः परीक्षा को लेकर झारखंड में प्रशासन पूरी तरह से चौकस नजर आया। शुक्रवार की देर रात बोकारो, गोड्डा, हजारीबाग समेत कई जिलों के होटल में जांच अभियान चलाया गया। वहीं कई जिलों में शनिवार की रात में भी जांच की गयी। इस दौरान कुछ होटल में पुलिस की टीम पहुंची और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। होटल में प्रत्येक व्यक्ति की पहचान पत्र की जांच की गई। वहीं दो दिन से ज्यादा समय तक रहने वाले लोगों से पूछताछ की गई। हजारीबाग में सदर एसडीपीओ रूपक कुमार सिंह, डीएसपी सीसीआर अरमानुल हक, कोर्रा थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बल के जवानों द्वारा गत रात्रि कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न होटलों में ठहरे हुए व्यक्तियों का सत्यापन एवं जांच की गई। जांच के दौरान होटल संचालकों एवं प्रबंधकों को आगंतुकों का समुचित अभिलेख संधारित करने, पहचान पत्रों का सत्यापन सुनिश्चित करने आदि निर्देश दिया गया।

## मुठभेड़ के बाद छह ग्रामीणों को कराया मुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**चतरा।** जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छह ग्रामीणों को सुरक्षित मुक्त करा लिया। हथियारबंद अपराधियों ने तेलियाडीह और गोवदा गांव के 6 ग्रामीणों का अपहरण कर लिया था। अपराधी खुद को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एमसीसी का सदस्य बताकर ग्रामीणों के परिजनों से एक लाख रुपए की फिरौती मांग रहे थे। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। गुप्त सूचना के आधार पर चतरा एसपी के निर्देश पर सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊसाहेब के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम में सिमरिया थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस टीम रात के अंधेरे में टूंटीलावा से हेसातु जाने वाले मार्ग के हड़गड़ी जंगल में पहुंची। यहां सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जैसे ही पुलिस टीम अपहतों के करीब पहुंची अपराधियों ने खुद को घिरता देख फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। पुलिस के दबाव में अपराधी अपहत ग्रामीणों को मौके पर छोड़कर भागने लगे जिसके बाद सभी 6 ग्रामीणों को पुलिस ने बरामद किया। अपहतों को सुरक्षित करने के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर तेजी से कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल 6 में से 5 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में टंडवा निवासी रमेश कुमार गंझू और सतीश कुमार गंझू मुख्य रूप से शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 3 देसी भराठी बंदूकें, एक पिस्टल जैसा दिखने वाला लाइटर, एक बड़ी गुप्ती (चाकू) और पीड़ितों से लूटे गए 3 ओप्पो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खुले रहेंगे सरकारी स्कूल, निर्देश जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन रविवार (21 जून) होने के बावजूद झारखंड सरकार के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय खुले रहेंगे। राज्य सरकार के निर्णय के बाद शिक्षा विभाग के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। जारी पत्र के अनुसार राज्य के सभी कोटि के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक खुले रहेंगे और इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षकर्मी विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। विद्यालय में मध्याह्न भोजन का संचालन नहीं करने का निर्देश दिया गया है। राज्य परियोजना निदेशक ने निर्देशित करते हुए कहा है कि विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संचालित होने वाले योग संबंधी गतिविधियों के संबंधित आंकड़े, फोटोग्राफ एवं अन्य विवरणी को सभी जिला द्वारा उपलब्ध कराया जाए। जारी पत्र के अनुसार 21 जून रविवार को सभी विद्यालय खुले रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सरकारी एवं गैर सरकारी स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं इसको लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। राज्य सरकार के कर्मियों द्वारा अलग-अलग स्थान पर योग दिवस पर सुबह 7:00 बजे से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरकारी स्तर पर विभिन्न सामाजिक संगठन के साथ-साथ राजनीतिक दलों के द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। पतंजलि योगपीठ रांची और भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में पटेल भवन प्रांगण हरमू में सुबह 6:00 बजे से योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित होगा। पतंजलि योगपीठ रांची के मुख्य संरक्षक और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता दीनदयाल बरनवाल ने बताया कि योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व सांसद दीपक प्रकाश और पतंजलि से करण कोइरी शामिल होंगे।



C M Y K

# निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त परीक्षा के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में ठएएळ (वत्र्ह) परीक्षा-2026 के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित परीक्षा-2026 का आयोजन दिनांक 21 जून 2026 को अपराह्न 2:00 बजे से 5:00 बजे तक किया जाएगा।

खूँटी जिले में परीक्षा के लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, डुमरदग्गा, खूंटी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बैठक में उपायुक्त ने ठएएळ (वत्र्ह) परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करने का निर्देश दिया।




उन्होंने कहा कि परीक्षा का संचालन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच करने तथा परीक्षार्थियों के प्रवेश, फ्रिस्किंग एवं बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने को कहा। उन्होंने परीक्षा केंद्र में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, बायोमेट्रिक उपकरणों तथा अन्य तकनीकी संसाधनों को पूरी तरह क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, चिकित्सा सहायता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुचारू बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा के सफल संचालन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता श्रीमती सुषमा लकड़ा, डीएसपी मुख्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सिटी कॉर्डिनेटर-सह-प्रधानाध्यापक, केंद्राधीक्षक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

**25 से 27 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियोरोधी खुराक**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त मो० जावेद हुसैन के निदेर्शानुसार समाहरणालय स्थित सभागार में सिविल सर्जन डॉ. ललित रंजन पाठक की अध्यक्षता में 25 जून से 27 जून तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने हेतु सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया।



बैठक के दौरान वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 25 जून को जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य चिन्हित स्थलों पर पोलियो बूथ स्थापित कर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त 26 एवं 27 जून को स्वास्थ्य सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जो बूथ दिवस पर छूट गए हों। सिविल सर्जन ने सभी संबंधित विभागों को अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार, बूथों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा एक भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को बनाए रखने के लिए सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधि अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुहर्रम को लेकर देवरी ओपी में शांति समिति की बैठक कल, पत्रकारों व गणमान्यों से सहयोग की अपील

**हुसैनाबाद/पलामू (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से देवरी ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक रविवार, 21 जून 2026 को शाम 4 बजे देवरी ओपी में होगी। देवरी ओपी प्रभारी राजू गुप्ता ने पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों से समय पर उपस्थित होकर अपने सुझाव देने की अपील की है। बैठक में मुहर्रम जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, आपसी भाईचारे और विधि-व्यवस्था बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।पुलिस प्रशासन ने कहा है कि सभी समुदायों और समाज के प्रबुद्ध लोगों के सहयोग से ही मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सकता है।

### वज्रपात से किशोर की मौत, 10 घायल, अस्पताल पहुंचे विधायक संजय कुमार सिंह यादव

**हुसैनाबाद/पलामू (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र की लोटनिया पंचायत अंतर्गत एकौनी गांव में शनिवार दोपहर करीब 2:15 बजे हुए वज्रपात की घटना में एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए।मृतक की पहचान आयुष कुमार (पिता- राकेश मेहता) के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल प्रशांत कुमार (22 वर्ष, पिता- राजकुमार मेहता) की नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, गांव में बीती रात एक शादी समारोह आयोजित किया गया था, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए थे। शनिवार को भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए कई लोग गांव के आम बगीचे में बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और वज्रपात होने से यह हादसा हो गया।घटना में घायल पवन कुमार, पंकज कुमार, प्रिंस कुमार, सौरभ कुमार, ऋषभ कुमार, सत्यम कुमार, सुजीत कुमार और हरिओम कुमार सहित अन्य घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। विधायक ने अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. एस.के. रवि को सभी घायलों के समुचित उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसके अलावा विधायक ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर एंबुलेंस के माध्यम से उसके घर भेजने की व्यवस्था भी कराई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

### दिव्यांग व्यक्ति ने पड़ोसियों पर मारपीट का लगाया आरोप, थाना में दिया आवेदन

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर थाना क्षेत्र के बरवाडीह स्थित पहाड़ीडीह निवासी एक दिव्यांग व्यक्ति ने अपने पड़ोसियों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए थाना में लिखित आवेदन दिया है।आवेदनकर्ता महफूज आलम ने बताया कि 15 जून की सुबह करीब 8:30 बजे उनके पड़ोसी मुस्तफा कमाल सहित अन्य लोगों ने उन्हें अपशब्द कहे और कथित रूप से हमला कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई तथा उनके विकलांग पैर पर भी लात-घूंसों से प्रहार किया गया पीड़ित के अनुसार शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे एक व्यक्ति के साथ भी आरोपियों ने दुर्व्यवहार किया। आवेदन में कई लोगों के नाम दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है।महफूज आलम ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है

### खरीफ महाभियान को लेकर प्रशिक्षण

**डंडखोरा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** किसान भवन सभागार में एकदिवसीय खरीफ महाअभियान एवं खेत बचाओ अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपनिदेशक आत्मा,कृषि वैज्ञानिक एवं विभागीय पदाधिकारियों ने उपस्थित रहकर किसानों के बीच कृषि में नवाचार,खरीफ महाभियान तथा खेत अभियान की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य मुकेश कुमार पोद्दार,आत्मा परियोजना उपनिदेशक शशिकांत झा सहित कई अन्य ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें प्रखंड कृषि कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य मुकेश कुमार पोद्दार पंचायत समिति हवा देवी आईएफएससी अध्यक्ष सच्चिदानंद मंडल , उपपरियोजना निदेशक शशिकांत झा, जूट अनुसंधान के वरीय वैज्ञानिक डॉक्टर परितोष कुमार प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवानी गुप्ता, मंच संचालन नोडल कृषि समन्वयक अभिनंदन कुमार झा ने किया ।इस दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कृषि विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया।बीएओ शिवानी गुप्ता ने सरकार द्वारा संचालित विभागीय योजना के बारे में जानकारी देकर इसका लाभ लेने की अपील की।जिप सदस्य श्री पोद्दार ने किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर जोर देते हुए वैज्ञानिकों नवाचार खेती के गुर सीखने की बात कही।एपीडी श्री झा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों का कम तथा जैविक खाद का अधिक उपयोग कर प्राकृतिक खेती पर जोर दिया।

### स्मृति-दिवस पर याद की गयीं डॉ. आरती राजहंस

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 'कही अनकही बातें' की सुप्रसिद्ध कवयित्री और विदुषी प्राध्यापिका प्रो आरती राजहंस को, उनके तीसरे स्मृति-दिवस पर श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। शनिवार को, हनुमान नगर स्थित एम आइ जी-२४४ में आयोजित, स्मृति-समारोह में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ एवं अन्य साहित्यकारों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। स्मृति-पर्व का आरम्भ विधिपूर्वक पूजन से हुआ, जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा से अवकाश प्राप्त उनके दोनों पुत्रों, नागालैंड सरकार में मुख्यसचिव रहे ज्योति कलश तथा राजस्थान सरकार में पुलिस महानिदेशक रहे अमृत कलश ने भोग अर्पित किया। उनके साथ उनके सभी परिजन श्रद्धाभाव से उपस्थित थे।

# प्रस्तावित उच्च विद्यालय डुडरी मुरहू में सामूहिक योगाभ्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को प्रस्तावित उच्च विद्यालय, डुडरी मुरहू में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इस अवसर पर योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली में इसकी भूमिका तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नियमित योगाभ्यास के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान डॉ. डी.एन. तिवारी ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. डी.एन. तिवारी ने कहा, "योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन जीने की एक समग्र जीवनशैली है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति के तन, मन और विचारों में सकारात्मक परिवर्तन लाता है तथा जीवन को अधिक स्वस्थ और ऊर्जावान बनाता है।"मौके पर महेश चौधरी, विष्णु देव, ध्रुवेन्द्र भास्कर सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित योगाभ्यास का संकल्प लेने के साथ हुआ।



# सुरक्षा को लेकर पुलिस-सराफा संघ की पहल, आभूषण दुकानों में लगाए गए हेल्पलाइन पोस्टर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सराफा कारोबारियों की सुरक्षा को लेकर गिरिडीह पुलिस और सराफा संघ ने संयुक्त पहल शुरू की है। इसके तहत आभूषण दुकानों में पुलिस एवं साइबर थाना के महत्वपूर्ण नंबरों वाले पोस्टर लगाए जा रहे हैं, ताकि आपात स्थिति में व्यवसायी तुरंत पुलिस से संपर्क कर सकें।

नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रतन सिंह, मुफ्फसिल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्याम महतो एवं सराफा संघ अध्यक्ष राहुल बर्मन की अगुवाई में कई प्रतिष्ठानों में पोस्टर लगाए गए। पुलिस अधिकारियों ने व्यवसायियों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की।राहुल बर्मन ने बताया कि जल्द ही जिले के सभी आभूषण प्रतिष्ठानों में पोस्टर लगाए जाएंगे। मौके पर राजन बरनवाल, मोहम्मद आसिफ, रंजीत स्वर्णकार, सचिन बर्मन, जीतू बर्मन, गोपाल स्वर्णकार एवं सुबोध बर्मन समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# जिला सम्मेलन की तैयारी तेज, नगर कमेटी ने चुने प्रतिनिधि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** 28 एवं 29 जून को मधुबन में आयोजित होने वाले भाकपा (माले) जिला सम्मेलन की तैयारियों को लेकर नगर कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों का चयन किया गया। नगर कमिटी सचिव राजेश सिन्हा ने बताया कि सम्मेलन में जिले भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, जनसंगठन के प्रतिनिधि, शुभचिंतक एवं आमजन शामिल होंगे।उन्होंने बताया कि 28 जून को मधुबन में विशाल रैली एवं सभा का आयोजन होगा, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, राज्य सचिव मनोज भक्त, निरसा विधायक अरूप चटर्जी, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, पूर्व विधायक विनोद सिंह, राजकुमार यादव, आनंद महतो सहित कई सांसद, विधायक, राज्य एवं जिला कमिटी के सदस्य उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में देश की राजनीतिक एवं आर्थिक परिस्थितियों, संगठनात्मक मुद्दों तथा आगामी रणनीति पर चर्चा होगी नगर कमिटी की ओर से चुने गए प्रतिनिधियों में अखिलेश राज, नौशाद आलम, चुन्नू तबारक, इम्तियाज, सलाउद्दीन, कन्हैया सिंह, दीपक सिन्हा, मजहर अंसारी एवं एकराम शामिल हैं। इसके अलावा महिला प्रतिनिधियों और विभिन्न जनसंगठनों के पर्यवेक्षकों के चयन पर भी जल्द निर्णय लिया जाएगा।



राजेश सिन्हा ने कहा कि जिला सम्मेलन के बाद लगभग 400 युवाओं के लिए विशेष राजनीतिक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य युवाओं को सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों के प्रति जागरूक बनाना और नेतृत्व क्षमता विकसित करना है बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव अशोक पासवान ने युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। किसान नेता पूरन महतो ने किसानों, मजदूरों, छात्रों और वंचित वर्गों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। वहीं मजदूर नेता कन्हाई पांडेय ने श्रमिकों के अधिकारों, न्यूनतम मजदूरी और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# महिलाओं के हक-अधिकार को लेकर पहल ट्रस्ट का कार्यक्रम 23 जून को

**विधवा महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद जगाने का प्रयास है यह आयोजन : अविनाश देव**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** महिलाओं के सम्मान, अधिकार व सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्यरत पहल ट्रस्ट के तत्वावधान में 23 जून को अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर नगर भवन (टाउन हॉल) में प्रातः 8 बजे से विधवा सम्मान समारोह सह विधवा पुनर्विवाह विषयक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी पहल ट्रस्ट के अध्यक्ष अविनाश देव ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि पहल ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से महिलाओं के सम्मान व उनके अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार कार्य कर रहा है। ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस के अवसर पर महिलाओं को एक मंच पर लाकर सम्मानित किया जाता है। उन्हें उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभिन्न अधिकारियों से रूबरू कराया जाता है। कहा कि ट्रस्ट द्वारा विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समय-समय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसके तहत कई जरूरतमंद महिलाओं का पुनर्विवाह भी सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। बताया कि 23 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक व सामाजिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। वे महिलाओं को उनके अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं व आत्मनिर्भरता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी विधवा महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। पहल ट्रस्ट ने जिले की सभी महिलाओं एवं सामाजिक संगठनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है। मौके पर पहल ट्रस्ट के सदस्य बिलिंगना किंडो, शोभा प्रजापति, ललन प्रजापति व अन्य मौजूद थे।




# नीट यूजी 2026 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** नीट उजी 2026 परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने अधिकारियों के साथ अंतिम तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने अभ्यर्थियों से एनटीए द्वारा जारी नवीनतम एडमिट कार्ड लेकर ही परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की जिले के तीन केंद्रों—पचंबा स्थित डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, गिरिडीह +2 उच्च विद्यालय एवं सर जे.सी. बोस स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में 21 जून को परीक्षा आयोजित होगी। सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है उपायुक्त ने सुरक्षा, यातायात एवं विधि व्यवस्था की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा अवधि के दौरान जिला नियंत्रण कक्ष (06532-228829) सक्रिय रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि परीक्षा में कदाचार या बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नियमित योग व व्यायाम व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से रखते हैं स्वस्थ : नामधारी

**योग भारत की प्राचीन संस्कृति व परंपरा की है अमूल्य धरोहर : किशोर पांडेय**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, जमुने में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी व विशिष्ट अतिथि के रूप में पलामू योग एसोसिएशन के अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर पांडेय शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत योग व प्राणायाम के सामूहिक अभ्यास से हुई। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन व प्राणायाम से होने वाले लाभ की जानकारी दी। साथ ही नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। मौके पर नामधारी ने कहा कि दवा से बेहतर वरजिश है। नियमित योग और व्यायाम व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग तनावमुक्त और निरोग जीवन का सबसे सरल माध्यम है। प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। मौके पर किशोर पांडेय ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति व परंपरा की अमूल्य धरोहर है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है बल्कि मन को भी एकाग्र व सकारात्मक बनाता है। युवाओं को नियमित योग करते हुए स्वस्थ समाज व सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही योग के महत्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जीजीपीएस स्कूल के प्राचार्य, योग एसोसिएशन के सचिव अनिल पांडेय व अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।



# कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची से नहीं जुड़ेगा : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण संबंधी प्रशिक्षण दिया**

**मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के कार्य को गंभीरता से लें, भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें**

**किसी भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से नहीं कटेगा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि वर्तमान में राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि एक भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से नहीं छुटे एवं कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची से नहीं जुड़े। इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत रूप से दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी आदेश पारित करते समय अथवा मतदाताओं को जागरूक करते समय भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाए। के. रवि कुमार शनिवार को निर्वाचन सदन से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण संबंधी प्रशिक्षण दे रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 20 जून से राज्य में प्रिंटिंग एवं ट्रेनिंग का कार्य किया जाना है। इस क्रम में ससमय सभी स्तर पर पदाधिकारियों, बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर की ट्रेनिंग बताई गए समय सारणी




का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित कराएं। जिससे जमीनी स्तर पर कार्य करते समय किसी भी पदाधिकारी को किसी प्रकार का कोई संशय न रहे। उन्होंने कहा कि 30 जून से बीएलओ घर–घर जाकर इन्यूमरेशन फॉर्म बांटेंगी उससे पूर्व सभी बीएलओ को फॉर्म भरने एवं विगत के मतदाता सूची से मैपिंग करने की पूरी जानकारी उपलब्ध रहे। जिससे बीएलओ जब घर घर जाएं तो मतदाताओं के बीच किसी भी प्रकार के फैली भ्रामक जानकारियों को भी दूर कर सकें। के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं के मतदाता सूची के विगत विशेष गहन पुनरीक्षण से मैपिंग के लिए अथवा इन्यूमरेशन फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं देने है। उन्होंने कहा कि मैपिंग का कार्य इन्यूमरेशन फेज में भी किया जाएगा। इस क्रम में आंशिक रूप से भरे हुए इन्यूमरेशन फॉर्म में मतदाता अपने विगत के एसआईआर के डिटेल्स भरने हेतु कॉलम दिए जाएंगे जिसे भरने से भी उनकी मैपिंग हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि आपका नाम गत एसआईआर की मतदाता सूची में दर्ज है तो आपको अन्य किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है एवं यह विवरण आपके पुत्र-पुत्रियों के लिए अभिभावक प्रमाण के रूप में भी पर्याप्त होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मैपिंग के क्रम में इस बात का ध्यान रखें कि कोई गलत जानकारी देते हुए मैपिंग न कराएं ऐसे मतदाता एनोमलिज के रूप में चिन्हित हो जाएंगे और इन्हें भी अन–मैप्ड की श्रेणी के मतदाताओं की तरह नोटिस एवं सुनवाई के क्रम में ईआरओ द्वारा सुनवाई में आवश्यक दस्तावेज समर्पित करने होंगें। प्रशिक्षण के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रत्येक प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान भी किया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, राज्य ट्रेनिंग नोडल पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, अपर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने दिव्यांग दंपति की बच्ची के आग्रह पर पहुंचकर दी सरकारी योजनाओं की सौगात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में छोटी बच्ची ललिता कुमारी के आग्रह को गंभीरता से लेते हुए उसके घर पहुंचे। बच्ची ने अपने माता-पिता दोनों के दिव्यांग होने के कारण आवास एवं अन्य सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त स्वयं उस बच्ची के घर पहुंचे। मौके पर उपायुक्त ने बच्ची एवं उसके परिजनों से से मुलाकात की तथा बच्ची की अभिव्यक्ति क्षमता एवं बोलने की कला की सराहना की। इस दौरान उन्होंने बच्ची के छोटे भाई को गोद में लेकर उसे जन्म प्रमाण पत्र सौंपा तथा परिवार के अन्य तीन भाई-बहनों को भी जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया, जिससे उनके भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का मार्ग प्रशस्त होगा। उपायुक्त ने दिव्यांग दंपति को "बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना" के अंतर्गत



आवास की स्वीकृति प्रदान की तथा उनकी सुविधा के लिए ट्राई साइकिल भी उपलब्ध कराई। उन्होंने बच्ची से उसकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली तथा भविष्य में क्या बनने की उसकी इच्छा है, इस पर भी चर्चा करते हुए उसे निरंतर शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने बच्ची के भाई आशिक कुमार एवं बहन आरती कुमारी का नामांकन नवनिर्मित एवं नव उद्घाटित अवसाने-3 ,बरेवा टोला आंगनबाड़ी केंद्र में कराया। साथ ही उन्होंने स्वयं उपस्थिति रजिस्टर में प्रविष्टि कर बच्चों की उपस्थिति दर्ज की। गांव की एक अन्य बच्ची सुहानी कुमारी का भी नामांकन उपायुक्त ने अपने हाथों से की, जिससे क्षेत्र के अन्य बच्चों को भी आंगनबाड़ी सेवाओं से जोड़ने का सकारात्मक संदेश गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने ललिता कुमारी के साथ मिलकर अवसाने -3 नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने केंद्र में उपस्थित बच्चों के बीच स्लेट, कॉपी, पेंसिल, शार्पनर एवं इरेज़र सेट के साथ-साथ फलों का वितरण किया तथा बच्चों से संवाद भी किया।

# 11 हजार वोल्ट करंट की चपेट में आने से टेंट कर्मी की मौत

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर थाना क्षेत्र के रेडमा श्रीराम पथ में शुक्रवार को एक हादसे में शादी समारोह की सजावट कर रहे टेंट कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी तरुण कुमार दास (पिता- स्वपन दास) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, तरुण कुमार दास स्थानीय ठेकेदार छोटू जायसवाल के यहां टेंट एवं फूल सजावट का कार्य करता था। वह रेडमा श्रीराम पथ स्थित एक शादी समारोह में सजावट और टेंट लगाने का काम कर रहा था। इसी दौरान गेट लगाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे लोहे के पाइप का संपर्क ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार से हो गया। करंट लगते ही तरुण गंभीर रूप से झुलसकर नीचे गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तत्काल इलाज के लिए मेदिनीनगर के एमएमसीएच पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# तालाब में मिला स्कूली छात्रा का शव, परिजनों को हत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के सुखबाना गांव से लापता हुई स्कूली छात्रा का पास के तालाब से शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के सुखबाना गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब गांववालों को तालाब में एक 13 वर्षीय किशोरी की लाश मिली, जिसके गले में दुपट्टा कसकर लिपटा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि किशोरी की गला घोंटकर हत्या करने के बाद शव को तालाब में फेंक दिया गया। मृत किशोरी की पहचान मेराल थाना क्षेत्र के दलेली गांव निवासी खुशबू कुमारी (13 वर्ष) के रूप में हुई है। उसके पिता बजरंगी साह गढ़वा शहर में मजदूरी करते हैं और सुखबाना गांव में किराये के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। खुशबू गढ़वा शहर स्थित शालीग्राम अग्रवाल मध्य विद्यालय की छात्रा थी। मृत के पिता ने बताया कि गुरुवार को करीब साढ़े 11 बजे खुशबू विद्यालय से घर लौटी थी। उसने अपना बैग घर में रखा और उसके बाद कहीं चली गई। उस समय घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं था। बाद में जब परिवार वाले घर पहुंचे तो बैग देखकर पता चला कि वह विद्यालय से वापस आई थी, लेकिन घर में नहीं थी। शाम तक उसके नहीं लौटने पर खोजबीन शुरू की गई। परिवार वालों ने उसे बहुत ढूंढा, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इससे परिवार के लोग काफी परेशान थे। शनिवार की सुबह गांव के कुछ लोगों ने तालाब में एक शव को पानी में तैरते हुए देखा। सूचना फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इसी दौरान खुशबू के परिवार वाले भी वहां पहुंचे और शव की पहचान की।

घटना की सूचना मिलने पर गढ़वा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस पूरे मामले की विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर मामला हत्या का माना जा रहा है। आखिर विद्यालय से लौटने के बाद खुशबू कहां गई और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई, यह अब पुलिस के लिए जांच का विषय बन गया है।

# गर्मी से बचने के लिए बगीचा बना काल, लोगों पर वज्रपात का कहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पलामू।** जिला में हुसैनाबाद के एकौनी गांव में स्कूल के समीप बगीचा में गर्मी से बचने के लिए बैठे लोगों पर आसमानी बिजली गिरी। जिससे एक 13 वर्षीय किशोर आयुष कुमार की मौत हो गई जबकि 22 वर्षीय प्रशांत कुमार गंभीर रूप से घायल हैं। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। वहीं अन्य चार घायलों 27 वर्षीय पवन कुमार, 22 वर्षीय पंकज कुमार, 18 वर्षीय प्रिंस कुमार व 16 वर्षीय सौरभ कुमार का अनुमंडलीय अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। इस घटना को लेकर गांव में कोहराम मचा है, चारों ओर लोग मर्माहत हैं। स्थानीय गुड्डू कुमार ने बताया कि बिजली नहीं रहने की वजह यह सभी लोग ठंडी हवा के लिए बगीचे में गए थे। वहीं सभी जमा होकर बातचीत कर रहे थे। इसी बीच वज्रपात हुआ और बगीचे में सभी लोगों के अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना से गांव में मातम छा गया। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि प्रशांत कुमार को छोड़ अन्य कि स्थिति खतरे से बाहर है, सभी का उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलने पर हुसैनाबाद थाना पुलिस अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी प्राप्त की। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया जाएगा।

# धनबाद में हेलमेट बूथः पुलिस की अनोखी पहल, सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित गोल बिल्डिंग के समीप शनिवार को हेलमेट की आकृति वाले अत्याधुनिक ट्रैफिक पुलिस बूथ का उद्घाटन एसएसपी प्रभात कुमार ने किया। इस अवसर पर सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस। मोहम्मद याकूब, ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव, डीएसपी विधि-व्यवस्था प्रकाश सोय, डीएसपी सीसीआर प्रदीप कुमार साव सहित विभिन्न थाना प्रभारी, पुलिस पदाधिकारी, जवान एवं रैपिडो के क्षेत्रीय अधिकारी मौजूद रहे। रैपिडो ट्रांसपोर्टेशन के सहयोग से निर्मित यह ट्रैफिक बूथ अपनी अनूठी डिजाइन और आधुनिक सुविधाओं के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हेलमेट के आकार में तैयार यह पोस्ट धनबाद पुलिस के अनुसार उत्तर-पूर्व भारत का अपनी तरह का पहला आधुनिक ट्रैफिक पुलिस बूथ है।

बूथ को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह हर मौसम में पुलिसकर्मियों के लिए आरामदायक कार्यस्थल उपलब्ध कराए। पूरी संरचना इंसुलेटेड होने के कारण इसमें भीषण गर्मी और कड़ाके की ठंड में भी अंदर का तापमान संतुलित बना रहता है। फायर-प्रूफ सामग्री से निर्मित इस बूथ में अनब्रेकेबल ग्लास लगाया गया है तथा एक साथ चार पुलिसकर्मियों के बैठकर कार्य करने की व्यवस्था की गई है।

एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि हेलमेट के आकार का यह बूथ केवल एक ट्रैफिक पोस्ट नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा का प्रतीक है। इसका उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना है कि दोपहिया वाहन चलाते समय चालक ही नहीं, बल्कि पीछे बैठने वाला व्यक्ति भी हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इआरओ एवं एइआरओ को दिया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु सभी विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ एवं एईआरओ को ऑनलाइन माध्यम से पीपीटी के द्वारा प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के क्रम में विशेष गहन पुनरीक्षण के विभिन्न चरणों में किए जाने वाले कार्यों का बिंदुवार जानकारी देते हुए पदाधिकारियों के प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान किया। प्रशिक्षण के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में ईआरओ एवं एईआरओ की भूमिका अहम है। बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा एसआईआर के क्रम में किए




जा रहे कार्यों को सत्यापित करने की पूरी जवाबदेही ईआरओ एवं एईआरओ की होती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर में ईआरओ एवं एईआरओ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप ही कार्य सुनिश्चित करेंगें। के. रवि कुमार ने कहा कि इन्यूमरेशन फॉर्म भरते समय किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं लिए जाने है साथ ही आंशिक रूप से भरे हुए इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर जमा करने है इस हेतु सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर की ट्रेनिंग ससमय पूरी कर लें। बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर की ट्रेनिंग केवल ईआरओ एवं एईआरओ द्वारा ही दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बीएलओ एवं बीएलए 2 की बैठक भी ससमय कराएं एवं इससे सम्बंधित फोटोज को भी बीएलओ ऐप पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, राज्य ट्रेनिंग नोडल पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ एवं एईआरओ उपस्थित थे।

# झारखंड के दलमा में ढूंढा जा रहा बाघ, लगे 250 से अधिक कैमरा ट्रैप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पूरे देश में हाथी के लिए चर्चित झारखंड के दलमा में इन दिनों बाघ ढूंढा जा रहा है। टाइगर एस्टीमेशन की प्रक्रिया के तहत दलमा के इलाके में बाघ के मौजूद होने के सबूत खोजे जा रहे हैं। दरअसल, पूरे देश में टाइगर एस्टीमेशन की प्रक्रिया चल रही है। झारखंड में चौथे एवं अंतिम चरण की टाइगर एस्टीमेशन की प्रक्रिया चल रही है। इसी कड़ी में दलमा के इलाके में कैमरा ट्रैप लगाया गया है। दलमा के इलाके में पहले से 50 कैमरा ट्रैप लगे हुए थे जबकि पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन के तरफ से 200 अतिरिक्त कैमरा लगाया गया है। टाइगर एस्टीमेशन के लिए पलामू टाइगर रिजर्व पूरे झारखंड में नोडल है। कैमरा ट्रैप के माध्यम से दलमा




के इलाके में मौजूद वन्य जीव की जानकारी निकलकर सामने आ रही है। कैमरा ट्रैप का पूरा डाटा पलामू टाइगर रिजर्व के पास पहुंचेगा और इसे वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट देहरादून को भेजा जाएगा।

दलमा का इलाका हाथी के लिए चर्चित है लेकिन कई मौकों पर बाघ, तेंदुए एवं अन्य तरह के वन्य जीव के मौजूद होने की जानकारी सामने आई है। बाघों की गिनती के लिए पूरे झारखंड के विभिन्न इलाकों में कैमरा ट्रैप लगाया गया था। दलमा के इलाके में अंतिम चरण में कैमरा ट्रैप लगाया गया।

पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि दलमा के कई इलाके में कैमरा ट्रैप लगाया गया है। दलमा में बाघों के मौजूद होने की जानकारी इकट्ठा की जा रही है। उपनिदेशक ने बताया कि एस्टीमेशन के दौरान कई तरह की जानकारी निकलकर सामने आई है। बता दें कि 15 दिसंबर 2025 से झारखंड में बाघों की गिनती की प्रक्रिया शुरू की गई है। चार चरणों में बाघों की गिनती की प्रक्रिया को पूरा करना है और इससे संबंधित रिपोर्ट 2027 में जारी होगी। झारखंड में पांच अलग-अलग रिजर्व एरिया में बाघों की गिनती हो रही है जबकि पूरे राज्य में 31 अलग-अलग वन क्षेत्र में भी गिनती हो रही है।

# आशा चयन में धांधली तो आंगनबाड़ी में रिश्वतखोरी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड बीससूत्री की बैठक अध्यक्ष दीपक पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में हुई। बतौर सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद जफर इमाम ने बैठक का संचालन किया। अंचल अधिकारी शैलेंद्र कुमार यादव समेत कई विभागों के अधिकारी के साथ बीस सूत्री के उपाध्यक्ष श्याम कुमार पाठक, सदस्य रंजन वर्मा, अवधेश पासवान, रंजीत शर्मा, रंजीत कुशवाहा, राकेश पांडेय, डॉक्टर दिनेश वर्मा, यमुना सिंह, सीमन कुमारी, संजय शर्मा, प्रशांत तांती, शशि कुमार उपस्थित रहे। सदस्यों ने मामला उठाया कि आशा बहाली में अनियमितता बड़े पैमाने पर की जा रही है। बहाल आशा को डेढ़ साल से नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया है। कोशिश यह की जा रही है कि दूसरे स्थान पर आने वाले महिला को बतौर आशा कार्यकर्ता नियुक्त





कर दिया जाए। बाल विकास परियोजना से संबंधित मामलों पर सदस्यों ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण की जरूरत है। कई जगह अनियमितता बरती जा रही है। सेविका बताती है कि उन्हें पोषाहार कम आपूर्ति होती है। अध्यक्ष दीपक पटेल ने एक खबर के हवाले बताया कि सीडीपीओ को 5000 प्रति आंगनबाड़ी केंद्र रिश्वत मिलता है। खाद की कालाबाजारी व आपूर्ति, बिजली विभाग, पुलिस, पशुपालन विभाग, पीएचईडी से संबंधित कई सवाल सदस्यों ने उठाया। यह भी कहा गया कि बीस सूत्री की बैठक में जो निर्णय लिया जाता है, उस पर अधिकारी अमन नहीं करते। कई अधिकारी बैठक में आते नहीं है, उनके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। कहा गया कि माननीय शब्द पत्र में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन माननीय को महत्व नहीं दिया जाता। अधिकारी मनमानी करते हैं। बैठक में सदस्यों की तरफ से यह भी कहा गया कि जो अधिकारी नहीं आ रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। बैठक के कार्यवाही सभी सदस्यों को ससमय उपलब्ध कराया जाना चाहिए। सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद जफर इमाम ने कहा कि बैठक के तत्काल बाद कार्यवाही पंजी की प्रति सभी सदस्यों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। अंचल अधिकारी शैलेन्द्र यादव ने भूमि विवादों को लेकर सदस्यों द्वारा उठाये गए सवालों पर जवाब दिया।

# बेसहारों का सहारा बना ज्ञान ज्योति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुरानाशहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में शुक्रवार को संस्था के निदेशक सह सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डा.चंचल कुमार ने दिव्यांगों का सहारा बनकर उन्हें पोशाक वितरण किया। जानकारी देते हुए निदेशक डा.चंचल कुमार ने कहा कि ये ऐसे इन्सान हैं जो चलने में असमर्थ होने के साथ- साथ कुछ कर नही सकते। इन्हें देखने वाला सिर्फ ऊपर वाला है। ये अपने जीवन के हर खुशी को मारकर घर के कोने में बैठे रहते हैं। संस्था इनके प्रति जागरूक होकर इन्हें समय- समय पर मदद के लिए खड़ा रहेगी। इनके हर दुःख-सुख में शामिल होकर इनके हौसले को बढायेगी। निदेशक ने सभी लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि ये भी समाज के सदस्य हैं। हर व्यक्ति को चाहिए कि वे अपने घर के इर्द-गिर्द लोगों को चिन्हित कर मदद करें।



समाज को आगे बढ़ने में इनका भी कही न कही योगदान होगा। निदेशक का यह पहल लाचारों के लिए कारगर साबित होगा। पोशाक पुरानाशहर, वार्ड नंबर-08 के निवासी पिंटू आलम को दिया गया, जिनके पिता बचपन में ही दुनिया से चल बसे थे। निदेशक ने पिंटू आलम को समय समय पर आर्थिक सहयोग भी प्रदान करते हैं। इसी वार्ड के खुर्शीद आलम एवं वार्ड नंबर-09 के निवासी सद्दाम हुसैन तथा मंजूर आलम को पोशाक वितरित किया गया। इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर मुहल्लें के लोग निदेशक डा.चंचल कुमार को प्रशंसा कर रहे हैं। मौके पर नेयाज आलम, रजनीश कुमार, विनोद कुमार, राजा कुमार, दीपक कुमार, सोनू कुमार एवं उत्तम कुमार उपस्थित रहे।

# किसानों को आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों की दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 के तहत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय खरीफ प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देना तथा उन्हें कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु, सहायक निदेशक मिट्टी जांच प्रयोगशाला दीपक कुमार सिन्हा, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, कृषि वैज्ञानिक पंकज कुमार, अनूप चौबे तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी दीपक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत बीजों के उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल संरक्षण तकनीकों तथा जैविक खेती के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर किसानों के बीच कृषि उपादानों का वितरण किया गया तथा उन्हें खरीफ फसलों की बेहतर पैदावार के लिए वैज्ञानिक सलाह दी गई। कार्यक्रम में पूर्व आत्मा अध्यक्ष बृजेश्वर मेहता, नोडल पदाधिकारी परशुराम कुमार, योगेंद्र कुमार, संजीत राम, संजीव कुमार, किसान सलाहकार आकाश कुमार, रंजीत पांडेय सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कृषि विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

## गरजे आनंद मोहन

# इनकाउंटर और बुलडोजर संस्कृति का किया विरोध

### 'थैली संस्कृति' पर साधा निशाना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर गया पहुंचे पूर्व सांसद आनंद मोहन ने बिहार में हो रहे पुलिस एनकाउंटर को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जगह पर हथियार लहराना गलत है, लेकिन किसी भी पुलिस अधिकारी को एनकाउंटर करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी आरोपी के दोषी या निर्दोष होने का फैसला अदालत करेगी, पुलिस नहीं।

गया जिले के मानपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए आनंद मोहन ने कहा कि लोकतंत्र किसी भी युवक को खुलेआम रिवॉल्वर लहराने की अनुमति नहीं देता। उन्होंने कहा कि जो लोग हथियार लेकर घूम रहे थे, वे निहत्थे नहीं थे, लेकिन इसके बावजूद वे एनकाउंटर और बुलडोजर संस्कृति के विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम अपराधी को गिरफ्तार कर अदालत के सामने पेश करना है, न कि मौके पर ही फैसला सुनाना।

आनंद मोहन ने कहा कि अगर पुलिस ही मौके पर फैसला करने लगे तो फिर अदालत और न्यायपालिका की जरूरत ही क्या रह जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कानून का राज होना चाहिए और हर आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने का अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया आज पहले से अधिक जागरूक है, इसलिए तथ्यों के आधार पर ही चर्चा होनी चाहिए।

इनकाउंटर को लेकर चल रही जातीय बहस पर पूछे गए सवाल के जवाब में आनंद मोहन ने कहा कि कौन विरोध कर रहा है और कौन समर्थन, इससे उन्हें कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि वे सिर्फ वही बात कह रहे हैं जो उन्हें सही लगती है। उन्होंने दोहराया कि लोकतंत्र में किसी को भी हथियार लहराने का अधिकार नहीं है और न ही किसी अधिकारी को एनकाउंटर करने का। यादव और तिवारी विवाद पर टिप्पणी करने से भी उन्होंने इनकार कर दिया।

आनंद मोहन महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने गया पहुंचे थे। पटना से गया तक उनके समर्थकों ने जगह-जगह फूल-माला और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में महाराणा प्रताप के अनुयायी मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि वे महाराणा प्रताप जयंती समारोह में शामिल होने के साथ-साथ 28 जून को सीतामढ़ी में प्रस्तावित प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का निमंत्रण देने भी आए हैं। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही अपने पुराने साथियों के साथ बैठकर बिहार की मूलभूत समस्याओं पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

आनंद मोहन ने कहा कि बिहार में दो तरह की विचारधाराएं चल रही हैं। एक धारा महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने वालों की है, जो संघर्ष और अधिकारों की लड़ाई लड़ते हैं। दूसरी धारा मान सिंह के रास्ते पर चलने वालों की है, जिन्हें सुविधाएं तो मिल जाती हैं लेकिन नेतृत्व की क्षमता नहीं होती।

राजनीतिक सवालों पर उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी को उनका पूरा कार्यकाल मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीच में नेतृत्व बदलने से समाज में गलत संदेश जाता है। पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों में उनके नेतृत्व को लेकर सकारात्मक माहौल बना है, जिसे बनाए रखना जरूरी है।

आनंद मोहन ने कहा कि राजनीति में बढ़ रही थैली संस्कृति और अवसरवाद लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आज लगभग हर राजनीतिक दल गिरोह की तरह काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को सबक सिखाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए ही वे बिहार दौरे पर निकले हैं।

# नृत्य प्रस्तुति के लिए बुलाकर गैंगरेप का आरोप

### तिलक समारोह में नाच-गाने के लिए की थी बुकिंग, दस के खिलाफ प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नौबतपुर थाना क्षेत्र से दो सगी बहनों के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िताओं का आरोप है कि उन्हें तिलक समारोह में नृत्य प्रस्तुति के लिए बुलाया गया था, लेकिन कार्यक्रम स्थल पर ले जाने के बजाय कुछ युवकों ने उन्हें बंधक बना लिया और पूरी रात उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया। पुलिस ने मामले में 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, दोनों युवतियां मूल रूप से झारखंड के लातेहार जिले की रहने वाली हैं। वे वर्तमान में पटना के मीठापुर इलाके में किराये के मकान में रहकर विभिन्न समारोहों में नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपना जीवनयापन करती हैं।

पीड़िताओं ने अपने आवेदन में बताया है कि 18 जून को नौबतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में आयोजित तिलक समारोह में प्रस्तुति देने के लिए

### झारखंड के लातेहार की हैं दोनों बहनें

उन्हें बुलाया गया था। कार्यक्रम की बुकिंग भेलुरा रामपुर निवासी मुन्ना कुमार ने कराई थी।

पीड़िताओं का आरोप है कि कार्यक्रम स्थल पर पहुंचाने के बजाय मुन्ना कुमार, उसका चचेरा भाई सूरज कुमार, भानु कुमार और अन्य युवकों ने उन्हें जबरन अपने कब्जे में ले लिया।

इसके बाद दोनों बहनों को अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। युवतियों का कहना है कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी रात उन्हें भय और दबाव में रखा गया।

पीड़िताओं के अनुसार, शुक्रवार सुबह आरोपी उन्हें वाहन से वापस छोड़ने के लिए निकले। इसी दौरान फुलवारीशरीफ क्षेत्र में पहुंचने पर दोनों ने मौका देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और डायल-112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों युवतियों को सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर फुलवारीशरीफ थाने पहुंची। बाद में नौबतपुर पुलिस को मामले की जानकारी दी गई, जिसके बाद दोनों पीड़िताओं को नौबतपुर थाना ले जाया गया।

नौबतपुर थानाध्यक्ष मंजीत कुमार ठाकुर ने बताया कि पीड़िताओं के आवेदन के आधार पर मुन्ना कुमार, सूरज कुमार और भानु कुमार समेत कुल 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

## शौच के लिए निकले युवक की नहर में उपलाती मिली लाश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सीवान।** जिले के लकड़ी नबीगंज थाना क्षेत्र स्थित मदारपुर गांव में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। शौच के लिए घर से निकले 20 वर्षीय युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई। कई घंटों तक तलाश के बाद उसका शव नहर में तैरता मिला। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान मदारपुर गांव निवासी असलम अली के 20 वर्षीय पुत्र आशिक अली के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, आशिक रोज की तरह सुबह घर से शौच के लिए निकला था। वह गांव के समीप मदारपुर लोहिया पुल के पास स्थित नहर की ओर गया था। सुबह करीब नौ बजे तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिवार के लोगों ने आसपास के इलाकों, खेतों और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसी दौरान नहर की ओर गए कुछ ग्रामीणों की नजर पानी में तैरते एक शव पर पड़ी। पास जाकर देखने पर शव की पहचान आशिक अली के रूप में हुई। सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। जवान बेटे का शव देखकर माता-पिता बेसुध हो गए। परिवार के अन्य सदस्यों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सूचना मिलने पर लकड़ी नबीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्म दिन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर जमशेदपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सेवा और जनकल्याण के भाव के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान पौधारोपण, केक कटिंग और रक्तदान शिविर के माध्यम से जन्मदिन मनाया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शहर के विभिन्न स्थानों पर केक काटकर कार्यक्रम के अलावे रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने राहुल गांधी के स्वस्थ, दीघार्यु और सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी लगातार लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और आम जनता के अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई नेता, कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के संकल्प के साथ किया गया।

### चार बच्चे डूबे, एक की मौत

**दरभंगा।** जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के हनुमाननगर गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। जेसीबी मशीन से खोदे गए पानी भरे गड्ढे में नहाने गए चार बच्चे डूब गए। इस हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चे का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए चार बच्चे गांव के पास जेसीबी से खोदे गए पानी भरे गड्ढे में नहाने चले गए थे। इसी दौरान बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

ग्रामीणों ने तत्काल बच्चों को बचाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद एक बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि दूसरे बच्चे की तलाश शुरू की गई। कई घंटों की खोजबीन के बाद पानी से एक बच्चे का शव बरामद किया गया।मृतक की पहचान हनुमाननगर गांव के वार्ड संख्या 11 निवासी रामचंद्र चौपाल के 10 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार के रूप में हुई है।

## तेज प्रताप ने अपने करीबी पर लगाया ब्लैकमेल का आरोप



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राजद नेता तेज प्रताप यादव व उनके पूर्व सहयोगी आकाश के बीच की रंजिश अब आर-पार की जंग में तब्दील हो चुकी है। दोनों के बीच छिड़ा यह विवाद अब थाना तक पहुंच गया है। शुक्रवार की आधी रात को तेज प्रताप यादव स्वयं पटना के सचिवालय थाना पहुंचे और आकाश यादव के खिलाफ तीन पन्नों की लिखित शिकायत दर्ज कराई। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस संबंध में सचिवालय थानाध्यक्ष ने बताया कि पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव शुक्रवार रात करीब 11:20 बजे थाने पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस को तीन पन्नों का एक शिकायती पत्र सौंपा है। तेज प्रताप का आरोप है कि उनका पूर्व सहयोगी आकाश यादव उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहा है। वह उनसे मोटी रकम की मांग कर रहा है और बात न मानने पर ब्लैकमेल कर रहा है। तेज प्रताप ने शिकायत में यह भी कहा कि आकाश उनकी राजनीतिक और सामाजिक छवि को जानबूझकर धूमिल करने की कोशिश कर रहा है। इस संबंध में उन्होंने आकाश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सचिवालय थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव की ओर से लिखित शिकायत मिली है, जिसकी रिसीविंग उन्हें दे दी गई है। उन्होंने तीन पन्नों के लिखित शिकायत में आकाश यादव, उनकी मां और बहन सहित कुल आठ लोगों को नामजद किया है। इस बात की जानकारी वरीय

### पुलिस कर रही जांच

अधिकारियों को दी गई है। फिलहाल पूरे मामले की गंभीरता से छानबीन की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही इस मामले में आगे की प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

इस विवाद में नया मोड़ गुरुवार को आया था, जब आकाश ने पटना के ही पाटलिपुत्र थाने में तेज प्रताप यादव और उनके करीबी सहयोगी मोतीलाल यादव के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। आकाश ने पुलिस में केस दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि तेज प्रताप और मोतीलाल यादव उन्हें व उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस लिखित शिकायत में लॉरेंस विश्नोई की भी चर्चा की गई थी, जिसमें कॉल करने वाले ने अपना संबंध लॉरेंस विश्नोई के संगठन से जोड़ते यह कहा था कि अगर तेज प्रताप यादव के खिलाफ शिकायत कि भगिनी का अपहरण करवा दूंगा।

# गबन के आरोप में फरार पूर्व पैक्स अध्यक्ष गिरफ्तार

### करोड़ों रुपये गबन का है आरोप



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में को-ऑपरेटिव बैंक की राशि गबन के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगरवलिया पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार राय को शनिवार को उनके पैतृक गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर की गई।

गिरफ्तारी के दौरान बिक्रमगंज एसडीएम प्रभात कुमार और अंचल अधिकारी पिंटू कुमार चौधरी दंडाधिकारी के रूप में मौजूद रहे।प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में पुलिस बल ने कार्रवाई को अंजाम दिया और आरोपी को हिरासत में लेकर थाना पहुंचाया।

एसडीएम प्रभात कुमार के अनुसार, अरविंद कुमार राय वर्ष 2009 से 2014 तक पैक्स अध्यक्ष रहे थे। इस दौरान उन पर को-ऑपरेटिव बैंक की एक करोड़ 11 लाख 87 हजार 192 रुपये की मूलधन राशि के गबन का आरोप है। न्यायालय को उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के अनुसार, मूलधन पर दो करोड़ 24 लाख 5 हजार 628 रुपये ब्याज जुड़ने के बाद कुल बकाया राशि बढ़कर 3 करोड़ 35 लाख 92 हजार 820 रुपये हो गई।

गिरफ्तार श्री राय ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए खुद को निर्दोष बताया है। उनका दावा है कि वर्ष 2013 तक ही वे सक्रिय रूप से पद पर थे और उसके बाद बैंक से कोई राशि नहीं निकाली गई।

पूर्व पैक्स अध्यक्ष का आरोप है कि बैंक कर्मियों ने आपसी मिलीभगत से उनके नाम पर फर्जी निकासी दिखाकर उन्हें कर्जदार बना दिया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है।

## युवक की रहस्मय मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** अपराधियों ने एक युवक की हत्या कर दी। घटना मसौढ़ी थाना क्षेत्र के खरजमा गांव की है। मृतक की पहचान बिंदेश्वर प्रसाद के पुत्र सतीश कुमार उर्फ फोदी (27) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों का आरोप है कि गांव के ही लोगों ने उसकी हत्या की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई।

घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि सतीश कुमार खेती करता था। वह कल लगभग दस बजे खेत पर गया था। खेत पर जाने के कई घंटों बाद जब वह वापस घर नहीं लौटा तब परिजनों ने उसको कॉल किया, लेकिन मोबाइल बंद पाया गया। लगातार कॉल किया गया लेकिन मोबाइल बंद ही रहा। अब परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका होने होने लगी। परिजन उसके बारे में उसके मित्र और जानने-पहचानने वालों से भी कॉल कर के पूछा, लेकिन सतीश के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि कल देर रात तक सतीश की तलाश की गई, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल पाया। अहले सुबह ग्रामीणों ने उसके शव को पेड़ से लटका हुआ पाया। ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, जहां सतीश की लाश एक पेड़ से लटकी पाई गई। परिजनों ने कहा कि शव देखने से पता चल रहा है कि उसको पहले करंट लगाकर उसकी हत्या की गई और फिर उसे पेड़ से लटका दिया गया। परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या कर आत्महत्या की शक्ल देने की कोशिश की गई है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि युवक शव मिलने की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा मिली। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

### हीट बेव के साथ बारिश की संभावना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में मौसम का दोहरा मिजाज देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां राज्य के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है, वहीं दूसरी तरफ मानसून को लेकर राहत भरी खबर आई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हो चुकी हैं और 23 जून के आसपास मानसून बिहार के कुछ और हिस्सों में दस्तक दे देगा।मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा फिलहाल बिहार के जमुई और मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है। अनुमान है कि 23 जून तक मानसून राज्य के अन्य हिस्सों में अपनी पहुंच का विस्तार कर लेगा, जिससे तपती गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले 24 घंटों के दौरान बिहार के मधुबनी जिले के राजनगर में 8 सेमी की महत्वपूर्ण बारिश भी दर्ज की गई है। राहत की खबरों के बीच मौसम विभाग ने सचेत किया है कि बिहार के कुछ इलाकों में 20 और 21 जून को लू की स्थिति बनी रहेगी।

## फिरौती के लिए अपहृत दो भाई सकुशल मुक्त

### पुलिस ने दिखाई तत्परता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया।** नगर के द्वार देवी चौक स्थित एक कपड़े के दुकान के समीप से पांच लाख रुपये फिरौती के लिए दो चचेरे भाइयों के अपहरण का पुलिस ने महज चार घंटे में पदार्फाश कर दिया है।पुलिस ने दोनों अपहृतों को सकुशल बरामद कर चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। अपहृतों को पुलिस मनुआपुल इलाके से अपने संरक्षण ली।

पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने बताया कि मनुआपुल थाना क्षेत्र की छावनी निवासी सिद्धार्थ प्रियदर्शी, मोनू कुमार, चंदन कुमार व बिट्टू राज को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से अपहृत के एक बाइक, अपहरण में प्रयुक्त दो बाइक, छह मोबाइल फोन जब्त किया गया है। एसपी ने बताया कि 18 जून को बाइक सवार चार-पांच अपराधियों ने नगर के द्वार देवी चौक के एक कपड़े की दुकान के समीप से दो चचेरे भाई श्रीनगर थाना क्षेत्र के पूजहा पटजिरवा निवासी मौजीलाल यादव के पुत्र अर्जुन कुमार व विनोद यादव के पुत्र नीतेश कुमार का अपहरण कर लिया था।अपहरण के बाद अपराधी दोनों के स्वजनों से पांच लाख रुपये फिरौती की मांग कर रहे थे। इस मामले में मौजी लाल यादव के एक पुत्र मंटू कुमार ने पुलिस को अपने भाइयों की अपहरण की सूचना दिया। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मंटू कुमार के बयान पर प्राथमिक दर्ज की। एक साथ दो युवकों के अपहरण की सूचना पर पुलिस महकमे में खलबली मच गई। अपहृतों की सकुशल बरामदगी और अपहर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने सदर वन एसडीपीओ अजीत कुमार के नेतृत्व में नगर थाना, मनुआपुल थाना व जिला आसूचना इकाई की पुलिस की एक विशेष टीम गठित किया।टीम मैन्युअल व तकनीकी अनुसंधान कर दोनों अपहृतों को अपहरण के महज चार घंटे मनुआपुल इलाके से सकुशल बरामद कर ली।

# दुकान बंद कर लौट रहे कारोबारी को मारी गोली

### बदमाशों ने लूटी सोने की चेन, लॉकेट और अंगूठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के हसन बाजार थाना अंतर्गत आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर अरईयाडीह मोड़ के समीप शुक्रवार की देर रात अपराधियों ने एक व्यवसायी को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश उनके गले से सोने की चेन, लॉकेट और अंगूठी लूटकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, हसन बाजार क्षेत्र के सहेजनी गांव निवासी 32 वर्षीय मुन्ना साह, पिता राम गोविंद साह, हसन बाजार में अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार तीन अपराधियों ने अरईयाडीह मोड़ के समीप उन्हें रोक लिया और लूटपाट का प्रयास किया। विरोध करने पर अपराधियों ने गोली चला दी।

गोली मुन्ना साह की बायीं जांघ में लगी है जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद बदमाश उनके गले से चैन और अंगूठी छीनकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हसन बाजार थानाध्यक्ष विकास कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल व्यवसायी को तत्काल पीरो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ अन्य तकनीकी साक्ष्य भी जुटा रही है।

### थानाध्यक्ष निलंबित

**बेगूसराय।** चकिया थाना क्षेत्र में बीते 11 जून की रात महिला से सामूहिक दुष्कर्म व 18 जून को पीड़िता के गुप्तांग से गोली, कंकड़ व लकड़ी का टुकड़ा निकाले जाने के बाद मामले ने तूल ले लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बेगूसराय क्षेत्र के डीआईजी शैलेश कुमार सिन्हा, एसपी मनीष दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंच जांच पड़ताल की। सदर अस्पताल पहुंच कर पीड़िता के स्वजनों से घटना से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने सीएस व महिला के इलाज कर रहे चिकित्सकों से भी संबंधी जानकारी ली है। मामले की जांच व कार्रवाई में लापरवाही पाए जाने पर चकिया थानाध्यक्ष राजीव रंजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। एसपी मनीष ने बताया कि 11 जून की रात हुए सामूहिक दुष्कर्म के बाद महिला अपना इलाज कराने चली गई थी। 13 जून को महिला ने चकिया थाना पहुंच कर घटना की जानकारी देते हुए सिमरिया बिंदटोली निवासी भासो महतो के पुत्र रामू महतो, बिजली महतो के पुत्र सूरज महतो व स्व.कारू महतो के पुत्र नीतीश महतो को नामजद आरोपित बनाते हुए दो अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी अंकित कराई गई।

## मंत्री ने अपराधियों को चेताया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाईगर ने कहा कि राज्य में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के लिए अब कोई स्थान नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे लोग या तो बिहार छोड़ दें या कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचारी यदि चूहे के बिल में भी अवैध धन छिपा दें, तब भी सरकार उसे खोज निकालेगी। उन्होंने दावा किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की कार्रवाई लगातार और सख्ती से जारी रहेगी। शनिवार को बिहारशरीफ में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित करते हुए संजय सिंह टाईगर ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप ने किया। सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष बलराम मंडल और प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभा स्थल पर मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को दशार्ती चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका नेताओं और उपस्थित लोगों ने अवलोकन किया।

कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, व्यवसायियों और विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन सतीश कुमार ने किया। इस अवसर पर कई भाजपा पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# सरकार और प्रशासन को धमकी देने वाला वीडियो वायरल, हड़कम्प

- प्रशासन के हाथ-पांव फूले, छापेमारी जारी
- पुलिस को काउंटर की दी जा रही धमकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में कुख्यात बदमाश सर्वेश कुमार चौधरी का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद हड़कंप मच गया है।

वीडियो में सर्वेश बिहार पुलिस और मुख्यमंत्री को खुली चुनौती देते हुए उत्तर प्रदेश के बिकरू कांड जैसी घटना को अंजाम देने की धमकी दे रहा है। प्रसारित वीडियो में सर्वेश चौधरी सीएम सम्राट चौधरी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा है।

प्रसारित वीडियो में सर्वेश कह रहा है कि मैं सर्वेश कुमार चौधरी, सम्राट चौधरी से कह रहा हूं। मेरा एक केस में बेल टूट गया था। 19 जून 2026 को हाजीपुर न्यायालय में बेल करवाने गया था, मुझे 100 रुपये के लिए रिकॉल नहीं दिया गया।

तुम अपने प्रशासन से कह दो, बिना पता किए अगर मेरे घर पर आया तो मैं विकास दुबे जैसा ढेर नहीं कर दिया तो मेरा नाम सर्वेश चौधरी नहीं। मुख्यमंत्री, मेरे जैसा शौकीन बिहार में कोई नहीं जन्मा।

12 साल से शराबबंदी सफल नहीं हुई, सरकार 12 घंटा का टाइम दे तो हम शराब बंद करवा देंगे। बेलसर और वैशाली पुलिस बिना रिकॉल पता किए अगर मेरे दरवाजे पर आई तो मैं काउंटर करूंगा।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सर्वेश चौधरी के खिलाफ लूट, हत्या, आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। वह पहले भी पुलिस टीम पर फायरिंग की घटना में शामिल रहा है।

वीडियो सामने आते ही वैशाली एसपी विक्रम सिहाग के निर्देश पर बेलसर थाना पुलिस और अन्य टीमें आरोपी के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।

पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में सदर 2 एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो की जानकारी मिली है, उसका अपराधिक इतिहास है, पूरे मामले की जांच पड़ताल कर उसके विरुद्ध प्राथमिकी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

किसानों की जरूरतों के अनुरूप बनेगी कार्ययोजना, सिंचाई योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश

# समय पूर्व बीज वितरण की व्यवस्था की जाए : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं कृषि विभाग के प्रधान सचिव द्वारा आज जलछाजन विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की प्रगति एवं क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में योजना के प्रभावी कार्यान्वयन, उपलब्ध राशि के समयबद्ध उपयोग तथा किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की आवश्यकताओं एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप कार्ययोजनाएं तैयार की जाए तथा सिंचाई एवं जल संरक्षण से संबंधित योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने विकास आयुक्त, बिहार की अध्यक्षता में अन्य विभागों, विशेषकर लघु जल संसाधन एवं ग्रामीण विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर किसानों के हित से जुड़ी योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति दिलाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा जलछाजन विकास के माध्यम से कृषि उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बीज वितरण से संबंधित सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाएं ताकि किसानों को बुआई के मौसम में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और फसलों की समय पर बुआई सुनिश्चित हो सके। बैठक में निदेशक, भूमि संरक्षण-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार जलछाजन विकास समिति द्वारा योजना की प्रगति की जानकारी दी गई। बताया गया कि जलछाजन विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक स्वीकृत थी जिसे भारत सरकार द्वारा सितंबर 2026 तक विस्तारित किया गया है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा 19.85 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है। अधिकारियों ने अवगत कराया कि उक्त राशि के उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना को स्टेट लेवल सैंक्शनिंग कमेटी से स्वीकृति प्राप्त होना आवश्यक है। इस संबंध में 7 मई 2026 को विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी, किंतु स्वीकृति संबंधी निर्णय अभी लंबित है। स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यों का निष्पादन एवं राशि का व्यय संभव हो सकेगा। बैठक में यह भी बताया गया कि भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि के शीघ्र उपयोग पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि योजना की राष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय प्रगति प्रभावित न हो।

# बीपीएससी 70वीं परीक्षा में सफल 2,027 अभ्यर्थियों को विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में अंतिम रूप से सफल हुए सभी 2,027 अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्रद्धा पांडे को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विशेष रूप से बधाई दी। शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस वर्ष परीक्षा परिणाम में बेटियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन नए और प्रगतिशील बिहार की सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि टॉप-100 में 45 तथा टॉप-10 में 5 महिला अभ्यर्थियों का स्थान प्राप्त करना महिला सशक्तीकरण और शिक्षा के क्षेत्र में राज्य की बढ़ती उपलब्धियों का प्रमाण है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सफल अभ्यर्थी अब बिहार के प्रशासनिक तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवचयनित अधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा राज्य के विकास, सुशासन और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सफल अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सफल सेवाकाल की कामना करते हुए कहा कि युवाओं की यह सफलता बिहार के लिए गौरव का विषय है और इससे अन्य प्रतियोगी छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# नीट परीक्षा पेपर लीक और सीबीएसई अनियमितता पर जिलों में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के निर्देश पर बिहार के सभी जिला मुख्यालयों पर नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक और सीबीएसई परीक्षा अनिमियतता के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन किया गया। इस बाबत प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक और सीबीएसई परीक्षा में अनियमितता के खिलाफ लगातार छात्रों के भविष्य के लिए आंदोलनरत है। पिछले दिनों पटना में भी प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में राजधानी पटना में व्यापक प्रदर्शन किया गया था। अब जिलों में यह कार्यक्रम लगातार दो दिनों से चल रहा है। अधिकांश जिलों में छात्रों के भविष्य के लिए कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया है। हम छात्रों के लिए लगातार सड़क पर वर्तमान केंद्रीय एनडीए सरकार की कुव्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारे नेता राहुल गांधी लगातार नीट और सीबीएसई छात्रों के हक लिए लड़ रहे हैं जबकि वर्तमान शासन सत्ता पूरी तरीके से छात्रों के हित के खिलाफ काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी लगातार छात्रों के हित के लिए संघर्षशील है।

# कल्याणकारी योजनाओं से कमजोर वर्गों में जगी आशा की किरण : डॉ प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी

## कमजोर वर्गों की एकता और सशक्तीकरण पर जोर, 22 जून के सम्मेलन की तैयारियां तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** आगामी 22 जून 2026 को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में सुबह 10 बजे से होने वाले अभिनंदन सह आभार समारोह एवं अति पिछड़ा सम्मेलन किया जायेगा। इसमें अति पिछड़ा के नवनिर्वाचित सभी विधान परिषद सदस्यों का अभिनंदन किया जाएगा। वहीं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा। शनिवार को होटल रेड वेल्वेट में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अति पिछड़ा सम्मेलन, अभिनंदन सह आभार समारोह के आयोजक बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि अति पिछड़ा समाज संख्या में मजबूत है, पर जब समाज संगठित होकर एक मंच पर आएगा तभी उसकी आवाज और प्रभावी बनेगी। पिछले 12 साल की मोदी सरकार में अति पिछड़ा समाज के कई अहम काम हुए हैं। इससे यह बड़ी आबादी एनडीए की ओर आकर्षित हुई है, लेकिन इस आबादी को लोग यदा कदा गुमराह करने की कोशिश में जुटे रहते हैं। यह सम्मेलन इसी को लेकर उनमें जागरूकता के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर समाज का मान बढ़ाया। इसके अलावा ओबीसी कमिशन को संवैधानिक दर्जा देकर इस समाज को सशक्त करने का काम किया। बाबा साहब अंबेडकर के पांच पवित्र स्थल को पंचतीर्थ में विकसित किया। उन्होंने कहा कि बिहार से भाजपा के अति पिछड़ा समाज के 5 सांसद जिनमें दो लोक सभा और तीन राज्य सभा के सदस्य हैं। वहीं बिहार कैबिनेट में ओबीसी से 4 मंत्री वहीं केन्द्रीय मंत्रिमंडल में देश से 28 ओबीसी मंत्री शामिल हैं। अभी हाल में बिहार में 2 नए एमएलसी भी बनाए गए हैं। अब बिहार में भाजपा के अति पिछड़ा समाज के कुल 5 विधान परिषद सदस्य हो गए हैं। इसके अलावा इस अति पिछड़ा समाज के जीवन में सरकार की मुफ्त राशन योजना, आयुष्मान कार्ड, घर-घर नल, बिजली, सड़क हॉस्पिटल आदि की सुविधा से क्रांतिकारी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के प्रयासों की इस कमजोर वर्गों में आशा की किरण जगी है और समाज में उत्साह पैदा हुआ है। 22 जून के सम्मेलन में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा और नवनिर्वाचित अति पिछड़ा समाज के विधान परिषद सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी तथा केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन अति पिछड़ा समाज की एकजुटता, सामाजिक चेतना और भविष्य की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा तथा समाज की आकांक्षाओं, समस्याओं और सुझावों को एक मजबूत मंच मिलेगा।

# राजगीर मॉब लिंचिंग कांड की जांच के लिए राजेश राम ने गठित की जांच समिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने नालंदा जिला के राजगीर थाना क्षेत्र में हुई मॉब लिंचिंग की घटना की जांच हेतु एक समिति का गठन किया है। गठित जांच समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं–मिन्नत रहमानी, अमर आजाद, नवल किशोर, रीता सिंह, एडवोकेट जूही प्रीतम, रंजीत वाल्मीकि, हीरा सिंह बग्गा, सामंत प्रधान, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जांच समिति के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को निर्देश दिया है कि वे घटनास्थल पर जाकर मामले की स्थलीय जांच करें तथा पीड़ित परिवारों से मिलकर वस्तुस्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जांच समिति अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को प्रस्तुत करेगी, ताकि घटना के सभी पहलुओं की जानकारी प्राप्त कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तथा दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

### राजेश राम आज भरत तिवारी के पीड़ित परिवार से मिलेंगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम रविवार को भोजपुर जिले के शाहपुर निवासी भरत तिवारी के परिजनों से मुलाकात करेंगे। भरत तिवारी की पुलिस द्वारा कथित जबरन एनकाउंटर में मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने घटना की जांच के लिए पार्टी की एक जांच समिति का भी गठन किया है।

# भोजपुर मुठभेड़ मामले में न्यायिक जांच का निर्णय सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलौटी गांव में 17 जून 2026 को हुई पुलिस मुठभेड़ की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच के लिए सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा न्यायिक जांच कराए जाने के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्णय का स्वागत किया है। श्री सरावगी ने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार कानून के शासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय के सिद्धांतों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी संवेदनशील घटना में सत्य की स्थापना और जनता के विश्वास को बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी भावना के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मामले की न्यायिक जांच कराने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि इस घटना से जुड़े प्रत्येक तथ्य और परिस्थितियों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच होगी तथा किसी भी स्तर पर सत्य को छिपाने का प्रयास नहीं किया जाएगा। न्यायिक जांच के माध्यम से घटना के सभी पहलुओं का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन होगा और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष द्वारा तथ्यों के सामने आए बिना भ्रम और राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है जबकि एनडीए सरकार ने शुरुआत से ही पारदर्शिता और निष्पक्षता का परिचय दिया है। न्यायिक जांच का निर्णय इस बात का प्रमाण है कि सरकार किसी भी मामले में पूर्वाग्रह से नहीं, बल्कि कानून और संविधान की भावना के अनुरूप कार्य करती है। श्री सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में सुशासन, कानून-व्यवस्था और जनविश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का यह कदम न केवल घटना की सच्चाई सामने लाने में सहायक होगा, बल्कि आम लोगों के मन में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास को भी और मजबूत करेगा।

# विस अध्यक्ष ने दी योग दिवस की बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर कहा कि योग शरीर को मजबूत बनाता है, मन को शांत करता है और दैनिक जीवन में जागरूकता के साथ जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ाता है। यह दिन मनुष्य को मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास में योग की भूमिका के प्रति जागरूक होने का अवसर प्रदान करता है। ध्यातव्य है कि 11 दिसंबर 2014 को भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों की ओर से 21 जून को अंतर राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी।

# वैश्य समाज के एकीकरण को लेकर पटना में ऐतिहासिक बैठक, राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के कदमकुआं स्थित अप्सरा होटल में वैश्य समाज के व्यापक एकीकरण और राजनीतिक सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न वैश्य संगठनों के शीर्ष पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी कमल नोपानी ने की। कार्यक्रम में देश-विदेश के विभिन्न वैश्य संगठनों के राष्ट्रीय, राज्य एवं अंतरराष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार के पूर्व उद्योग मंत्री एवं राष्ट्रीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर महासेठ ने कहा कि वैश्य समाज के एकीकरण के लिए जो भी त्याग और संघर्ष करना पड़ेगा, वे उसके लिए तैयार हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से एक मंच पर आने का आह्वान किया। राष्ट्रीय वैश्य न्याय महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. राजकुमार आजाद ने कहा कि बड़ी आबादी होने के बावजूद वैश्य समाज अपनी राजनीतिक शक्ति के अनुरूप प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं कर सका है। उन्होंने समाज से नेतृत्व निर्माण और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। वैश्य चेतना समिति के अध्यक्ष ई. सुंदर साह ने कहा कि वैश्य समाज को अब संगठित होकर अपनी सामाजिक एवं राजनीतिक भूमिका को मजबूत करना होगा। वहीं राष्ट्रीय वैश्य न्याय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व डिप्टी कलेक्टर आदित्य शिवमशंकर गुप्ता ने कहा कि समय आ गया है जब वैश्य समाज जाति और उपजातियों की सीमाओं से ऊपर उठकर एकजुट हो तथा अपने नेतृत्व को स्वयं विकसित करे। बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. जगन्नाथ गुप्ता ने इसे बिहार के सामाजिक इतिहास की महत्वपूर्ण बैठक बताया। महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव शिव कुमार स्पंदन ने समाज को संगठित कर उसके अधिकारों और सम्मान के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में 93 वर्षीय सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. वी.के. सिन्हा, पी.के. चौधरी, सहदेव साह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि वैश्य समाज को सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से संगठित कर उसकी भागीदारी को मजबूत बनाया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसके विकास और प्रभावी प्रतिनिधित्व का आधार बनेगी।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर में 22 को काव्य संध्या का आयोजन : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** युवा भारत विकास संगठन के तत्वावधान में आगामी 22 जून 2026 को 'जन्दाहा ओपन माइक (काव्य संध्या)' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं, कवियों, साहित्य प्रेमियों एवं उभरती प्रतिभाओं को अपनी अभिव्यक्ति और रचनात्मकता प्रस्तुत करने हेतु एक सशक्त मंच प्रदान करना है। जहां हर आवाज को मिलता है अपना मंच थीम पर आधारित इस आयोजन में कविता पाठ, भाषण, गीत, कहानी एवं अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा। शिक्षाविद, समाजसेवी एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। डॉ. झा ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं के आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति को नई दिशा प्रदान करते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। युवा भारत विकास संगठन की अध्यक्षा वर्षा ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी की उम्मीद है। उन्होंने छात्र-छात्राओं, साहित्यकारों, कवियों एवं कला प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। यह आयोजन 22 जून 2026 (सोमवार) को कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर, महुआ रोड, जन्दाहा, वैशाली (बिहार) में अपराह्न 3:30 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति, युवा प्रतिभाएं एवं साहित्य प्रेमी शामिल होंगे। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# दरभंगा और जयपुर के बीच एक नई अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों के सुविधा के मद्देनजर खातीपुरा (जयपुर)-दरभंगा-खातीपुरा (जयपुर) अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस का उद्घाटन खातीपुरा जयपुर से 21 जून, 2026 को उद्घाटन स्पेशल 09711 चलाकर किया जायेगा। इस गाड़ी का नियमित परिचालन गाड़ी सं. 19725/19726 खातीपुरा-दरभंगा-खातीपुरा अमृत भारत एक्सप्रेस का खातीपुरा से 22 जून, 2026 से तथा दरभंगा से 23 जून, 2026 से किया जायेगा। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11, पेंट्रीकार का 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच होंगे। गाड़ी सं. 19726 दरभंगा-खातीपुरा(जयपुर) अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन 23 जून, 2026 से रविवार को छोड़कर सप्ताह में 06 दिन किया जायेगा। यह गाड़ी दरभंगा से 04.30 बजे प्रस्थान कर कमतौल से 04.52 बजे, जनकपुर रोड से 05.13 बजे, सीतामढ़ी से 06.05 बजे, बैरगनियां से 06.38 बजे, रक्सौल से 08.10 बजे, सिकटा से 08.30 बजे, नरकटियागंज से 10.15 बजे, बगहा से 11.10 बजे, कप्तानगंज से 13.10 बजे, गोरखपुर से 14.05 बजे, गोंडा से 16.40 बजे, बाराबंकी से 18.18 बजे, गोमतीनगर से 18.57 बजे, ऐशबाग से 19.20 बजे, उन्नाव से 21.08 बजे, कानपुर सेंट्रल से 22.05 बजे, इटावा से 23.55 बजे, दूसरे दिन टूण्डला से 02.05 बजे, ईदगाह आगरा से 03.05 बजे, भरतपुर से 04.00 बजे, मण्डावर महुवा रोड से 05.17 बजे, बांदीकुई से 07.20 बजे तथा दौसा से 07.55 बजे खुल कर 08.40 बजे खातीपुरा पहुंचेगी।

# भाजपा के 'सहयोग कार्यक्रम' में मंत्रियों ने सुनीं जनता की समस्याएं, त्वरित समाधान का दिया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित 'सहयोग कार्यक्रम' के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान का सिलसिला लगातार जारी है। कार्यक्रम के तहत प्रदेश भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और सुझाव संबंधित मंत्रियों के समक्ष रखे जिनके त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। खान एवं भूतत्व सह कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी आज 'सहयोग कार्यक्रम' के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी तरह पिछले एक सप्ताह में प्रतिदिन भाजपा द्वारा आयोजित सहयोग कार्यक्रम में मंत्रियों ने जनता की समस्याएं सुनी और उसका निराकरण किया गया। बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। दोनों मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर मामलों के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया तथा लोगों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस क्रम में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा एवं श्रम संसाधन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद भी सहयोग कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक पहल की। मंत्रियों ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस सप्ताह शिक्षा मंत्री मिथिलेश कुमार तिवारी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल तथा उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' ने भी सहयोग कार्यक्रम में नागरिकों से संवाद कर उनकी शिकायतों और मांगों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने भी इस सप्ताह सहयोग कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए।

# रिन्यूएबल एनर्जी एक्सपो में डीएससीआरडी ने किया अत्याधुनिक सोलर डिहाइड्रेशन सिस्टम का प्रदर्शन

## सोलर डिहाइड्रेशन योजना से बिहार के किसानों को मिलेगा नया बाजार : संजीव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाबार्ड समर्थित सोलर डिहाइड्रेशन योजना का क्रियान्वयन डीएससीआरडी (दीप्ती श्रीवास्तव सेंटर फॉर रूरल डेवलपमेंट) द्वारा किया जा रहा है। इस पहल के तहत किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों एवं कृषि उद्यमियों को फल एवं सब्जियों के प्रसंस्करण के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिलेगा। ज्ञान भवन में इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित दो दिवसीय रिन्यूएबल एनर्जी एक्सपो 2026 में स्टॉल संख्या 4 एवं 5 में लगे डीएससीआरडी के स्टॉल पर किसानों एवं उद्यमियों का जमावड़ा लगा। स्टॉल का मुख्य आकर्षण 500 किलोग्राम क्षमता वाले अत्याधुनिक सोलर डिहाइड्रेशन सिस्टम का प्रदर्शन रहा। डीएससीआरडी के संस्थापक संजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में इस योजना के लिए सोलर बास्केट इंजीनियरिंग, पुणे को टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में जोड़ा गया है। सोलर बास्केट के संस्थापक एवं निदेशक निखिल चोंदे ने कहा कि अत्याधुनिक सोलर डिहाइड्रेशन सिस्टम में 500 किलोग्राम क्षमता का पूर्णतः सौर ऊर्जा आधारित ड्रायर, स्लाइसर जैसी प्री-प्रोसेसिंग मशीनें तथा वजन मशीन, सीलिंग मशीन एवं बेसिक पैकेजिंग उपकरण जैसी पोस्ट-प्रोसेसिंग सुविधाएं शामिल है। यह तकनीक किसानों को सौर ऊर्जा के माध्यम से बड़े पैमाने पर फल एवं सब्जियों का संरक्षण करने में सक्षम बनाएगी। इससे फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान (पोस्ट-हार्वेस्ट लॉस) में कमी आएगी, अतिरिक्त उत्पादन के दौरान कम कीमत पर बिक्री की मजबूरी घटेगी तथा उत्पादों की शेल्फ लाइफ में वृद्धि होगी।

# समस्तीपुर मंडल संसदीय समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** समस्तीपुर मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन महेन्द्रूघाट, पटना स्थित सभाकक्ष में किया गया। बैठक में समस्तीपुर मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर द्वारा की गयी। सभी सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। आज की इस बैठक में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी, राज्य सभा के सांसद प्रो. मनोज कुमार झा, सांसद संजय कुमार झा, सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह, सांसद धर्मशिला गुप्ता एवं पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन, मधेपुरा के सांसद दिनेश चंद्र यादव, दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर, झंझारपुर के सांसद रामप्रीत मंडल, सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामैत, मधुबनी के सांसद अशोक कुमार यादव, सीतामढ़ी के सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर, वाल्मिकीनगर के सांसद सुनील कुमार, अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह, शिवहर की सांसद लवली आनंद, वैशाली की सांसद वीणा देवी एवं समस्तीपुर की सांसद शांभवी उपस्थित थीं। इनके अलावा केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह के प्रतिनिधि कृष्ण मोहन पप्पु, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के प्रतिनिधि तरूण कुमार, केन्द्रीय खान एवं कोयला राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे के प्रतिनिधि रंजीत कुमार चौबे, सांसद डॉ. संजय जायसवाल के प्रतिनिधि अखिलेश्वर सिंह, सांसद राजेश वर्मा के प्रतिनिधि विद्यानाथ झा, सांसद डॉ. फैयाज अहमद के प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव उपस्थित थे। बैठक में सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई।

# संपादकीय

## समंदर में बढ़ता खतरा, भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर क्यों उठे बड़े सवाल?

जहाजरानी महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग सात लाख 40 हजार पंजीकृत नाविक हैं, जिनमें से तीन लाख 23 हजार 479 सक्रिय हैं। विश्वभर के जहाजी दल में भारतीय चालक दल के सदस्यों की हिस्सेदारी लगभग 17 फीसद है। संकट के दौरान होर्मुज और उसके आसपास 550 से अधिक भारतीय नाविकों को ले जा रहे भारतीय ध्वज वाले 13 जहाज लगभग सौ दिनों तक फंसे रहे।यह कूटनीति का सबसे आवश्यक और असहज क्षण रहा होगा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में भारतीय समुद्री नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका तथा ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौते में नाविकों के संरक्षण के लिए प्रावधान होने चाहिए। दोनों की यह मुलाकात ऐसे समय में हुई, जब एक व्यापारिक जहाज पर अमेरिका के सैन्य हमले में भारतीय चालक दल के तीन सदस्यों की मौत को लेकर भारत में आक्रोश बढ़ रहा था।इसे लेकर भारत ने विभिन्न कूटनीतिक माध्यमों से आपत्ति जताई थी, लेकिन अमेरिका अपनी गलती मानने को तैयार नहीं था। वह यही कहता रहा कि नाविकों को हमारी चेतावनी पर गौर करना चाहिए था। ट्रंप से वार्ता से पहले प्रधानमंत्री ने जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया था। सम्मेलन में उन्होंने सीधे अमेरिका का नाम नहीं लिया, लेकिन दबाव बनाया। तभी ट्रंप को कहना पड़ा कि समुद्री नाविकों की सुरक्षा को लेकर दोनों देश मिलकर काम करेंगे।नाविकों की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री की टिप्पणी ने दुनिया भर में अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। दरअसल, होर्मुज और इसी तरह के मार्ग जब युद्धक्षेत्र बन जाते हैं, तो अर्थव्यवस्था किस कदर डगमगाती है, इसे पूरी दुनिया ने देखा। ऊर्जा की कीमतें, आपूर्ति श्रृंखलाएं, मुद्रास्फीति लक्ष्य और यहां तक कि वैश्विक कूटनीति भी प्रभावित दिखी। यही कारण है कि प्रधानमंत्री द्वारा यह मुद्दा उठाना महज औपचारिकता नहीं थी, बल्कि एक गंभीर पहल थी।पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद से भारतीय नाविकों को समुद्री असुरक्षा का बोझ उठाना पड़ा है। जहाजरानी महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग सात लाख 40 हजार पंजीकृत नाविक हैं, जिनमें से तीन लाख 23 हजार 479 सक्रिय हैं। विश्वभर के जहाजी दल में भारतीय चालक दल के सदस्यों की हिस्सेदारी लगभग 17 फीसद है। संकट के दौरान होर्मुज और उसके आसपास 550 से अधिक भारतीय नाविकों को ले जा रहे भारतीय ध्वज वाले 13 जहाज लगभग सौ दिनों तक फंसे रहे।ओमान के तट के पास भारतीय नाविकों–आदित्य शर्मा, शिवानंद चौरसिया और पटनाला सुरेश–की मौत से यह धारणा टूट गई है कि व्यापारिक जहाजरानी तटस्थ क्षेत्र है।

**अमेरिकी रक्षा विभाग का कहना है कि केवल नाम बदला है, मिशन नहीं। उसका दावा है कि कमान का कार्यक्षेत्र अब भी भारत की पश्चिमी सीमा तक फैला रहेगा और क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मुक्त और खुला क्षेत्र बनाए रखने की प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं आएगी। अमेरिका ने एक बार फिर अपने सबसे महत्वपूर्ण सामरिक सैन्य कमान का नाम बदल दिया है। आठ वर्ष पहले डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी पैसिफिक कमांड का नाम बदलकर इंडो-पैसिफिक कमांड किया था। तब यह कदम चीन के उभार के खिलाफ भारत को अमेरिकी रणनीति के केंद्र में लाने की घोषणा के रूप में देखा गया था। अब उसी कमान से इंडो शब्द हटाकर उसे फिर से पैसिफिक कमांड बना देना वैश्विक कूटनीति में नए संकेत पैदा कर रहा है। यह बदलाव ऐसे समय हुआ है जब भारत-अमेरिका संबंधों में व्यापार, रूस, पाकिस्तान और पश्चिम एशिया को लेकर तनाव दिखाई दे रहा है।**

# इंडो-पैसिफिक कमांड नाम से ट्रंप को क्या दिक्कत थी? क्या अब बदल गयी है अमेरिका की एशिया पालिसी?

**(नीरज कुमार दुबे)**

अमेरिकी रक्षा विभाग का कहना है कि केवल नाम बदला है, मिशन नहीं। उसका दावा है कि कमान का कार्यक्षेत्र अब भी भारत की पश्चिमी सीमा तक फैला रहेगा और क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मुक्त और खुला क्षेत्र बनाए रखने की प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं आएगी। लेकिन सामरिक दुनिया में नाम केवल नाम नहीं होते। वे प्राथमिकताओं, शक्ति संतुलन और भविष्य की दिशा के संकेत भी देते हैं। यही कारण है कि इस बदलाव ने नई बहस छेड़ दी है।

दरअसल, वर्ष 2018 में जब तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री जेम्स मैटिस ने इंडो-पैसिफिक अवधारणा को आगे बढ़ाया था, तब उसका सीधा संदेश यह था कि हिंद महासागर और प्रशांत महासागर अब एक साझा रणनीतिक क्षेत्र हैं। चीन की बढ़ती समुद्री ताकत, दक्षिण चीन सागर में उसका आक्रामक रवैया, बेल्ट एंड रोड परियोजना के जरिये एशिया-अफ्रीका तक उसका विस्तार और हिंद महासागर में उसकी बढ़ती मौजूदगी ने अमेरिका को नई सामरिक रचना बनाने पर मजबूर किया था। इसी सोच से क्वॉड समूह को भी नई ऊर्जा मिली, जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

अब जब इंडो शब्द हटाया गया है, तो सवाल उठ रहा है कि क्या अमेरिका अपनी प्राथमिकताएं बदल रहा है? क्या ट्रंप प्रशासन चीन के साथ सीधे टकराव के बजाय समझौते का रास्ता तलाश रहा है? क्या अमेरिका अब एशिया में अपने दायित्व कम करना चाहता है? क्या भारत अब अमेरिकी रणनीति का केंद्रीय स्तंभ नहीं रहा? यही वह प्रश्न हैं जिन पर दुनिया भर के सामरिक विशेषज्ञ चर्चा कर रहे हैं।

इस पूरे घटनाक्रम का समय भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रंप की मुलाकात से ठीक पहले सामने आया। कभी दोनों नेताओं की दोस्ती विशाल जनसभाओं और गर्मजोशी भरे आलिंगन की प्रतीक मानी जाती थी, लेकिन इस बार माहौल अलग था। व्यापारिक शुल्कों को लेकर विवाद, रूस से भारत की ऊर्जा खरीद पर अमेरिकी नाराजगी, भारतीय पेशेवरों के लिए वीजा संबंधी दिक्कतें, पाकिस्तान के साथ अमेरिका की नई नजदीकियां और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों से भारतीय नाविकों की मौत जैसे मुद्दों ने भारत और अमेरिका के रिश्तों में खटास पैदा की है।

विशेष रूप से पाकिस्तान को अमेरिकी समर्थन को लेकर भारत की चिंता बढ़ी है। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के बाद ट्रंप ने कई बार दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया। भारत ने इस दावे को सिरे से



खारिज करते हुए स्पष्ट कहा कि युद्धविराम दोनों सेनाओं के बीच सीधे संवाद से हुआ था, किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से नहीं। इसके बावजूद अमेरिका का यह रुख नई दिल्ली के लिए असहजता का कारण बना हुआ है।

हालांकि अमेरिकी प्रशासन के समर्थक यह तर्क दे रहे हैं कि इंडो पैसिफिक कमांड संबंधी बदलाव को जरूरत से ज्यादा नहीं देखना चाहिए। उनका कहना है कि अमेरिका अभी भी चीन के खिलाफ अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रहा है। अमेरिकी कमांडर सैमुअल पपारो ने चीन के विरुद्ध सैन्य प्रतिरोध मजबूत करने के लिए विशाल रक्षा बजट की मांग की है। अमेरिका और भारत के बीच रक्षा तकनीक, खुफिया साझेदारी और संयुक्त सैन्य अभ्यास भी लगातार जारी हैं। इसलिए केवल नाम बदलने से रणनीति बदल गई है, ऐसा निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी।

फिर भी यह तर्क पूरी तरह आश्वस्त नहीं करता। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में प्रतीकों की अपनी शक्ति होती है। जब अमेरिका ने इंडो शब्द जोड़ा था, तब उसने दुनिया को यह संदेश दिया था कि भारत अब एशियाई शक्ति संतुलन का अनिवार्य हिस्सा है। अब उसी शब्द को हटाना स्वाभाविक रूप से यह आभास देता है कि अमेरिका की सोच में बदलाव आया है। यही कारण है कि कई भारतीय रणनीतिक विशेषज्ञ इसे भारत के लिए चेतावनी के रूप में देख रहे हैं।

हालांकि इस पूरे विवाद के बीच एक बड़ी सच्चाई यह भी है कि दुनिया की कोई भी महाशक्ति केवल नाम बदलकर भूगोल और वास्तविकता को नहीं बदल सकती। कागजों पर सीमाएं और नाम बदले जा सकते हैं, लेकिन समुद्रों, सभ्यताओं और इतिहास की वास्तविक शक्ति को मिटाना संभव नहीं होता। अमेरिका चाहे इंडो शब्द हटा दे या कोई और देश किसी क्षेत्र को नए नाम से पुकारने लगे, इससे भारत की सामरिक स्थिति कमजोर नहीं हो जाती। हिंद महासागर आज भी भारत की प्राकृतिक सामरिक परिधि है और एशिया की शक्ति संरचना में भारत की भूमिका स्थायी वास्तविकता है। सच यही है कि भारत और हिंद का जो दायरा हजारों वर्षों की सभ्यता, व्यापार, समुद्री संपर्क और भू-राजनीतिक प्रभाव से बना है, उसे समेटना किसी भी शक्ति के लिए संभव नहीं है। नाम बदले जा सकते हैं, लेकिन भारत की केंद्रीय उपस्थिति को समाप्त नहीं किया जा सकता।

फिर भी सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि क्या इंडो शब्द हटने से भारत के हितों पर वास्तविक असर पड़ेगा? इसका उत्तर सीधा भी है और जटिल भी। तात्कालिक रूप से देखें तो भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग, सामरिक साझेदारी और आर्थिक संबंधों पर इसका कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं दिखता। भारत अब भी हिंद महासागर की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति है और चीन को संतुलित करने में उसकी भूमिका अपरिहार्य बनी हुई है। अमेरिका भी यह समझता है कि भारत के बिना एशिया में चीन को चुनौती देना संभव नहीं। इसलिए केवल नाम बदल जाने से भारत की सामरिक उपयोगिता समाप्त नहीं हो जाती।

लेकिन दीर्घकालिक दृष्टि से देखें तो यह बदलाव मानसिक और कूटनीतिक संकेत अवश्य देता है। यदि अमेरिका धीरे-धीरे इंडो-पैसिफिक अवधारणा से दूरी बनाता है, क्वॉड की सक्रियता घटती है और चीन के साथ समझौते की नीति अपनाई जाती है, तो भारत को अपनी रणनीति नए सिरे से गढ़नी होगी। इसका अर्थ यह होगा कि नई दिल्ली को आत्मनिर्भर सामरिक ढांचे, बहुध्रुवीय कूटनीति और क्षेत्रीय साझेदारियों पर अधिक जोर देना पड़ेगा।

असल में यह पूरा घटनाक्रम भारत के लिए एक बड़ा संदेश है। विश्व राजनीति में स्थायी मित्रता नहीं होती, केवल स्थायी हित होते हैं। अमेरिका अपने हितों के अनुसार रणनीति बदल सकता है। इसलिए भारत को भी भावनात्मक कूटनीति से आगे बढ़कर कठोर यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा। यह बात सही है कि इंडो शब्द हटने से भारत की शक्ति कम नहीं होती, लेकिन यह अवश्य याद दिलाता है कि वैश्विक मंच पर सम्मान केवल प्रतीकों से नहीं, बल्कि अपनी वास्तविक सामरिक और आर्थिक ताकत से मिलता है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# योगसंपदा: समग्र मानवता के लिए एकीकृत चेतना का पथ



**डॉ. कृष्ण चंद्र चौधरी**

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, मानवता बहुआयामी संकटों जैसे मानसिक तनाव, सामाजिक विघटन, पर्यावरणीय असंतुलन और आध्यात्मिक रिक्तता का सामना कर रही है। इन चुनौतियों के समाधान हेतु एक समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता है। योग, जो भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन है, बल्कि यह मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक कल्याण का भी मार्ग प्रशस्त करता है।

योग, भारतीय सांस्कृतिक और दार्शनिक परंपरा का एक अभिन्न अंग है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक विकास का समग्र मार्ग प्रशस्त करता है। प्राचीन ग्रंथों में वर्णित योग की अवधारणाएँ जैसे पतंजलि के योगसूत्र, भगवद्गीता एवं उपनिषदों में उद्धृत है, जो आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की प्राप्ति के साधन के रूप में योग की भूमिका को स्पष्ट करती हैं। आधुनिक समय में, योग ने वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और जीवनशैली सुधार के लिए एक प्रभावी साधन के रूप में मान्यता प्राप्त की है।

आज की वैश्विक मानवता तीव्र तकनीकी प्रगति के बावजूद मानसिक अवसाद, सामाजिक विघटन एवं पर्यावरणीय असंतुलन जैसे बहुआयामी संकटों से जूझ रही है। इन जटिलताओं के समाधान हेतु केवल वैज्ञानिक उपाय अपर्याप्त प्रतीत होते हैं; आवश्यकता है ऐसे समन्वित दृष्टिकोण की, जो न केवल शरीर और मन, बल्कि आत्मा एवं प्रकृति के साथ भी सामंजस्य स्थापित कर सके। योग, भारत की प्राचीन चेतना परंपरा से जन्मा एक सार्वभौमिक विज्ञान, इस चुनौती का संभावित उत्तर बनकर उभर रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मान्यता देना इस बात का प्रमाण है कि योग की प्रासंगिकता वैश्विक स्तर पर स्वीकार की गई है। विभिन्न शोधों से यह सिद्ध हुआ है कि योग मानसिक तनाव को कम करने, शारीरिक स्वास्थ्य सुधारने और सामाजिक सामंजस्य बढ़ाने में प्रभावी है।

**योग से भारतीय ज्ञान परंपरा का एकीकृत जीवन-दर्शन** – भारतीय ज्ञान परंपरा में योग एक बहुआयामी अवधारणा के रूप में प्रतिष्ठित है, जिसकी गहरी जड़ें वैदिक साहित्य, उपनिषदों, महाभारत, भगवद्गीता एवं पतंजलि के योगसूत्रों में विद्यमान हैं। यह मात्र शारीरिक व्यायाम या मानसिक ध्यान की प्रणाली न होकर, एक जीवंत दर्शन है जो व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करता है।

# दलगत भावना से ऊपर योगी का राजधर्म

**(आलोक चंद्रा)**

राजनीति में प्रतिद्वंद्विता का अपना व्याकरण होता है और कोई भी राजनेता अपने विरोधी पर आक्रमण से नहीं चूकता। ऐसा स्वाभाविक भी है क्योंकि हर दल की अपनी विचारधारा होती है, चुनावी रणनीतियां होती हैं और इसी के आधार पर जनता उनका आकलन करती है। लेकिन, जब कोई शासक दलगत सीमाओं को लांघकर समाज के समग्र हित में खड़ा होता है, तो वह राजनीति में विशिष्ट दिखाई देने लगता है। वह राजधर्म का पालन करने वाले शासक के रूप में दिखाई देने लगता है। ऐसे समय में जबकि राजनीतिक संस्कृति का क्षरण होने लगा है, जहां विरोधी दल के नेता को शत्रु मानकर बयानबाजियां की जाने लगी हैं, यहां तक कि परिवार तक को निशाने पर लिया जाने लगा है, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजधर्म का पालन करते हुए राजनीति का आदर्श प्रस्तुत करते हुए एक सामान्य राजनेता से ऊपर दिखाई देते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी को लेकर जब कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और आपत्तिजनक सामग्री फैलाई तो सीएम योगी ने न सिर्फ इसे गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया बल्कि आजमगढ़ में सभा के दौरान ऐसे लोगों को स्पष्ट संदेश भी दिया- 'बेटी के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं है। बेटी तो बेटी है। हम उन संस्कारों में पले-बढ़े हैं जहां गांव की बेटी सबकी बेटी होती है, बहन पूरे गांव की होती है।' ऐसे संकल्प मुख्यमंत्री के सांस्कारित सामाजिक बोध को दर्शाते हैं।

राजनीति में प्रतिद्वंद्विता की परिभाषा में विरोधी को कमज़ोर करना, उसके आधार क्षेत्रों की उपेक्षा करना और उसके अतीत से गड़े मुर्दे उखाड़कर वार करना आदि तरीके शामिल हैं। सोशल मीडिया में यह तरीके और भी आक्रामक हो जाते हैं जिसमें अब नेताओं के परिवार को शामिल करने की विकृति भी दिखाई देने लगी है। यह राजनीतिक संस्कृति का वह क्षरण है जिस पर समाज के हर सचेत व्यक्ति को चिंता होनी चाहिए।

# फादर्स डे पर विशेष : पितृत्व के बदलते आयाम और आधुनिक सामाजिक सरोकार



**अभिषेक दास**

**पिछले कुछ दशकों में वैश्वीकरण, शहरीकरण और महिलाओं की बढ़ती कार्यभागीदारी ने पारिवारिक भूमिकाओं को नए सिरे से परिभाषित किया है। साझा अभिभावकत्व की अवधारणा ने यह स्थापित किया है कि बच्चों के पालन–पोषण की ज़िम्मेदारी केवल माँ की नहीं, बल्कि दोनों अभिभावकों की समान भागीदारी का विषय है। आज के पिता बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, भावनात्मक विकास और दैनिक गतिविधियों में पहले की तुलना में कहीं अधिक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों और सामाजिक रुझानों से भी इस परिवर्तन की पुष्टि होती है। पिछले पाँच दशकों में बच्चों की देखभाल और पालन–पोषण में पिताओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। यही कारण है कि अनेक देशों में पितृत्व अवकाश जैसी नीतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि पिता बच्चे के शुरुआती विकास में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें।**

वैश्विक कैलेंडर पर 'फादर्स डे' यानी पितृ दिवस का आगमन महज़ एक औपचारिक उत्सव या विपणन (मार्केटिंग) का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आधुनिक पारिवारिक संरचना में पिता के योगदान, उनके मूक संघर्ष और बदलते सरोकारों पर आत्ममंथन का एक महत्त्वपूर्ण अवसर भी है। उपभोक्तावादी संस्कृति के इस दौर में, जहाँ हर रिश्ते को प्रतीकों और आयोजनों में समेटने की होड़ दिखाई देती है, वहाँ पिता जैसे गंभीर और गरिमामय अस्तित्व को समझना तथा उसके बहुआयामी स्वरूप को रेखांकित करना समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है।

लंबे समय तक भारतीय समाज सहित विश्व के अधिकांश समाजों में पिता को परिवार के संरक्षक, अनुशासनकर्ता और आर्थिक आधार के रूप में देखा जाता रहा। परिवार की सुरक्षा, स्थिरता और आवश्यकताओं की पूर्ति उनकी प्रमुख ज़िम्मेदारियाँ मानी जाती थीं। बच्चों के पालन-पोषण में उनकी भूमिका महत्त्वपूर्ण होने के बावजूद भावनात्मक अभिव्यक्ति, स्नेह और दैनिक जीवन में सक्रिय सहभागिता को अपेक्षाकृत कम महत्त्व दिया गया। परिणामस्वरूप पिता की छवि उत्तरदायित्व और अधिकार के प्रतीक के रूप में स्थापित हुई, जबकि उनके वात्सल्य, संवेदनशीलता और भावनात्मक पक्ष अक्सर सामाजिक विमर्श में पीछे रह गए।

परंपरागत पारिवारिक व्यवस्था में बच्चों की दैनिक देखभाल और भावनात्मक पोषण को मुख्यतः मातृत्व से जोड़ा गया। माँ बच्चों के लिए ममता और निकटता की प्रतीक बनीं, जबकि पिता सम्मान, अनुशासन और उत्तरदायित्व के पर्याय माने गए। किंतु आधुनिक मनोविज्ञान तथा बाल-विकास संबंधी अध्ययनों ने इस धारणा को व्यापक रूप से चुनौती दी है।

शोध बताते हैं कि बच्चों के जीवन में पिता की सक्रिय और सकारात्मक उपस्थिति उनके आत्मविश्वास, सामाजिक कौशल, भावनात्मक संतुलन और शैक्षणिक उपलब्धियों पर गहरा प्रभाव डालती है। इससे यह स्पष्ट हुआ है कि पितृत्व केवल आर्थिक दायित्वों के निर्वहन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गहरे भावनात्मक जुड़ाव, संवाद और संवेदनशील सहभागिता का भी संबंध है।

मातृत्व और पितृत्व की प्रकृति में कुछ जैविक तथा सामाजिक अंतर अवश्य हैं। मातृत्व गर्भधारण और प्रसव की प्रक्रिया से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा होता है, जबकि पितृत्व का विकास प्रायः सहभागिता, अनुभव और संबंधों के माध्यम से होता है। यही कारण है कि पिता और बच्चे का रिश्ता समय के साथ संवाद, साथ और साझा अनुभवों के आधार पर अधिक मज़बूत, आत्मीय और परिपक्व होता जाता है।

पिछले कुछ दशकों में वैश्वीकरण, शहरीकरण और महिलाओं की बढ़ती कार्यभागीदारी ने पारिवारिक भूमिकाओं को नए सिरे से परिभाषित किया है। साझा अभिभावकत्व की अवधारणा ने यह स्थापित किया है कि बच्चों के पालन-पोषण की ज़िम्मेदारी केवल माँ की नहीं, बल्कि दोनों अभिभावकों की समान भागीदारी का विषय है। आज के पिता बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, भावनात्मक विकास और दैनिक गतिविधियों में पहले की तुलना में कहीं अधिक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों और सामाजिक रुझानों से भी इस परिवर्तन की पुष्टि होती है। पिछले पाँच दशकों में बच्चों की देखभाल और पालन-पोषण में पिताओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। यही कारण है कि अनेक देशों में पितृत्व अवकाश जैसी नीतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि पिता बच्चे के शुरुआती विकास में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें।

भारत में भी यह बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। नई पीढ़ी के पिता अपने बच्चों के साथ अधिक समय बिताने, उनकी भावनाओं को समझने और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों को साझा करने को महत्त्व दे रहे हैं। इससे पिता और बच्चों के संबंधों में संवाद, सहजता और आत्मीयता बढ़ी है। आज पिता केवल अनुशासन और अधिकार के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि मित्र, मार्गदर्शक और भावनात्मक संबल के रूप में भी उभर रहे हैं।

ऐसे में फादर्स डे का महत्त्व केवल शुभकामनाओं, उपहारों और औपचारिक उत्सवों तक सीमित नहीं रह जाता। यह दिन उस बदलती सामाजिक सोच को स्वीकार करने और सम्मान देने का अवसर है, जिसमें पितृत्व को संवेदनशीलता, सहभागिता और भावनात्मक उपस्थिति के साथ देखा जा रहा है। आधुनिक समाज में पितृत्व अब केवल कर्तव्य-निर्वहन का विषय नहीं, बल्कि प्रेम, साझेदारी और ज़िम्मेदारी के संतुलित समन्वय की नई परिभाषा बन चुका है।

फादर्स डे हमें यह भी याद दिलाता है कि एक पिता का योगदान केवल परिवार का आधार बनने में नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन में विश्वास, सुरक्षा और आत्मीयता का स्थायी स्रोत बनने में भी निहित है। इस दिवस की प्रासंगिकता केवल उपहारों के आदान-प्रदान या सोशल मीडिया के 'ट्रेंड्स' तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है, जब हम पिता के उस मौन त्याग के प्रति संवेदनशील हों, उनके स्वाभिमान की रक्षा करें और जीवन के उत्तरार्ध में उन्हें यह भरोसा दिला सकें कि वे आज भी परिवार की उतनी ही मज़बूत धुरी हैं, जितने कल थे।

वास्तव में, फादर्स डे केवल धन्यवाद कहने का दिन नहीं है; यह उस मौन त्याग, अथक समर्पण और निस्वार्थ प्रेम को पहचानने का अवसर है, जो एक पिता जीवन भर बिना किसी अपेक्षा के अपने परिवार के लिए करता है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि बदलते समय में पिता के प्रति सम्मान, संवेदना और उत्तरदायित्व को भी उतनी ही गंभीरता से निभाना होगा, जितनी निष्ठा से उन्होंने जीवन भर अपने दायित्व निभाए हैं।

**(लेखक आकाशवाणी, पटना के समाचार वाचक हैं।)**

# आज आयोजित होगी नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा, जिला प्रशासन ने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा-2026 का आयोजन 21 जून 2026 (रविवार) को अपराह्न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक अररिया जिला मुख्यालय स्थित 07 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला पदाधिकारी श्री विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। परीक्षा के लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, +2 हाई स्कूल चांदनी चौक, +2 लीडर हाई स्कूल, अररिया कॉलेज, +2 आजाद एकेडमी तथा +2 महात्मा गांधी स्मारक उच्च विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश देने हेतु जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी केंद्राधीक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल, पुलिस पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा परीक्षा से संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, अररिया के प्राचार्य श्री अमित कुमार सिंह को सिटी कोऑर्डिनेटर नामित किया गया है। उन्हें सभी केंद्राधीक्षकों को प्रशिक्षण देने तथा एनटीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा संचालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षार्थियों को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा



अपराह्न 2:00 बजे प्रारंभ होगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों को एनटीए के मार्गदर्शिका के अनुसार 65 मिनट अतिरिक्त प्रतिपूरक समय प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके लिए परीक्षा समाप्ति का समय सायं 6:20 बजे होगा। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, टैबलेट, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, स्मार्ट वॉच, बेल्ट, अंगूठी, चेन, कान की बाली, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पेन, पेंसिल, इरेजर, रबर, शार्पनर, व्हाइटनर, स्केल अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी कमरों में समय की समानता सुनिश्चित करने हेतु दीवार घड़ी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी एवं जैमर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। एनटीए द्वारा जिला स्तर पर भी सीसीटीवी निगरानी की जा सकती है, जिसके लिए जिला नियंत्रण कक्ष में विशेष व्यवस्था की गई है। परीक्षा की निगरानी हेतु सभी केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पर्यवेक्षक, प्रश्नपत्र-सह-गश्ती दल तथा उड़नदस्ता दल की प्रतिनियुक्ति की गई है। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग महिला दंडाधिकारी एवं महिला पुलिस बल द्वारा पृथक कक्ष में की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए चिकित्सा, अग्निशमन, विद्युत, यातायात एवं स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की गई है। सिविल सर्जन को एक एंबुलेंस जिला नियंत्रण कक्ष तथा एक एंबुलेंस अररिया आरएस क्षेत्र में तैनात रखने का निर्देश दिया गया है। जिला अग्निशमन पदाधिकारी को अग्निशमन दस्ता तैयार रखने तथा विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। नगर परिषद को परीक्षा केंद्रों के आसपास साफ-सफाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला पदाधिकारी ने सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि अभ्यर्थियों के अभिभावकों के लिए परीक्षा अवधि के दौरान केंद्र परिसर से नियमानुसार निर्धारित दूरी पर प्रतीक्षा की व्यवस्था तथा पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ शौचालय एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक महिला पुलिस पदाधिकारी, दो महिला कांस्टेबल एवं पांच अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के दो जवानों की भी तैनाती की जाएगी, जो प्रश्नपत्र को बैंक से परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित पहुंचाने तथा परीक्षा अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने रेलवे स्टेशन, प्रमुख चौक-चौराहों एवं परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने का निर्देश दिया, ताकि अभ्यर्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** समाहरणालय, अररिया स्थित आत्मन सभागार में जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक तथा बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि को निर्देश दिया कि किशोर न्याय परिषद (जेजेबी) में लंबित मामलों में समय पर उपस्थापन नहीं होने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए थाना-वार सूची तैयार की जाए तथा संबंधित मामलों में नियमित रूप से उपस्थापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत प्रपत्र-बी को पूर्ण रूप से भरकर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को ससमय उपलब्ध कराया जाए। जिला पदाधिकारी ने पर्यवेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि वहां रह रहे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बैठक में श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि उनका पुनर्वास प्रभावी रूप से सुनिश्चित हो सके। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि बाल श्रम से मुक्त तथा अन्य राज्यों से रेस्क्यू किए गए बच्चों का विद्यालय एवं मदरसा में यथाशीघ्र नामांकन सुनिश्चित किया जाए, जिससे उनकी शिक्षा बाधित न हो। जिला कल्याण पदाधिकारी को महादलित विकास मिशन द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में बाल श्रम, बाल विवाह एवं पलायन से संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई एवं अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा तथा उनके समुचित विकास के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि परवरिश योजना के लाभुकों की संख्या में वृद्धि लाए ताकि अधिक से अधिक योग्य लाभुक बच्चों को इस योजना का लाभ मिल सके। जिला पदाधिकारी द्वारा बाल कल्याण समिति के कार्यों की भी समीक्षा की गई। कटिहार एवं सुपौल में अररिया जिले के आवासित बालक एवं बालिकाओं के ससमय पुनर्वासन एवं फॉलोअप की स्थिति की सामीक्षा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोढ़ा थाना कांड संख्याझ474/12 जीआर संख्या झ4258/12 में माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में कोढ़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय व्याधा, अजय व्याधा एवं काना व्याधा के रूप में हुई है, जो सभी कोढा थाना के बासगढ़ा निवासी बताए जाते हैं।पुलिस सूत्रों के अनुसार, न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में विशेष अभियान चलाकर इन वारंटियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है। इस कार्रवाई का नेतृत्व कोढ़ा थाना अध्यक्ष पंकज आनंद ने किया। उनके साथ अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी भी अभियान में शामिल रहे। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी कर सभी वारंटियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

### मुहर्रम को लेकर कोलासी पुलिस शिविर में बैठक

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कोलासी पुलिस शिविर अंतर्गत मधुरा,नक्कीपुर करमू टोला एवं नक्कीपुर कॉलोनी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोलासी पुलिस शिविर प्रभारी श्रवण कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, मुहर्रम कमेटी के सदस्य, खलीफा,कमेटी मेंबर एवं मेला मालिक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुहर्रम जुलूस, ताजिया निकालने की व्यवस्था, रूट निर्धारण, सुरक्षा व्यवस्था एवं आपसी समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। कोलासी प्रभारी श्रवण कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुहर्रम पर्व के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और किसी भी परिस्थिति में इसका उपयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान पारंपरिक तरीके से ही आयोजन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें और आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखें। ह्लमुहर्रम आस्था और अनुशासन का पर्व है, इसे शांति और मयार्दा के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर हुआ सामाजिक अंकेक्षण

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाल विकास परियोजना के निदेर्शानुसार प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र पर सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया गया। हर वर्ष 20 जून एवं 20 दिसंबर को सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया जाता हैं। इस कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 21,80 एवं 81में आंगनबाड़ी सेविका नीलम कुमारी,पार्वती कुमारी,गौरी कुमारी ने वार्ड सदस्य की उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण के बारे में बताया। कहा की एक माह में 25 दिन आंगनबाड़ी केंद्र खोलना है, समय पर खुलना हैं। बच्चों को ड्रेस में आना हैं। प्रत्येक दिन मीनू के अनुसार खाना खिलाना हैं, साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान देना हैं। बच्चे साफ-सुथरे कपड़े पहन के आ रहे हैं कि नहीं कर आ रहे हैं उनके अभिभावक को साफ सुथरा कपड़े पहन कर भेजने के बारे में कहना हैं।नियमित रूप से टीकाकरण कराना हैं आदि पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर आंगनवाड़ी सहायिका नूतन कुमारी,अंजू कुमारी,शिखा कुमारी सहित आंगनबाड़ी केंद्र के छोटे-छोटे बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच पोशाक वितरण

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र पर बाल विकास परियोजना मनसाही के निर्देश पर पोशाक का वितरण किया गया। इस कड़ी में मोहनपुर पंचायत के वार्ड संख्या पांच बड़ी मोहनपुर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 80 में आंगनबाड़ी सेविका पार्वती कुमारी ने केंद्र में पढ़ रहे 40 बच्चों के अभिभावक के बीच पोशाक का वितरण किया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका पार्वती कुमारी ने बताया कि पहले केंद्र के बच्चों को पोशाक की राशि दी जाती थी। अब जीविका के माध्यम से सिलाई किया हुआ लड़के के लिए पैंट शर्ट एवं लड़कियों के लिए घंघरी और शर्ट दिया गया हैं।जिसे बच्चों के अभिभावक को बुलाकर पोशाक का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को पोशाक मिल जाने से अब सभी बच्चे नियमित रूप से प्रत्येक दिन आंगनबाड़ी केंद्र आएंगे जहां उन्हें गरम-गरम पका हुआ खाना भी मिलेगा। इस अवसर पर सहायिका अंजू कुमारी सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे ।

### बकरी चरने के विवाद को लेकर छोटे भाई ने की बड़े भाई की पिटाई

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनसाही थाना क्षेत्र के भखरीपुर में छोटे भाई द्वारा बड़े भाई की पिटाई का मामला प्रकाश में आया हैं। इस मौके पर पीड़ित मनोज यादव ने बताया कि उसका छोटा भाई प्रकाश यादव ने बकरी को ले हुए विवाद में उसके साथ मारपीट की और उसका सर फोर दिया। वहीं मनोज यादव ने कहा कि उसका भाई प्रकाश यादव काफी दबंग और आपराधिक किस्म का व्यक्ति हैं। वह आए दिन मुझे से अकारण उलझता रहता हैं। पीड़ित ने थाने में आवेदन दे इंसाफ की गुहार लगाई हैं।

### जीपीडीपी को प्रभावी बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण

**बरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी विषय पर एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार धीरज ने की। प्रशिक्षण में मुखिया,उपमुखिया, पंचायत सचिव,पंचायत कार्यपालक सहायक,लेखापाल सह आईटी सहायक सहित विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी शामिल रहे । बीडीओ धीरेन्द्र कुमार धीरज ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। पंचायत स्तर पर स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का चयन और क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान पंचायतों में विकास योजनाओं की तैयारी, प्राथमिकताओं के निर्धारण, वित्तीय संसाधनों के बेहतर उपयोग,पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी राजकुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक नीरज कुमार गुप्ता, कार्यपालक सहायक छोटू कुमार, संजय कुमार समेत कई विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं दक्षिणी भंडारतल पंचायत के मुखिया मो. इब्राहिम, बैसा गोविंदपुर पंचायत के मुखिया अब्दुल मतीन सहित विभिन्न पंचायतों के मुखिया और उपमुखिया ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# भारत स्काउट और गाइड ने निःशुल्क जल वितरण सेवा शिविर का किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड जिला कटिहार की ओर से शनिवार को शहीद चौक पर भीषण गर्मी को देखते हुए निःशुल्क जल वितरण सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। इस सेवा कार्य में स्वतंत्र दल, कंपनी तिरंगा ग्रुप एवं जिला मुख्यालय-3 के स्काउट और गाइड सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। कार्यक्रम के दौरान जिला मुख्य आयुक्त दिनेश दुबे ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अमित कुमार, अजय महतो, आशीष झा, सूरज कुमार, बासुकीनाथ दुर्ग तथा जिला संगठन




आयुक्त स्काउट रोहित कुमार को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड का मूल उद्देश्य सेवा,अनुशासन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। जिसे जिले के स्काउट-गाइड निरंतर सार्थक रूप से निभा रहे हैं। इस अवसर पर जिला आयुक्त स्काउट डॉ. आशीष रंजन कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्काउट एवं गाइड सदस्यों के साथ-साथ उनके अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों के सहयोग एवं सहमति के कारण ही छात्र-छात्राएँ सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले पाते हैं।उन्होंने बताया कि बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड, जिला कटिहार समाज हित एवं छात्र - छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रकार की रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन करता रहा है और भविष्य में भी यह क्रम जारी रहेगा।इसी कड़ी में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसआरएन पब्लिक स्कूल, नवनीत नगर, वार्ड संख्या-24, कटिहार के परिसर में प्रातः 6:00 बजे से योग शिविर आयोजित किया जाएगा।

# जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से केन्द्रीय मंत्री का पुतला किया दहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** जिला कांग्रेस पार्टी अर्बन के जिलाध्यक्ष संजय सिंह के अध्यक्षता मे शहर के शहीद चौक पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। लगातार नीट एग्जाम मे पेपर लीक के कारण छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है। बढ़ती हुई बेरोजगारी के खिलाफ, पेट्रोल, डीजल, गैस के लगातार मूल्य वृद्धि के खिलाफ पुतला दहन किया गया. अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार को 12 साल से ऊपर हो गए परन्तु वो अपनी खामियों को छुपते है और इतने सालों मे आज भी कांग्रेस सरकार को बदनाम करते है। जो कि बेहद दुखद है। देश की जनता अब समझ रही है कि किस प्रकार से मोदी सरकार हम देशवासियों को जुमले की जाल मे फंसाई हुई है।इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम, सऊद मुखिया, प्रेम राय, शहुद आलम, नगर अध्यक्ष पुतुल सिंह, नगर अध्यक्ष रिंकू मिश्रा, आनंद सिंह, चंद्र भूषण सिंह, सौरभ कुमार, चंद्रभानु गुप्त, फिरोज मुटुन, मो उस्मान, मो आलमगीर, अवधेश मंडल, नितिन सिन्हा, धनंजय ठाकुर, मेजर जमाल. विश्राम सिंह, योगेंद्र यादव, विश्वनाथ साह, मिथिलेश सिंह, मशुद रजा खान, विक्रम पासवन, मो मतलूब हुसैन,अधिवक्ता मो. मरगूब सहित कांग्रेस के सभी नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष सहित कई कांग्रेस कार्यकर्त्ता शामिल रहे।

# मोहर्रम की तैयारी को लेकर नगर निगम में समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** मोहर्रम पर्व 2026 को शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर नगर निगम सभागार में एक समीक्षा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महापौर उषा देवी अग्रवाल ने की। मौके पर उप महापौर मंजूर खान,सदर अनुमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न सिंह यादव,नगर आयुक्त संतोष कुमार, एसडीपीओ वन विशाल आनंद मुख्य रूप मौजूद रहे। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रशासनिक एवं तकनीकी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर मोहर्रम



के दौरान निकलने वाले जुलूसों एवं ताजिया मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, सीसीटीवी निगरानी, यातायात नियंत्रण तथा सुरक्षा संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। महापौर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार ने बताया कि नगर निगम की ओर से मोहर्रम के दौरान सभी प्रमुख मार्गो की विशेष सफाई,स्ट्रीट लाइटों की जांच एवं मरम्मत तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। वहीं विद्युत विभाग,पुलिस प्रशासन एवं बुडको के अधिकारियों ने भी अपनी-अपनी तैयारियों की जानकारी साझा की। महापौर उषा देवी अग्रवाल ने कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है तथा सभी विभागों की संयुक्त जिम्मेदारी है कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। बैठक में कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल,परियोजना निदेशक बुडको, थानाध्यक्ष नगर थाना कुन्दन कुमार सिंह ,अध्यक्ष सचिव मोहर्रम कमेटी,नगर निगम कटिहार क्षेत्र के सभी अखाड़ो के खलीफा मौजूद रहे।

# ट्रेन परिचालन को सीआरएस ने दी हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के अंतर्गत कटिहार-कुमेदपुर और कटिहार-मुकुरिया दोहरी रेल लाइन परियोजना के तहत कटिहार-कुरेठा और कटिहार-सोनैली के बीच नव-निर्मित दोहरी ब्रॉड गेज लाइन का तीन दिवसीय वैधानिक सीआरएस निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरान पूर्वोत्तर सीमांत परिमंडल कोलकाता के रेल संरक्षा आयुक्त सुमित सिंघल ने उक्त रेलखंड में दो दिवसीय ट्रॉली निरीक्षण के दौरान ट्रैक, पुलों, सिग्नलिंग और सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक जांच कर हाई स्पीड के तहत हरी झंडी दे दी गई है। इस संबंध में कटिहार रेलमंडल के



डीआरएम किरेंद्र नरह ने बताया कि कटिहार- कुमेदपुर और कटिहार-मुकुरिया के बीच कुल 64.14 किलोमीटर का दोहरीकरण प्रोजेक्ट है। जिसमें 16 रेलवे स्टेशन शामिल है। जो लगभग 948 करोड़ का प्रोजेक्ट है। जिसका सीआरएस सुमित सिंघल ने 17 जून से 19 जून तक चले इस निरीक्षण के अंतिम दिन विशेष ट्रेनों के जरिए स्पीड ट्रायल 120 केपीएम पर भी किया गया और 110 केपीएम के लिए अपनी सहमति प्रदान की गई। उक्त रेल खंड में सीआरएस निरक्षण के बाद रेल परिचालन के लिए फिटनेस के साथ हरी झंडी मिल गई है । जिससे सीमांचल सहित अन्य सीमावर्ती क्षेत्र के यात्रियों को चौगुना फायदा होगा। जिससे उनमें हर्ष व्याप्त है। उक्त कार्य हेतु रेल प्रशासन द्वारा नॉन इंटरलॉकिंग के कारण दो दर्जन से अधिक ट्रेनों को मार्ग परिवर्तित कर परिचालित किया जा रहा था।

# मनिहारी में मुखियों को मिला विशेष प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** बिहार सरकार के पंचायती राज मिशन के तहत प्रखंड सभागार, मनिहारी में पंचायत विकास योजना विषय पर एक दिवसीय गैर - आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया संघ उपाध्यक्ष पिंटू कुमार यादव,मुखिया जर्जिस आलम, मुखिया राजकुमार मंडल,मुखिया प्रतिनिधि डॉ. मुस्लिम एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।प्रशिक्षण में मनिहारी प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत रोजगार सेवक,डाटा एंट्री ऑपरेटर, लेखा सह आईटी सहायक तथा विभिन्न विभागों के



प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान पंचायत विकास योजनाओं के निर्माण, क्रियान्वयन और निगरानी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। मुखिया संघ उपाध्यक्ष पिंटू कुमार यादव ने कहा कि पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं मुखिया जर्जिस आलम ने कहा कि पंचायत विकास योजना गांवों की जरूरतों के अनुरूप विकास की मजबूत आधारशिला है। मुखिया राजकुमार मंडल ने प्रशिक्षण को जनप्रतिनिधियों और कर्मियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।

# रेडक्रॉस सोसाइटी के रक्तदान शिविर में जिलाधिकारी ने किया ब्लड डोनेट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी कटिहार शाखा एवं लायंस क्लब ऑफ कटिहार के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला पदाधिकारी सह रेडक्रॉस अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्रनाथ सिंह, रेडक्रॉस चेयरमैन डॉक्टर रंजना झा, सचिव संतोष गुप्ता के साथ लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन काजल महासेठ ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रथम रक्तदाता के रूप मे जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर में अतिरिक्त आयरन का स्तर नियंत्रित रहता है। जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कम होता है।

उन्होंने रेडक्रॉस एवं लायंस क्लब कटिहार के सदस्यों को ऐसे शिविर करने हेतु साधुवाद दिया।





उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इस मौके पर लायन काजल महासेठ ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर 3 महीने यानी 90 दिन में सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकता है। रेडक्रॉस चेयरमैन डॉक्टर रंजना झा ने बताया कि एक बार रक्तदान करने से शरीर में लगभग 650 कैलोरी तक बर्न होती है। इसलिए रक्तदान स्वास्थ्य के लिहाज से फायेमंद है। रेडक्रॉस सचिव सह लायंस क्लब के ब्लड डोनेशन कमिटी चेयरपर्सन संतोष गुप्ता ने भी रक्तदान किया उन्होंने कहा कि मै पिछले 25 वर्षो से प्रतिवर्ष रक्तदान करता हूं। उन्होंने कहा कि ब्लड डोनेट करने के कुछ ही हफ़्तों में शरीर नई और स्वस्थ रक्त कोशिकाएं बनाने लगता है। इसलिए लोग रक्तदान से डरे नही। इस शिविर के संयोजक सह रेडक्रॉस प्रबंध समिति सदस्य अमित जायसवाल विक्की ने भी रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि आज कटिहार मे लगभग 200 यूनिट ब्लड प्रति माह थैलेसिमिया रोगी के लिए जरूरी है जो इसी प्रकार रक्तदान से ही संभव है इससे न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचती है, बल्कि डोनर को भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। लायंस क्लब के कोषाध्यक्ष अंकिता सरकार, उपाध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता के साथ रेडक्रॉस के पूर्व चेयरमैन अनिल चमरिया, उपाध्यक्ष शोभा जायसवाल, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार पूर्वे, सह सचिव विवान सरकार ने कहा कि आज भी खून की कम उपलब्धता के कारण कई लोगों की जान चली जाती है। उन्होंने बताया कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए रक्तदान जरूर करना चाहिए। लायंस क्लब के पीआरओ लायन प्रिया गुप्ता ने बताया कि आज के शिविर में 27 यूनिट ब्लड का डोनेशन हुआ। जिला पदाधिकारी के अपील से प्रभावित होकर मनसाही बीडीओ सुश्री सुमन कुमारी ने भी रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को रेडक्रॉस एवं लायंस क्लब से प्रशस्ति पत्र के साथ हॉर्लिक्स एवं उपहार भेंट किया गया। सदस्यों ने सभी रक्तदाताओं के बेहतर स्वास्थ्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी। शिविर में सहयोगी के रूप मे सक्षम संस्था का सहयोग रहा। शिविर के सफल आयोजन में समाजसेवी राम बाबू, संजीव गुप्ता के साथ ब्लड बैंक के सौनिक प्रकाश , रवि शंकर झा, विक्की, सन्नी पोद्दार की भूमिका सराहनीय रही। लायन मनोज महासेठ, मनोज गुप्ता, सुनील मेघानी, वाणी मेघानी, नरेश साह, सुनील भगत आदि उपस्थित रहे। सिविल सर्जन ने संस्था को साधुवाद देते हुए कहा कि इस तरह के शिविर के आयोजन से रक्त की कमी को पूरा करने में मदद मिलती है। उन्होंने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी आगे आने की अपील की।

# फिर 80 के ऊपर पहुंचा ब्रेंट क्रूड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच समझौता हो जाने के बाद से पश्चिम एशिया में लगभग शांति है। लेकिन ऑयल मार्केट को रिकवर करने के लिए कुछ और चीजों की दरकार है। तभी तो शुक्रवार को बाजार बंद होने के समय स्टेंडर्ड माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड का दाम एक बार फिर से 80 डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर चला गया। हालांकि, भारतीय



ग्राहकों के लिए राहत की बात है। यहां पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियों ने शनिवार, 20 जून 2026 को भी दाम में कोई बदलाव नहीं किया। अपने यहां बीते 25 मई के बाद दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव बीतने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियों ने बीते मई महीने में चार बार दाम बढ़ा चुकी है। ऐसा महज 11 दिनों में हुआ है। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई 2026 को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था। उसके बाद दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### 4 महानगरों में पेट्रोल का दाम

तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है। एक अनुमान के मुताबिक क्रूड ऑयल महंगा होने से सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और जेट फ्यूल पर करीब 750 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है। कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह करीब 50 फीसदी महंगा हो गया है।

## आखिर कब सस्ते होंगे पेट्रोल के दाम

# कभी हां, कभी ना... ट्रंप बेहद कन्फ्यूज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान से तनाव खत्म करने को लेकर डोनाल्ड ट्रंप बेहद कन्फ्यूज हैं। हाल में उन्होंने शांति समझौते की बात कही थी, जिससे कच्चा तेल 70 डॉलर के करीब आ गया था। लेकिन अब उन्होंने फिर से हमले की बात कही है। ऐसे में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के सस्ते होने की उम्मीद लगाए बैठे लोगों को बड़ा झटका लगा है। ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौता हो चुका है। होर्मुज भी खुल गया है। इससे तेल और गैस के जहाजों का आना-जाना फिर से शुरू हो जाएगा और दुनिया में तेल व गैस के दाम में कमी आएगी। यह सब सुनने में बड़ा अच्छा लगता है। और दुनिया के सभी लोग चाहते भी यही हैं। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कन्फ्यूजन लोगों की टेंशन बढ़ाता रहता है। वह कभी शांति समझौते की बात करते हैं, तो अगले ही पल उनकी जुबां पर हमले का जिक्र आ जाता है। ऐसे में सस्ते पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आस लगाए लोगों को भी झटका लगता रहता है। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के बाद कच्चे तेल के दाम में कमी आई थी। ब्रेंट क्रूड ऑयल 70 डॉलर प्रति बैरल के नजदीक आ गया था। लेकिन अब




स्थिति फिर से बदल गई है। लेबनान पर इजरायली हमलों के कारण शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में ईरान और अमेरिका के बीच होने वाली बातचीत टाल दी गई है। इन घटनाओं ने ईरान और अमेरिका के बीच हाल में हुए युद्ध समाप्ति संबंधी प्रारंभिक समझौते के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर संकट खड़े हो गए हैं। इसका नतीजा यह हुआ कि कच्चे तेल की कीमत फिर से बढ़ गई और यह 80 डॉलर के पार चला गया।

**भारत को दिखाई दी थी उम्मीदः** फरवरी में अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया था। इसके बाद खाड़ी देशों में काफी तनाव पैदा हो गया था। प्रमुख तेल मार्ग होर्मुज से टैंकर निकलने लगभग बंद हो गए थे, जिससे भारत समेत कई देशों में ऊर्जा संकट पैदा हो गया था। पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम बढ़ गए थे। ऐसे में अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता भारत के लिए भी राहत भरी बात थी। भारत की घरेलू खपत का तेल और गैस का करीब 90 फीसदी हिस्सा आयात होता है। कुल आयात में कच्चे तेल का 60 फीसदी से ज्यादा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। इनमें इराक, सऊदी अरब, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। इनमें से भी आधा तेल होर्मुज स्ट्रेट से आता है। अमेरिका-ईरान के बीच समझौते से तेल की कीमतों में गिरावट आना तय है। ऐसे में भारत में भी पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमत कम हो सकती है। करीब एक करोड़ भारतीय खाड़ी देशों में काम करते हैं। ऐसे में वहां से रेमिटेंस आने का सिलसिला फिर से नॉर्मल हो जाएगा। कच्चे तेल के अलावा रिफाइंड उत्पादों (जैसे पेट्रोल, डीजल और जेट फ्यूल) की स्थिति और भी पेचीदा है।

### क्या पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के दाम गिरेंगे

अब बड़ा सवाल है कि सब कुछ सही रहने पर अगर कच्चे तेल के दाम गिरते हैं तो क्या भारत में पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमत में गिरावट आएगी ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण कच्चा तेल 100 डॉलर के ऊपर बना हुआ था। जब इसकी कीमत गिरी तो पाकिस्तान और अमेरिका में भी पेट्रोल के दाम कम हो गए। अमेरिका में गैस के दाम में भी गिरावट आई है। एक्सपर्ट के मुताबिक भारत में पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में कटौती तभी होने की संभावना है, जब कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी रहें।

# भारतीय रेल की बड़ी तैयारी 'राख' ढो कर भी कमाएगा करोड़ों रुपये

● डेडिकेटेड लॉजिस्टिक नेटवर्क बनाने की योजना, कहां होता है इसका उपयोग




**नई दिल्ली, एजेंसी।** थर्मल पावर प्लांट से निकली राख कभी पावर प्लांट के लिए सर दर्द का सबब था। लेकिन जबसे इसका उपयोग सड़क बनाने, सीमेंट या ईंट बनाने में हो रहा है, इसे लेने के लिए बिजली घर के बाहर ट्रकों की लाइन लगी रहती है। अब रेलवे ने बिजली घर की इसी राख या छाई से करोड़ों रुपये की कमाई की पुख्ता योजना बना रहा है।

थर्मल पावर प्लांट्स से निकले फ्लाई ऐश का सबसे ज्यादा उपयोग सड़क बनाने में हो रहा है। इसके अलावा ईंट बनाने, सीमेंट उत्पादन और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में भी इसका जम कर इस्तेमाल किया जा सकता है। सरकारी बिजली कंपनी एनटीपीसी के आंकड़ों के अनुसार साल 2024-25 में उत्पन्न फ्लाई ऐश का 32 प्रतिशत हिस्सा सड़क और फ्लाईओवर निर्माण में इस्तेमाल किया गया। इसके बाद 27 प्रतिशत हिस्सा सीमेंट उद्योग में और 14 प्रतिशत हिस्सा ईंट और टाइल बनाने में इस्तेमाल हुआ। बैकफिलिंग और माइंस को भी भरने में भी इसका क्रमशः 11 प्रतिशत और 10 प्रतिशत उपयोग किया गया। इनके अलावा कृषि क्षेत्र और रेडी-मिक्स कंक्रीट वाले भी इसका उपयोग करते हैं।

### कैसे होगी ढुलाई

बिजली घर से निकली राख हो या चूल्हे से निकली राख, इसका परिवहन सुरक्षित तरीके से नहीं किया जाए तो यह पर्यावरण के लिए घातक है। रेल अधिकारयों का कहना है कि इसके लिए विशेष रूप से डिजाइन किये गए कंटेनरों का इस्तेमाल करना होगा। इस समय कोयले की ढुलाई के लिए इस्तेमाल किए जा रहे बॉक्स एन वैगन में भी इसकी ढुलाई हो सकती है, लेकिन उसे ठीक तरह से ढंकना होता है। ताकि राख हवा में उड़े नहीं।

# एफएसएसएआई ने खोला कंपनियों के दावों का कच्चा चिट्ठा

### सावधान! देखकर खरीदें जूस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्य उत्पादों की पैकेजिंग पर किए जा रहे भ्रामक दावों के खिलाफ भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाया है। प्राधिकरण ने कई फूड बिजनेस ऑपरेटर्स को नोटिस जारी कर ब्रैंडिंग, उत्पाद पर नो एडेड शुगर का दावा किया गया है, जबकि इसकी सामग्री में 51% आम का गूदा और 49% गन्ने का रस बताया गया है। इससे उपभोक्ताओं को उत्पाद में मौजूद शर्करा की मात्रा को लेकर भ्रम हो सकता है।




लेबलिंग और उत्पाद संबंधी दावों में कथित अनियमितताओं पर जवाब मांगा है। साथ ही कंपनियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**'नो एडेड शुगर' वाले जूस पर सवालः** प्लक्क मैंगो फ्रूट जूस के विज्ञापन और लेबलिंग पर आपत्ति जताई है। नेचुरल पनीर नाम से बेचे जा रहे एक उत्पाद को लेकर भी एफएसएसएआई ने नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण के अनुसार उत्पाद के नाम में नेचुरल शब्द का इस्तेमाल नियमों के अनुरूप नहीं है। चूंकि यह एक कंपोजिट फूड है, इसलिए नेचुरल शब्द का उपयोग उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है।

### टोफू पर एंटी-कैंसर दावा नियमों के खिलाफ

उत्पाद पर 100% वेज, विटामिन से भरपूर और एंटी-कैंसर गुण जैसे दावे किए गए हैं। नियामक का कहना है कि विटामिन की मात्रा स्पष्ट नहीं की गई है, जबकि एंटी-कैंसर जैसा दावा बीमारी से जुड़ा दावा है, जिसकी अनुमति नहीं है। मास्टरचाउ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के रेमन नूडल्स पर किए गए 100% नेचुरल और फ्रेशली मेड जैसे दावों को भी एफएसएसएआई ने भ्रामक माना है। फेरेरो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के किंडर जॉय कोटेड वेफर बिस्किट विद कोकोआ स्प्रेड्स उत्पाद को भी नोटिस भेजा है। उत्पाद पर मिल्क सॉलिड्स से भरपूर होने का दावा किया गया है। खाद्य उत्पादों के पैकेट और विज्ञापनों पर किए जाने वाले दावे वैज्ञानिक तथ्यों और नियमों के अनुरूप होने चाहिए।

# पाकिस्तान की जिस एफएटीएफ से कांपती है रूह

## उसका वाइस-प्रेसीडेंट बना भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल मंच पर भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स का उपाध्यक्ष चुना गया है। यह पहली बार है जब भारत इस टॉप लीडरशिप पोजिशन को संभालेगा।

इस अहम नियुक्ति से एक भारतीय अधिकारी उस प्रमुख वैश्विक संस्था का नेतृत्व करेंगे जो मनी लॉन्ड्रिंग और टेररिस्ट फाइनेंसिंग (आतंकवाद के लिए फंडिंग) के खिलाफ लड़ाई के लिए मानक तय करती है।

यह 200 से ज्यादा अधिकार-क्षेत्रों में भारत की ओर से बनाए गए भारी भरोसे और विश्वसनीयता को दिखाता है। साथ ही, यह डिजिटल पेमेंट और वर्चुअल एसेट्स जैसे उभरते जोखिमों पर ग्लोबल पॉलिसी बनाने में भारत की सक्रिय भूमिका को भी उजागर करता है। यह उपलब्धि



भारत की संस्थागत मजबूती और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ईमानदारी के प्रति साझा प्रतिबद्धता में वैश्विक समुदाय के भरोसे को रेखांकित करती है।

### पाकिस्तान के लिए बुरी खबर

फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स से पाकिस्तान की रूह कांपती है। इसकी सबसे बड़ी वजह उसकी खराब आर्थिक स्थिति और वैश्विक बदनामी है। एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो टेरर फंडिंग (आतंकवाद को पैसा मिलना) और मनी लॉन्ड्रिंग (काले धन को वैध बनाना) पर नजर रखती है।

पाकिस्तान पहले भी कई बार इसकी 'ग्रे लिस्ट' में रह चुका है। जैसे 2018 से 2022 तक। कोई देश इस लिस्ट में आता है या फिर 'ब्लैक लिस्ट' होने के कगार पर पहुंच जाता है तो उसके लिए पूरी दुनिया से आर्थिक तौर पर कट जाने का खतरा पैदा हो जाता है।

### अंतरराष्ट्रीय कर्ज मिलने में होती है मुश्किल

किसी देश को 'ग्रे लिस्ट' या 'ब्लैक लिस्ट' में डालता है तो (अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष), वर्ल्ड बैंक और (एशियन डेवलपमेंट बैंक) जैसी वैश्विक संस्थाएं उसे कर्ज देने पर कड़ी शर्तें लगा देती हैं या लोन रोक देती हैं।

### विदेशी निवेश का सूखा

कोई भी विदेशी कंपनी या देश ऐसे देश में पैसा निवेश नहीं करना चाहता जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय रूप से 'असुरक्षित' या 'संदिग्ध' माना गया हो। ग्रे लिस्ट में होने से उस देश की रेटिंग गिर जाती है। इससे विदेशी निवेशक वहां से अपना पैसा निकाल लेते हैं या नया निवेश बिल्कुल बंद कर देते हैं।

### बैंकिंग सिस्टम पर पाबंदियां

जब कोई देश की रडार पर होता है तो पूरी दुनिया के बैंक उस देश के साथ होने वाले वित्तीय लेनदेन को बहुत शक की नजर से देखते हैं।

**कौन हैं विवेक अग्रवाल :** 1 जून 1971 को जन्मे विवेक अग्रवाल मध्य प्रदेश कैडर के 1994 बैच के अधिकारी हैं। उनके पास कॉमर्स और लॉ की डिग्रियां हैं। वह 18 अप्रैल 2025 से संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली में सचिव के तौर पर काम कर रहे हैं। इससे पहले वह कई अहम पदों पर रह चुके हैं। इनमें अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, प्रबंध निदेशक, आयुक्त और प्रधान सचिव और जिला कलेक्टर जैसे पद शामिल हैं।

# फिर घटा विदेशी मुद्रा भंडार, सोने के भंडार में भारी कमी

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में इस बार तगड़ी वाली गिरावट देखी गई है। एक ही सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार से करीब 10 अरब डॉलर निकल गए। इससे एक सप्ताह पहले इसमें गिरावट हुई थी। इस सप्ताह जो अपना भंडार घटा है, उसकी मुख्य वजह सोने के मूल्य में गिरावट है।

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 12 जून 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें कमी हुई थी। अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार घट कर रह गया है। इससे पहले 27 फरवरी 2026 को अपना भंडार के ऑल टाइम हाई पर था।

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 12 जून 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में बढ़ोतरी हुई है। अब अपना एफसीए भंडार बढ़ कर हो गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को



भी शामिल किया जाता है।

आलोच्य सप्ताह के दौरान सोने के दाम काफी गिरे हैं। इससे रिजर्व बैंक के सोने के भंडार की वैल्यू में भारी गिरावट हुई है। अब अपने सोने के भंडार की वैल्यू घट कर रह गया है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2026 के अंत में आरबीआई के पास सोने का भंडार 880.52 टन का था। यह देश के कुल फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का करीब 16.7% बैठता है। इसके मूल्य में कमी होती है यह कुल विदेशी मुद्रा भंडार को प्रभावित करता है।

# अच्छी खासी नौकरी छोड़कर लौटे गांव तो सब थे हैरान, फिर स्टोरी में ट्विस्ट, अब 43 करोड़ सालाना की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोविंद यादव ने मिसाल पेश की है। वह उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में एक छोटे से गांव के रहने वाले हैं। (भारतीय प्रबंधन संस्थान) से पढ़े गोविंद ने अच्छी खासी नौकरी छोड़कर अपने गृह जिले औरैया की पारंपरिक पहचान को देश के सामने पेश किया है। उन्होंने 2022 में अपना ब्रांड शुरू किया था। इसका नाम 'अकल्पम' है। आज यह सफल (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) सर्टिफाइड शुद्ध देसी घी ब्रांड बन चुका है। इसने 2025-26 में 43 करोड़ रुपये का सालाना रेवेन्यू हासिल किया। आइए, यहां गोविंद यादव की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**डेयरी फार्मिंग के बीच बीता बचपनः** गोविंद यादव का जन्म यूपी के औरैया जिले के बेला गांव में हुआ। उनका बचपन डेयरी फार्मिंग, पशुपालन और घरों में पारंपरिक तरीके से घी बनते हुए बीता। वह अच्छी तरह जानते थे कि असली डेयरी



प्रोडक्ट का स्वाद और सुगंध कैसी होती है। स्कूली शिक्षा के बाद गोविंद ने अपनी हायर एजुकेशन मैनेजमेंट के क्षेत्र में जारी रखी। उन्होंने आईआईएम काशीपुर से मैनेजमेंट की पढ़ाई की। इसके बाद आईआईएम अहमदाबाद से फाइनेंशियल मैनेजमेंट में एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम पूरा किया। पढ़ाई के बाद गोविंद ने फूड टेस्टिंग, फूड एक्सपोर्ट, मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स जैसे सेक्टरों में कॉर्पोरेट जॉब की। इस एक्सपीरियंस ने उन्हें सिखाया कि एक संगठित बिजनेस कैसे काम करता है। क्वालिटी सिस्टम को कैसे मेनटेन किया जाता है।

### ऐसे डाली अपने ब्रांड की नींव

गोविंद ने जब शहरों में रहना शुरू किया तो उन्होंने एक फर्क महसूस किया। उन्होंने पाया कि बाजार में 'प्रीमियम' या 'पारंपरिक बिलोना' के नाम पर बिकने वाला घी असल में वैसा नहीं था जैसा उन्होंने गांव में खाया था। बड़े ब्रांड्स का फोकस सिर्फ पैकेजिंग, स्पीड और लागत कम करने पर था। एक ऐसा घी देने के लिए जिस पर वे आंख बंद कर भरोसा कर सकें, गोविंद ने साल 2022 में अपने ब्रांड की शुरुआत की। उन्होंने जिले के स्थानीय किसानों के साथ मिलकर छोटे पैमाने पर काम शुरू किया। इसका मेन फोकस मार्केटिंग पर नहीं बल्कि शुद्धता और पारंपरिक प्रक्रिया पर था।

### शुरुआत में आईं कई चुनौतियां

शुरुआत में गोविंद के सामने सबसे बड़ी चुनौती पारंपरिक बिलोना पद्धति को बिना बदले हर बैच में एक जैसा स्वाद और दानेदार बनावट लाना था। इसके लिए गोविंद की टीम ने दही जमाने के तापमान, मथने के समय जैसे बदलावों को रिकॉर्ड किया। बैच का साइज छोटा रखा। गोविंद के ब्रांड का मजबूत पक्ष उसका मिल्क सोर्सिंग मॉडल है। कंपनी किसी बड़े डेयरी एग्रीगेटर से दूध नहीं खरीदती। इसके बजाय औरैया जिले के चुनिंदा स्थानीय किसानों और गौशालों से सीधे दूध लेती है। हर एक लीटर दूध केवल औरैया जिले से ही आता है। इससे भौगोलिक और जलवायु एकरूपता बनी रहती है। ग्राहकों को '100% ट्रेसेबिलिटी' मिलती है। यानी वे अपने घी के डिब्बे को ट्रैक कर जान सकते हैं कि वह किस किसान के यहां से आया, दूध कब इकट्ठा हुआ और किस लैब रिपोर्ट के तहत उसे पास किया गया।

# हाथियों के झुंड ने घंटे भर रोकी ट्रेनों की रफ्तार

- शावक गिरा ट्रैक के पास गड्ढे में
- बुजूर्ग हाथियों ने ही किया रेस्क्यू
- घंटे भर रूकी रहीं कई ट्रेंने



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले बंडामुंडा स्टेशन यार्ड में शनिवार अहले सुबह उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब 13 जंगली हाथियों का एक झुंड रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गया।

इस दौरान हाथियों का एक शावक ट्रैक के पास गड्ढे में गिर गया। अपने शावक को बचाने के लिए पूरा झुंड वहीं डट गया, जिसके कारण हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर लगभग एक घंटे तक ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह से ठप रहा।

घटना के बाद रेलवे और वन विभाग की टीम पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार तड़के करीब 2:20 बजे 13 जंगली हाथियों का झुंड बिसरा प्रखंड के जोबाघाट स्थित कोयल नदी को पार कर बारटोली इलाके से होते हुए बंडामुंडा स्टेशन यार्ड में प्रवेश कर गया।

झुंड जैसे ही डाउन लाइन पार कर आर-केबिन के पास रेलवे ट्रैक की ओर बढ़ रहा था, तभी एक हाथी का शावक अचानक एक गड्ढे में गिर गया। शावक ने बाहर निकलने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। अपने शावक को मुसीबत में फंसा देख हाथियों का पूरा झुंड वहीं रुक गया और उसकी सुरक्षा में चारों ओर खड़ा हो गया।

ट्रैक के पास हाथियों के होने की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन सक्रिय हो गया। यात्रियों और वन्यजीवों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए हावड़ा-मुंबई मुख्य मार्ग पर रात 2:20 बजे से 3:20 बजे तक ट्रेनों की आवाजाही तुरंत रोक दी गई। इसी बीच, झुंड में मौजूद दो बड़े हाथियों ने भारी मशक्कत के बाद अपने शावक को सुरक्षित गड्ढे से बाहर निकाल लिया। शावक के निकलते ही हाथियों का झुंड डुंबरमुंडा गांव के पास पहाड़ी क्षेत्र की ओर चला गया और बाद में चिरुबेड़ा जंगल में प्रवेश कर गया।

बंडामुंडा रेल यार्ड में हाथियों का आना कोई नई घटना नहीं है। इस क्षेत्र में लगातार हाथियों की आवाजाही होती रहती है, लेकिन स्थायी समाधान न होने से रेल यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा हमेशा दांव पर रहती है।

फिलहाल, रेलवे और वन विभाग हाथियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे हुए है। आसपास के स्थानीय लोगों और रेल कर्मचारियों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

हाथियों के जंगल की ओर जाने के बाद सुबह 3:30 बजे से ट्रेनों का परिचालन फिर से सुरक्षित रूप से शुरू कर दिया गया।

इस घटना के कारण एक मेमू और नौ एक्सप्रेस ट्रेनों को राउरकेला, पानपोस, कलुंगा, मनोहरपुर, पौसेता और गोइलकेरा आदि स्टेशनों पर आधे से एक घंटे तक रोक कर रखना पड़ा।

## रेलवे ट्रैक से शव बरामद

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गरहाटांड़ रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार को एक 29 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के शिवमुहल्ला निवासी राजेंद्र प्रसाद के पुत्र देवाशीष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। सूचना मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे।

परिजनों के अनुसार देवाशीष शुक्रवार सुबह दुकान जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन दोपहर तक वापस नहीं लौटा। बाद में पुलिस से सूचना मिलने पर परिवार को घटना की जानकारी मिली।

बताया जा रहा है कि देवाशीष की शादी करीब चार माह पहले हुई थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# टेंट हाऊस में लगी भीषण आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पोटका।** कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर स्थित सुदामा टेंट हाउस के गोदाम में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि गोदाम में रखे टेंट हाउस के अधिकांश सामान इसकी चपेट में आ गए। घटना में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है, हालांकि नुकसान का सही आकलन अभी तक नहीं किया जा सका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह अचानक गोदाम में आग लग गई। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग बढ़ने के साथ ही पूरे इलाके में धुआं फैल गया, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। लोगों ने पानी डालकर तथा कार्बन गैस का छिड़काव कर आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के कारण आग को आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया गया।

गोदाम रिहायशी इलाके में स्थित होने के कारण आग लगने से आसपास के लोगों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया था। हालांकि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से एक बड़ा हादसा टल गया।

घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई और आग लगने के कारणों तथा हुए नुकसान को लेकर चर्चा होती रही। प्रशासनिक स्तर पर भी मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

## शांति समिति की बैठक

**बेलागंज/चाकंद।** मोहर्रम पर्व को लेकर चाकंद थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें थाना प्रभारी ने उपद्रवियों को सीधी चेतावनी दी है। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो चुका है।मोहर्रम के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने और सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बेहद सख्त रुख अख्तियार कर लिया है।

चाकंद थाना परिसर में आयोजित इस विशेष शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी शिवम कुमार ने तीखे और कड़े शब्दों में उपद्रवी तत्वों को ललकारा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि त्योहारों की आड़ में हुड़दंग, अफवाहबाजी या दंगा फैलाने की कोशिश करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

बैठक में मौजूद दोनों समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और शांति समिति के सदस्यों से थाना प्रभारी ने संवाद किया। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और सम्मान का प्रतीक हैं। अगर जुलूस या पर्व के दौरान कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे, तो तुरंत इसकी सूचना सीधे चाकंद थाना पुलिस को दें।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई ढील नहीं दी जाएगी।

## मुहर्रम को ले बैठक

**कोढा ।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कोलासी पुलिस शिविर अंतर्गत मधुरा,नक्कीपुर करमू टोला एवं नक्कीपुर कॉलोनी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोलासी पुलिस शिविर प्रभारी श्रवण कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, मुहर्रम कमेटी के सदस्य, खलीफा,कमेटी मेंबर एवं मेला मालिक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुहर्रम जुलूस, ताजिया निकालने की व्यवस्था, रूट निर्धारण, सुरक्षा व्यवस्था एवं आपसी समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई।

# मंदिर के पास शराब की सप्लाई करने वाला गिरोह धराया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले से बड़ी खबर सामने आई है। देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर के आसपास की दुकानों में अवैध विदेशी शराब की सप्लाई करने वाले एक बड़े गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब और शराब बनाने की सामग्री बरामद की है, साथ ही एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि रामगढ़ एसपी मुकेश कुमार लुनायत को गुप्त सूचना मिली थी कि गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बंदा में अशोक साव और अनिल साव अपने घरों में अवैध विदेशी शराब का निर्माण कर रहे हैं और तैयार शराब को रजरप्पा मंदिर क्षेत्र के आसपास की दुकानों में सप्लाई किया जा रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर कार्रवाई की। इस दौरान अवैध शराब, शराब बनाने की सामग्री सहित अन्य सामान जब्त किया गया। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर गैरकानूनी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जनता दरबार में भूमि विवाद का आपसी सहमति से हुआ निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** साप्ताहिक जनता दरबार के तहत शनिवार को एकमा अंचल कार्यालय में भूमि संबंधी मामलों की सुनवाई की गई। अंचलाधिकारी की अनुपस्थिति में राजस्व पदाधिकारी (आरओ) रामप्रवेश साहू ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित मामलों की समीक्षा की।

जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद से संबंधित एक नया आवेदन प्राप्त हुआ। वहीं पूर्व से लंबित मामलों की सुनवाई करते हुए एक भूमि विवाद का दोनों पक्षों की आपसी सहमति से सफलतापूर्वक निष्पादन कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि भूमि विवादों के त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारे के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है, ताकि लोगों को न्याय के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

सुनवाई के दौरान अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक सैयद मोहम्मद नजवी, अंचल नाजिर मोहम्मद जहरुद्दीन, लिपिक बृजेश कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह, अमीन सरोज कुमार आदि अन्य लोग मौजूद थे। वहीं विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं मामलों के निष्पक्ष निष्पादन के लिए एकमा थानाध्यक्ष राम बालक यादव तथा रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रिंस राज भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जनता दरबार में पहुंचे लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और भरोसा दिलाया कि भूमि संबंधी विवादों का नियमानुसार, पारदर्शी एवं शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# गायब छात्रा की तालाब में उपलाती मिली लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के सुखबाना गांव में शनिवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के एक तालाब में 13 वर्षीय किशोरी का शव पानी में उतराता हुआ मिला। शव के गले में दुपट्टा कसकर लिपटा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि किशोरी की गला घोंटकर हत्या करने के बाद शव को तालाब में फेंक दिया गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

मृतका की पहचान मेराल थाना क्षेत्र के दलेली गांव निवासी खुशबू कुमारी (13 वर्ष) के रूप में हुई है। उसके पिता बजरंगी साह गढ़वा शहर में मजदूरी करते हैं और सुखबाना गांव में किराये के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। खुशबू गढ़वा शहर स्थित शालीग्राम अग्रवाल मध्य विद्यालय की छात्रा थी।

मृतका के पिता ने बताया कि गुरुवार को करीब साढ़े 11 बजे खुशबू विद्यालय से घर लौटी थी। उसने अपना बैग घर में रखा और उसके बाद कहीं चली गई। उस समय घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं था। बाद में जब स्वजन घर पहुंचे तो बैग देखकर पता चला कि वह विद्यालय से वापस आई थी, लेकिन घर में नहीं थी। शाम तक उसके नहीं लौटने पर खोजबीन शुरू की गई। स्वजन लगातार उसकी तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इससे परिवार के लोग काफी परेशान थे।

शनिवार की सुबह गांव के कुछ लोगों ने तालाब में एक शव को पानी में उतराते हुए देखा। सूचना फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इसी दौरान खुशबू के स्वजन भी वहां पहुंचे और शव की पहचान की। शव को बाहर निकाला गया तो उसके गले में दुपट्टा लिपटा हुआ मिला। यह देख स्वजन दहाड़ मारकर रोने लगे।

घटना की सूचना मिलने पर गढ़वा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

पुलिस पूरे मामले की विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर मामला हत्या का माना जा रहा है।

# बारात से लौट रही कार दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

## मचा कोहराम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के काली मंदिर के समीप शनिवार की सुबह हुए एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार बसिया लोंगा गांव निवासी आकाश साहू उर्फ बजरंग की बरात कुम्हारिया गांव गई थी। शादी संपन्न होने के बाद शनिवार की सुबह सभी लोग अपने गांव लौट रहे थे। दूल्हा-दुल्हन अलग वाहन में सवार थे जबकि एक कार में दूल्हे के पिता कलेश्वर साहू, दीनबंधु साहू, रामवृक्ष पांडेय, मनोज ठाकुर और मुकुंद साहू सवार थे।

बताया जाता है कि काली मंदिर के पास पहुंचने पर चालक को अचानक झपकी आ गई जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। हादसा इतना भीषण था कि दूल्हे के पिता कलेश्वर साहू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वे वर्तमान में घाघरा प्रखंड में पंचायत सेवक के पद पर कार्यरत थे।

वहीं गंभीर रूप से घायल दीनबंधु साहू को सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया था लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अन्य घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है तथा पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## दिया गया प्रशिक्षण

**मनिहारी।** बिहार सरकार के पंचायती राज मिशन के तहत प्रखंड सभागार, मनिहारी में पंचायत विकास योजना विषय पर एक दिवसीय गैर - आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया संघ उपाध्यक्ष पिंटू कुमार यादव,मुखिया जर्जिस आलम, मुखिया राजकुमार मंडल,मुखिया प्रतिनिधि डॉ. मुस्लिम एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।प्रशिक्षण में मनिहारी प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत रोजगार सेवक,डाटा एंट्री ऑपरेटर, लेखा सह आईटी सहायक तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान पंचायत विकास योजनाओं के निर्माण, क्रियान्वयन और निगरानी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। मुखिया संघ उपाध्यक्ष पिंटू कुमार यादव ने कहा कि पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।वहीं मुखिया जर्जिस आलम ने कहा कि पंचायत विकास योजना गांवों की जरूरतों के अनुरूप विकास की मजबूत आधारशिला है।

# शिविर में डीएम ने रक्तदान कर लोगों को दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी कटिहार शाखा एवं लायंस क्लब ऑफ कटिहार के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला पदाधिकारी सह रेडक्रॉस अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्रनाथ सिंह, रेडक्रॉस चेयरमैन डॉक्टर रंजना झा, सचिव संतोष गुप्ता के साथ लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन काजल महासेठ ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रथम रक्तदाता के रूप मे जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर में अतिरिक्त आयरन का स्तर नियंत्रित रहता है। जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कम होता है। उन्होंने रेडक्रॉस एवं लायंस क्लब कटिहार के सदस्यों को ऐसे शिविर करने हेतु साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इस मौके पर लायन काजल महासेठ ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर 3 महीने यानी 90 दिन में सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकता है। रेडक्रॉस चेयरमैन डॉक्टर रंजना झा ने बताया कि एक बार रक्तदान करने से शरीर में लगभग 650 कैलोरी तक बर्न होती है। इसलिए रक्तदान स्वास्थ्य के लिहाज से फायेमंद है। रेडक्रॉस सचिव सह लायंस क्लब के ब्लड डोनेशन कमिटी चेयरपर्सन संतोष गुप्ता ने भी रक्तदान किया उन्होंने कहा कि मै पिछले 25 वर्षों से प्रतिवर्ष रक्तदान करता हूं। उन्होंने कहा कि ब्लड डोनेट करने के कुछ ही हफ़्तों में शरीर नई और स्वस्थ रक्त कोशिकाएं बनाने लगता है। इसलिए लोग रक्तदान से डरे नही। इस शिविर के संयोजक सह रेडक्रॉस प्रबंध समिति सदस्य अमित जायसवाल विक्की ने भी रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि आज कटिहार मे लगभग 200 यूनिट ब्लड प्रति माह थैलेसिमिया रोगी के लिए जरूरी है जो इसी प्रकार रक्तदान से ही संभव है।

# बदमाशों ने रात के अंधेरे में ट्रेन पर की पत्थरबाजी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले बंडामुंडा स्टेशन क्षेत्र के पास एक चलती एक्सप्रेस ट्रेन पर असामाजिक तत्वों द्वारा पथराव करने की गंभीर घटना सामने आई है। इस अचानक हुए हमले में ट्रेन संख्या 17008 दरभंगा-चेर्लापल्ली एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे एक यात्री को चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद रेलवे सुरक्षा बल ने मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों की तलाश और जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे की है। जब यह ट्रेन बंडामुंडा रेलवे स्टेशन को पार कर राउरकेला की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही थी, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए ट्रेन पर पत्थर फेंक दिया।

इस पथराव के दौरान जनरल कोच में खिड़की के पास बैठे बिहार के दरभंगा निवासी यात्री नीरज कुमार के हाथ में सीधा पत्थर आ लगा। पत्थर लगने से वह घायल हो गए और उनके हाथ से खून बहने लगा।

घटना के बाद घायल यात्री ने बिना देरी किए 'रेल मदद' प्रणाली के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की सूचना मिलते ही बंडामुंडा आरपीएफ के एएसआई एसके सिंह और हेड कांस्टेबल पीके वर्मा ने त्वरित कार्रवाई की।

वे तत्काल बंडामुंडा रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेलवे फाटक और ह्यकेह्ण केबिन क्षेत्र में पहुंचे। पुलिस ने आसपास के इलाके में संदिग्धों की काफी तलाश की, लेकिन रात का अंधेरा होने के कारण मौके से कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला। बाद में, जब ट्रेन झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन पर पहुंची, तो वहां पहले से अलर्ट रेलवे अस्पताल के चिकित्सा कर्मचारियों ने घायल यात्री नीरज कुमार को तुरंत अटेंड किया और उन्हें आवश्यक प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया।

# बदमाशों ने सरेआम चलायी गोली, दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के व्यस्ततम इलाके साकची में बदमाशों ने सरेआम फायरिंग कर दी। घटना साकची थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बंगाल क्लब रोड की है। यहां जुबली पार्क की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित अभिषेक जुबली स्टॉल के पास असामाजिक तत्वों ने दहशत फैलाने की नीयत से गोली चलाई। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी को गोली नहीं लगी और कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के तुरंत बाद पुलिस हरकत में आ गई है और मौके से एक खोखा बरामद कर मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह वारदात शुक्रवार रात करीब 10:40 बजे की है। आम दिनों की तरह साकची के बंगाल क्लब से जुबली पार्क की ओर जाने वाले मार्ग पर लोगों की खासी भीड़ थी।

अभिषेक जुबली स्टॉल के पास कई लोग जमा थे। इसी बीच एक अज्ञात युवक वहां पैदल ही पहुंचा। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, उसने अचानक अपना हथियार निकाला और इलाके में खौफ पैदा करने के मकसद से एक राउंड हवाई फायरिंग कर दी।

गोली की तेज आवाज सुनते ही वहां मौजूद दुकानदारों, राहगीरों और आसपास के आवासीय क्षेत्र के लोगों में चीख-पुकार मच गई। अपनी जान बचाने के लिए लोग बदहवास होकर इधर-उधर भागने लगे।

गोलीबारी से उपजे इस खौफ का असर ऐसा था कि देखते ही देखते आसपास की सभी दुकानें धड़ाधड़ बंद हो गईं और कुछ ही पलों में सड़क पर सन्नाटा पसर गया। फायरिंग करने के बाद वह युवक वहां से पैदल ही कुछ दूर भागा, जहां उसके दो अन्य साथी पहले से ही मोटरसाइकिल स्टार्ट कर उसका इंतजार कर रहे थे। वह बाइक पर बैठा और तीनों तेजी से मौके से फरार हो गए। गौरतलब है कि इस सड़क पर वैसे भी देर रात तक काफी चहल-पहल रहती है।

इन दिनों पास ही स्थित आम बागान के मैदान में 'डिज्नीलैंड मेला' भी लगा हुआ है। मेले की वजह से इलाके में सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक भीड़भाड़ थी। ऐसे में गोली चलने से घटना के वक्त लोगों के बीच दहशत का माहौल दोगुना हो गया।

गोलीबारी की सूचना मिलते ही साकची थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव तुरंत अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने एहतियात के तौर पर इलाके की घेराबंदी कर ली और छानबीन शुरू कर दी।

# री-नीट की परीक्षा आज, प्रशासन चौकस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से री-नीट संपन्न कराने को लेकर केंद्रीय एजेंसियां कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती। यही कारण है कि रविवार 21 जून को धनबाद के सात केंद्रों पर होने वाली री-नीट परीक्षा के लिए जिला प्रशासन से लेकर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां भी सक्रिय रहेंगी।

प्रत्येक केंद्र पर जिला पुलिस के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) भी तैनात होगी। हर केंद्र सुरक्षा घेरे में रहेंगे। छात्रों की जांच भी कई चरणों में होगी। मुख्य गेट के बाद अंदर परीक्षा कक्ष में प्रवेश के दौरान भी केंद्र समन्वयक के पूरी तरह सुनिश्चित होने के बाद ही जाने की अनुमति होगी।

री-नीट के लिए धनबाद म सात केंद्र बनाए गए हैं। इसमें आइआइटी आइएसएम, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, बीआइटी सिंदरी, एसएसएलएनटी महिला कालेज धनबाद, आरएस मोर कालेज गोविंदपुर, डिग्री कालेज जामाडोबा और केंद्रीय विद्यालय एक विनोद नगर शामिल है।

सातों केंद्र पर लगभग चार हजार छात्र परीक्षा देंगे। सबसे अधिक 960 छात्र आइआइटी आइएसएम परिसर में परीक्षा देंगे। इसके बाद बीबीएमकेयू में 720, आरएस मोर कालेज गोविंदपुर में 500 और शेष चार परीक्षा केंद्रों पर 1500 से अधिक छात्र नीट में शामिल होंगे। नीट एक ही पाली में दोपहर दो से संध्या 5:15 बजे तक होगी।

# आधार केंद्र पर फर्जीवाड़ा धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** साहिबगंज में आधार सेवा केंद्रों की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मंडरो प्रखंड स्थित आधार केंद्र में कथित रूप से क्लोन (फर्जी फिंगर) के सहारे आधार संबंधी कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर संवेदनशील रहे जिले में इस खुलासे ने पहचान दस्तावेजों की सुरक्षा और सत्यापन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मंडरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय की दूसरी मंजिल में संचालित आधार सेवा केंद्र में कथित अनियमितता का मामला सामने आया है। मंडरो सीओ संजय कुमार शुक्ला ने आधार केंद्र में कार्य कर रहे एक युवक को पकड़कर पूछताछ की। जांच के दौरान पता चला कि आधार केंद्र का संचालन जिस अधिकृत ऑपरेटर के नाम से होना चाहिए, उसकी अनुपस्थिति में एक अन्य युवक कार्य कर रहा था। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि अधिकृत ऑपरेटर की गैरमौजूदगी में कथित रूप से क्लोन (फर्जी फिंगर) के सहारे आधार सिस्टम में लॉगिन कर कार्य कराया जा रहा था। लोगों का कहना है कि आधार केंद्र में अधिकृत ऑपरेटर की पहचान, मोबाइल नंबर और निर्धारित शुल्क की जानकारी भी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं की गई थी। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह आधार नामांकन और संशोधन प्रक्रिया के नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा।

मामले की जानकारी मिलते ही साहिबगंज के उपायुक्त दीपक कुमार दूबे ने संबंधित अधिकारियों से पूरी रिपोर्ट तलब की। डीसी ने बताया कि मंडरो सीओ संजय कुमार शुक्ला मामले की जांच कर रहे हैं।

परिवार ने जारी किया बयान

## पिता हैं बीमार, फिर भी देश के लिए खुद को मैदान पर झोंक रहे लियोनेल मेसी

**नई दिल्ली** । फीफा वर्ल्डकप 2026 का आगाज अर्जेंटीना ने धमाकेदार जीत के साथ किया है। अल्जीरिया के खिलाफ खेले गए मुकाबले में मेसी ने तीन गोल दागते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, मैदान पर अपने खेल से हर किसी का दिल जीत रहे मेसी अंदर से बेहद परेशान हैं। मेसी के पिता जॉर्ज मेसी बीमार हैं और वह स्वास्थ्य संबंधी



समस्या से लड़ाई लड़ रहे हैं। यही वजह है कि अल्जीरिया के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पहला गोल करने के बाद मेसी भावुक भी हो गए थे। सोशल मीडिया पर मेसी के पिता को लेकर चल रही तमाम तरह की अटकलों और अफवाहों के बीच उनके परिवार का बयान सामने आया है। मेसी के परिवार ने इस मुश्किल समय में गोपनीयता का सम्मान करने की अपील की है। इसके साथ ही परिवार ने बताया है कि मेसी के पिता बीमार हैं, लेकिन उनकी हेल्थ में लगातार सुधार हो रहा है। परिवार ने इसके साथ ही मेसी के पिता को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों पर नाराजगी भी जाहिर की है। परिवार ने बताया कि डॉक्टरों की देखरेख में जॉर्ज मेसी का इलाज चल रहा है। परिवार ने बयान में कहा, 'जॉर्ज मेसी स्वास्थ्य संबंधी स्थिति से उबर रहे हैं। वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है।' परिवार ने मेसी के पिता को लेकर किसी भी तरह की अफवाह न उड़ाने की भी अपील की। परिवार ने साफ किया कि जॉर्ज मेसी की हेल्थ को लेकर उनके द्वारा दी गई जानकारी को ही सही माना जाए और तमाम तरह की रिपोर्ट्स पर भरोसा न जताया जाए। मेसी के परिवार ने सभी से संयम और मानवता दिखाने का भी आग्रह किया। मेसी ने अल्जीरिया के खिलाफ किए गए तीन गोल के साथ ही जर्मनी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी मिरोस्लाव क्लोज के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की।

डिफेंडर ने किया डिफेंड

## 'सिर्फ एक खिलाड़ी की आलोचना नहीं होनी चाहिए',

**न्यूयॉर्क** । फीफा वर्ल्ड कप 2026 में डीआर कांगो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो की काफी आलोचना हुई। रोनाल्डो टीम के पहले मुकाबले में पूरी तरह से बेअसर दिखाई दिए। हालांकि, पुर्तगाल के डिफेंडर रूबेन डायस ने रोनाल्डो का बचाव किया है। रूबेन ने रोनाल्डो पर भरोसा जताते हुए कहा कि आलोचना सिर्फ एक खिलाड़ी की नहीं की जानी चाहिए। डीआर कांगो के खिलाफ



रोनाल्डो के पास 25 बार गेंद आई, लेकिन वह टारगेट पर शॉट लगाने, टीम के साथी को असिस्ट करने या ड्रिबल की कोशिश में विरोधी को हराने में नाकाम रहे। 'सिन्हुआ' की रिपोर्ट के अनुसार, पुर्तगाल को आक्रमण में अधिक तेज और फुर्तीला खिलाड़ी उतारने से फायदा मिल सकता था। हालांकि, डायस ने कहा कि टीम अभी भी 41 वर्षीय स्टार खिलाड़ी पर पूरा भरोसा करती है, जो अपने करियर का छठा वर्ल्ड कप फाइनल खेल रहे हैं। डियास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए बताया, 'क्रिस्टियानो रोनाल्डो, बेशक, मीडिया के उस प्रेशर से निपटने के आदी हैं जिसका हम आमतौर पर क्लब, राष्ट्रीय टीम, विश्व टूर्नामेंट और यूरोपीय प्रतियोगिता में सामना करते हैं। इस तरह की प्रतियोगिता में यह कभी भी परफेक्ट नहीं होगा।'

डिफेंडर ने कहा कि आलोचना केवल एक खिलाड़ी की नहीं होती। क्रिस्टियानो रोनाल्डो सबसे ज्यादा चर्चा में रहते हैं, इसलिए उन पर ज्यादा ध्यान जाता है, लेकिन पूरी टीम इसकी जिम्मेदार होती है। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है, क्योंकि टीम के साथ ऐसा पहले भी होता रहा है और आगे भी होता रहेगा। उन्होंने आगे कहा, 'आलोचना हमारे लिए ज्यादा मायने नहीं रखती।



कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए किया क्वालिफाई

श्रीलंका के खिलाड़ी ने जीता गोल्ड मेडल

# चौथे नंबर पर रहे नीरज

**नई दिल्ली।** नीरज चोपड़ा ने लंबे वक्त के बाद मैदान पर वापसी की, लेकिन उनकी वापसी ज्यादा सफल नहीं हो पाई। उन्होंने 2026 दोहा डायमंड लीग में चौथा स्थान हासिल किया और उनका बेस्ट थ्रो इस इवेंट में 85.69 मीटर का रहा। इस इवेंट में कुछ ही बड़े थ्रो देखने को मिले। सबसे बड़ा थ्रो श्रीलंका के उभरते हुए जैवलिन सुपरस्टार और मौजूदा वर्ल्ड लीड रुमेश थरंगा पथिराज ने किया। रुमेश ने चौथे राउंड में 88.68 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंककर दोहा लेग जीता और गोल्ड मेडल हासिल किया। 2026 दोहा डायमंड लीग में दूसरे नंबर पर एंडरसन पीटर्स रहे जिन्होंने 86.38 मीटर का बेस्ट थ्रो किया और उन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया जबकि मौजूदा वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट कर्टिस थॉम्पसन ने 85.99 मीटर का बेस्ट थ्रो किया और तीसरे नंबर पर रहे। आम तौर पर 90 मीटर से ज्यादा दूर तक थ्रो फेंकने के लिए मशहूर इस जगह पर (नीरज का एकमात्र 90 मीटर से ज्यादा का थ्रो पिछले साल यहीं आया था, जब वे जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे) थ्रोअर्स को अपनी लय पाने में संघर्ष करना पड़ा। इस इवेंट के पहले राउंड में थॉम्पसन आगे रहे, दूसरे और तीसरे राउंड में एंडरसन पीटर्स आगे रहे, और फिर चौथे राउंड में पाथिराज ने बढ़त बना ली। यहां पर नीरज ने फाउल के साथ शुरुआत की और फिर 82.77 मीटर का थ्रो करके अपना पहला मार्क हासिल किया। उनका सबसे अच्छा थ्रो तीसरे राउंड में आया जब उन्होंने 85.69 मीटर का थ्रो किया और उस समय यह तीसरे स्थान के लिए काफी था। इसके बाद उन्होंने 83.45 मीटर का थ्रो किया और जब वे टॉप तीन में जगह बनाने की कोशिश कर रहे थे, तो पांचवें राउंड में फाउल कर बैठे।

### कॉमनवेल्थ गेम्स का कटाया टिकट

डायमंड लीग में केवल टॉप तीन खिलाड़ियों को ही छठे राउंड में थ्रो करने का मौका मिलता है और इसका मतलब था कि फाउल के साथ ही नीरज की वापसी का सफर खत्म हो गया। हालांकि नीरज का 85.69 मीटर का थ्रो एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के 83.5 मीटर के क्वालिफद्धकेशन स्टैंडर्ड को पूरा करने के लिए काफी था और इसका मतलब यह है कि नीरज ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है।

## 'जर्सी दोबारा पहनकर गर्व महसूस हो रहा'

### वनडे फॉर्मेट में अपनी शानदार वापसी पर बोले ईशान किशन

**नई दिल्ली** । भारत ने दूसरे वनडे मुकाबले में अफगानिस्तान को 170 रनों से हराया। टीम की इस जीत में ईशान किशन ने बल्ले से अहम योगदान दिया। ईशान ने वनडे फॉर्मेट में अपनी सफल वापसी को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि वह टीम इंडिया की जर्सी में फिर से वनडे क्रिकेट में वापसी कर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। ईशान ने सिर्फ 79 गेंदों का सामना करते हुए 125 रनों की धमाकेदार पारी खेली। अपनी इस पारी में ईशान ने 14 चौके और 7 गगनचुंबी छक्के लगाए। ईशान ने कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 140 गेंदों में 224 रनों की लाजवाब साझेदारी निभाई। ईशान और गिल की शतकीय पारी के बूते भारतीय टीम ने स्कोरबोर्ड पर 402 रन लगाए। वनडे टीम में अपनी वापसी को लेकर बात करते हुए ईशान ने कहा कि भारत का फिर से प्रतिनिधित्व करना किसी भी उपलब्धि से कहीं ज्यादा मायने रखता है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर किए वीडियो में कहा, 'मुझे अभी बहुत गर्व महसूस हो रहा है क्योंकि मैं लंबे समय के बाद यह जर्सी पहन रहा हूं। मैं इस बात से और ज्यादा खुश हूं कि मैं इस टीम का हिस्सा हूं, जहां अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है। मैं बस भारत को और मैच जिताने की उम्मीद कर रहा हूं।' ईशान ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेली जा रही वनडे सीरीज से पहले अपना आखिरी एकदिवसीय मुकाबला साल 2023 में खेला था। ईशान ने कहा कि वह अपने रिकॉर्ड से ज्यादा इस बात पर ध्यान देना चाहते हैं कि टीम की जीत में कैसे योदगान दे सकते हैं।



## यात्राओं पर रोक की फीफा से शिकायत करेगा ईरान



**तेहरान** । ईरान के फुटबॉल फेडरेशन ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के दौरान सह-मेजबान अमेरिका द्वारा ईरान टीम पर लगाई गई यात्रा पाबंदियों पर निराशा जताई है। इस मामले पर गवर्निंग बॉडी ने फीफा में आधिकारिक तौर पर शिकायत करने का फैसला किया है। ईरान के खिलाड़ियों को मैच से एक दिन पहले ही अमेरिका आने की इजाजत है। उन्हें अपने वीजा की शर्तों के तहत मैच वाले दिन ही देश छोड़ना होगा। ये शर्त ईरान के बेल्जियम खिलाफ होने वाले अगले मैच में घातक हो सकता है। ईरान के फुटबॉल फेडरेशन ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा, 'हमारा मानना है कि इस तरह की पाबंदियां सभी हिस्सा लेने वाली टीमों को बराबर माहौल देने के नियम के खिलाफ हैं और टीमों की तैयारी की प्रक्रिया पर बुरा असर डाल सकती हैं। फेडरेशन आधिकारिक तौर पर अपनी नाराजगी जाहिर करेगा और सही तरीकों से फीफा में आधिकारिक तौर पर फीफा से शिकायत करेगा। 'फेडरेशन ने कहा, 'इन दिक्कतों के बावजूद, ईरान की नेशनल टीम अपनी तैयारी जारी रखेगी और बेल्जियम के खिलाफ अपने आने वाले मैच पर पूरा फोकस रखेगी।' इससे पहले, ईरान के कोच आमिर घालेनोई ने कहा था कि लॉस एंजिल्स में न्यूजीलैंड के साथ अपने शुरुआती गेम में 2-2 से ड्रॉ के बाद वे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा दबाव में हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में घालेनोई ने कहा था, हमारी टीम को अचानक बताया गया कि उन्हें लॉस एंजिल्स में मैच के तुरंत बाद मेक्सिको लौटना होगा। हमें प्लेन में बैठकर तिजुआना में अपने कैंप में लौटने के लिए कहा गया है, और हम इससे सच में परेशान हैं।

# ब्राजील ने हैती को 3-0 से हराया

### ऑस्ट्रेलिया को हरा अमेरिका अगले राउंड में पहुंचा



**नई दिल्ली।** मोरक्को के खिलाफ अपने पहले मैच में निराशाजनक ड्रॉ के बाद, ब्राजील ने फिलाडेल्फिया में हैती को 3-0 से हराकर फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज की। सेलेसाओ (ब्राजील की टीम) ने शुरुआत से ही इस मैच में दबदबा बनाए रखा और उन्हें लगा कि राफिन्हा ने उन्हें शुरुआती बढ़त दिला दी है, लेकिन ऑफसाइड होने के कारण गोल को अमान्य करार दिया गया। 23वें मिनट में उनके दबाव का आखिरकार फायदा मिला, जब बॉक्स के अंदर हुई गहमागहमी के बाद मैथियस कुन्हा ने गोल कर दिया। कुन्हा ने 36वें मिनट में ब्राजील की बढ़त को दोगुना कर दिया और विनीसियस जूनियर के पास पर उन्होंने तेजी से जवाबी हमला करते हुए गोल किया। इसके बाद रियल मैड्रिड के इस स्टार खिलाड़ी ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में खुद भी गोल किया उन्होंने लुकास पाक्वेटा के पास पर तेज़ी से दौड़ लगाई और शांति से जॉनी प्लासिड को छकाते हुए गेंद को गोल में पहुंचा दिया।



### यूएसए ने अगले दौर में बनाई जगह

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में मेजबान टीम अमेरिका का शानदार प्रदर्शन जारी है और इस टीम ने ग्रुप डी के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हरा दिया और अगले दौर यानी राउंड ऑफ 32 में जगह पक्की कर ली। सिएटल स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही ऑस्ट्रेलिया पर अटैक करना शुरू कर दिया था। उन्होंने मैच के पहले हाफ में ही दो गोल दागकर ऑस्ट्रेलिया को पूरी तरह से बैकफुट पर धकेल दिया था। खेल के 11वें मिनट में ही अमेरिका ने अपना पहला गोल किया और बढ़त को 1-0 कर दिया जिसके बाद से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम और दवाब में नजर आई। इसके बाद पहले हाफ खत्म होने से ठीक पहले अमेरिका ने अपनी बढ़त को 2-0 कर लिया। मैच के 43वें मिनट में सर्जिनो डेस्ट ने गोल करने का एक बेहतरीन प्रयास किया। इसी दौरान मिले एक मौके का फायदा उठाते हुए एलेक्स फ्रीमैन ने डी-बॉक्स के अंदर से एक शानदार हेडर लगाया और गेंद को सीधे गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। इस तरह हाफ-टाइम तक अमेरिका 2-0 से आगे हो गया। अगले हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई और अमेरिका (यूएसए) को जीत मिली।

मेक्सिको ने साउथ कोरिया को 1-0 से हराया

## नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली टीम बनी

**नई दिल्ली** । मेक्सिको ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के नॉकआउट चरण में अपनी जगह बना ली है। ग्वाडलाहारा के एक्रोन स्टेडियम में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में मेक्सिको ने साउथ कोरिया को 1-0 से हराते हुए राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह पक्की की। मैच की शुरुआत से ही मेक्सिको का गेंद पर ज्यादा कंट्रोल देखने को मिला। हालांकि, साउथ कोरिया ने भी धीरे-धीरे मैच में अपनी पकड़ बनाई। दोनों टीमों की तरफ से आक्रामक खेल देखने को मिला, लेकिन पहले हाफ में कोई भी टीम गोल करने में नाकाम रही। मेक्सिको और साउथ कोरिया के डिफेंस ने पहले हाफ में दमदार प्रदर्शन किया। हालांकि, दूसरे हाफ की शुरुआत के साथ ही मेक्सिको मैच में 1-0 की बढ़त हासिल करने में सफल रही। मेक्सिको के लिए मैच का पहला गोल 50वें मिनट में लुईस रोमो ने दागा। गुटिएरेज के बेहतरीन थ्रू बॉल का फायदा उठाते हुए लुईस ने शानदार शॉट के साथ गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचाया। इस गोल के साथ ही मेक्सिको के घरेलू समर्थक भी झूम उठे। हालांकि, इसके बाद साउथ कोरिया ने कई हमले किए, लेकिन वह मेक्सिको के डिफेंस को नहीं भेद सका। मैच के अंतिम क्षणों में साउथ कोरिया गोल करने के बेहद करीब था, लेकिन मेक्सिको के गोलकीपर रेंगल ने शानदार बचाव करते हुए टीम की बढ़त को बरकरार रखा।



# कम सैलरी में दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़ेंगे पंत

### युवराज को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी, लखनऊ जाएंगे कुलदीप यादव

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के खत्म हुए अभी एक महीना भी नहीं हुआ है, लेकिन कई बड़े बदलाव के संकेत अभी से ही मिलने लगे हैं। इसमें सबसे अहम नाम लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत का है साथ ही इसमें कुलदीप यादव और युवराज सिंह जैसे कुछ बड़े नाम नाम भी शामिल है। क्रिकबज के मुताबिक ऋषभ पंत की फिर से दिल्ली कैपिटल्स में वापसी होने वाली है जहां नया मैनेजमेंट स्ट्रक्चर लागू होने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स की कमान अगले दो साल तक अब पार्थ जिंदल की छ्व्स्ङ्ख कंपनी के पास रहने वाली है ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ के साथ एक ट्रेड शुरू किया है। इस समझौते के तहत पंत दिल्ली कैपिटल्स में वापसी करेंगे। वे 2025 आईपीएल नीलामी से पहले रिलीज किए जाने से पहले नौ सीजन तक इसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे थे। इस ट्रेड में कुलदीप यादव लखनऊ जाएंगे। खिलाड़ियों के इस अदला-बदली से पंत और कुलदीप दोनों की ही एक तरह से घर वापसी होगी। इस लेन-देन की सटीक जानकारी अभी नहीं मिली है लेकिन यह पक्का है कि इस बदलाव के तहत पंत की सैलरी में काफी कटौती होगी।

**15 करोड़ हो सकती है पंत की सैलरी-** पंत के ट्रेड में सबसे बड़ी रुकावट उनकी 27 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड-तोड़ सैलरी थी। किसी भी फ्रेंचाइजी के लिए इतनी ज्यादा फीस वाले खिलाड़ी को टीम में शामिल करना तुरंत मुमकिन नहीं था। पता चला है कि पंत इस बदलाव को आसान बनाने के लिए अपनी प्राइस कम करने को तैयार हो गए हैं ठीक वैसे ही जैसे पिछले सीजन में राजस्थान रॉयल्स से जुड़ते समय रविंद्र जडेजा ने किया था। माना जा रहा है कि पंत की नई फीस उनकी मौजूदा सैलरी के आधे से थोड़ी ज्यादा होगी। सूत्रों के मुताबिक यह विकेटकीपर-बल्लेबाज लगभग 15 करोड़ रुपये की फीस पर सहमत हो गया है। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स में कुलदीप की फीस 13.25 करोड़ रुपये ही बनी रहेगी। माना जा रहा है कि इस ट्रेड से जुड़े कागजात मंजूरी के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पास हैं।



जुड़ सकते हैं युवराज सिंह

इस बीच ये भी खबर सामने आई है कि युवराज सिंह दिल्ली कैपिटल्स की कोचिंग टीम में शामिल होंगे। छ्व्स्ङ्ख के मैनेजमेंट संभालने के साथ ही, सौरव गांगुली क्रिकेट मामलों के हेड के तौर पर टीम में लौट रहे हैं और माना जा रहा है कि उन्होंने ही भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को कोचिंग स्टाफ का हिस्सा बनाया है। गांगुली की वापसी के बाद भी पिछले दो सीजन से टीम के हेड कोच रहे हेमांग बदानी भी टीम के साथ शायद बने रहेंगे। बदानी और कप्तान अक्षर पटेल की अगुवाई में दिल्ली कैपिटल्स हाल ही में खत्म हुए सीजन में छठे स्थान पर रही थी। टीम ने सीजन की शुरुआत तो जबरदस्त की थी, लेकिन सीजन के दूसरे हाफ में उनकी लय बिगड़ गई और आखिर में वे प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाए।

# नीट परीक्षा को लेकर एसडीओ ने परीक्षा केन्द्रों पर लागू की निषेधाज्ञा

## आज पलामू के चार केन्द्रों पर होगी परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (नीट) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा 21 जून 2026 को होगी। पलामू जिले में 4 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा का संचालन अपराह्न 2 से 5:15 बजे तक होगी। परीक्षा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, जैमर, बायोमेट्रिक उपस्थिति यंत्र अधिष्ठापित किया गया है।

परीक्षा आयोजन को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा घोषित किया गया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडे ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान बी.एन.एस.एस. के अंतर्गत निषेधाज्ञा घोषित की है। यह निषेधाज्ञा परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। निषेधाज्ञा घोषित होने से परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी व्यक्ति घातक हथियार लाठी (बूढ़ा एवं अपंग) को छोड़कर भाला, गड़ासा, छूरा, अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। वहीं दाह-संस्कार, धार्मिक एवं शादी-विवाह के जुलूस को छोड़कर पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ मजमा बनाकर नहीं चलेगा। कोई भी संस्था/व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित होगा। परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/वीक्षक/ परीक्षार्थी/पुलिस बल को छोड़कर कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में नहीं जायेगा। कोई भी व्यक्ति मटरगश्ती नहीं करेगा या चिट-पुर्जा, प्रश्नपत्र वितरित नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि के अंदर सभी फोटो स्टेट (फोटो कॉपी) के दुकान में परीक्षा संबंधी कोई भी अनुचित कार्य नहीं होंगे।

# प्रभात फेरी के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश

## विद्यार्थियों ने चलाया जन जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को प्लस टू एच.ई. हाई स्कूल, गिरिडीह से प्रभात फ़ेरी निकाली गई। जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। प्रभात फ़ेरी विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर झंडा मैदान, सदर अस्पताल, टावर चौक सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं



एवं शिक्षकों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर आमजनों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने 'हम सब का एक ही नारा, नशा मुक्त जीवन हो हमारा', 'नशा छोड़ें, शिक्षा चुनें', 'नशा को ना कहें, जीवन को हां कहें' तथा 'नशा छोड़ें, परिवार जोड़ें' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान युवाओं को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में भी बाधक बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी से ही नशामुक्त समाज के निर्माण का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह अभियान आगामी दिनों में भी विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जारी रहेगा, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जा सके जिला प्रशासन ने लोगों से नशे के खिलाफ जागरूक होकर स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की है।

# जलस्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कर संरक्षित करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गुप्ता ने हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जलस्त्रोतों, नदी-नालों, जलमार्गों, जलाशयों एवं तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कर संरक्षित करने की मांग को लेकर उपायुक्त हजारीबाग को आवेदन सौंपा है। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय तथा मुख्यमंत्री के हालिया निर्देशों के आलोक में जलस्त्रोतों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए त्वरित कार्रवाई आवश्यक है। मनोज गुप्ता ने कहा कि वर्ष 1954 में छड़वा डैम के लिए 378 एकड़ भूमि का अधिग्रहण शहर की पेयजल आपूर्ति हेतु किया गया था। उस समय शहर की आबादी लगभग 30 हजार थी, जो अब बढ़कर करीब 3 लाख हो चुकी है। इसके बावजूद डैम से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि डैम की बड़ी भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कब्जा कर बिक्री की जा रही है। उन्होंने डैम की मापी, अतिक्रमण हटाने तथा गहरीकरण की मांग की है। उन्होंने रोमी-पेलावल से शिवपुरी, रामनगर और कुम्हारटोली होते हुए खिरगांव तक जाने वाले प्रमुख नाले पर हुए अतिक्रमण का भी मुद्दा उठाया। उनके अनुसार 50 फीट चौड़ा नाला कई स्थानों पर सिमटकर मात्र 10 फीट रह गया है, जिसके कारण बरसात में सैकड़ों घरों में गंदा पानी प्रवेश कर जाता है। उन्होंने पूर्व में झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका संख्या 6711/2009 भी दायर की थी। उन्होंने नाले को अतिक्रमण मुक्त कर गहरीकरण एवं गार्डवाल निर्माण की मांग की। मनोज गुप्ता ने सालगांव स्थित गोंदा डैम से निकलने वाली नदी पर भी व्यापक अतिक्रमण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मापी के बाद कई अतिक्रमणकारी चिह्नित किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नदी के प्राकृतिक जलमार्ग को बहाल करने के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के 22 तालाबों की दुर्दशा पर भी चिंता व्यक्त की। उनके अनुसार धोबिया तालाब, ओकनी तालाब और कस्तूरीखाप तालाब सहित अधिकांश तालाबों की भूमि पर अवैध कब्जा हो चुका है। उन्होंने बताया कि सभी तालाबों की सूची उपायुक्त, महापौर एवं नगर आयुक्त को उपलब्ध करा दी गई है और जल संरक्षण के लिए इन्हें अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई है।

# विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

## मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को नया परिसदन भवन, गिरिडीह में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को राज्य स्तरीय दिशा समिति (दिशा), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य देवेश तिवारी ने संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक उपाध्याय एवं नवीन सिन्हा भी मौजूद रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वक्ताओं ने मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश



डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए कई ऐतिहासिक योजनाओं को धरातल पर उतारा है। वक्ताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, जबकि आयुष्मान भारत योजना के जरिए गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों परिवारों को पक्का आवास मिला है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना तथा कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया है प्रेस वार्ता में डिजिटल इंडिया अभियान की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। बताया गया कि यूपीआई, आधार आधारित सेवाओं तथा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंच रहा है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उज्ज्वला योजना, स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इन योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और हर घर बिजली जैसी योजनाओं को भी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल बताया गया देवेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार लगातार कार्य कर रही है और आने वाले वर्षों में भी जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के सवालों का भी जवाब दिया गया तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों से संबंधित जानकारी साझा की गई।

# 26वीं यूथ झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बोकारो का शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** धनबाद जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में केके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, गोविंदपुर (धनबाद) में आयोजित 26वीं यूथ झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2026 में बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की बालक एवं बालिका टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बालक टीम ने कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया, जबकि बालिका टीम चौथे स्थान पर रहकर भी अपने शानदार खेल से सभी का दिल जीतने में सफल रही। बालक वर्ग में बोकारो टीम ने अपने पहले मुकाबले में दुमका को 42-27 से पराजित कर जीत के साथ अभियान की शुरुआत की। दूसरे मुकाबले में जैप-1 के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। लीग चरण के तीसरे



मुकाबले में ईस्ट सिंहभूम से 19-39 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। क्वार्टर फाइनल में बोकारो ने सरायकेला को 23-12 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में जमशेदपुर के खिलाफ बेहद रोमांचक मुकाबले में बोकारो को 35-37 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में बोकारो का सामना बीएसएल सेल की टीम से हुआ, जहां खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 37-34 से जीत दर्ज कर कांस्य पदक अपने नाम किया। बालक टीम के कप्तान साहिल ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके नेतृत्व में कृष्णा, नमन, मन्नत, श्रेयश, अनमोल, नवीन, हर्ष, कन्हैया, मनीष एवं हर्षनाथ ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं बालिका वर्ग में बोकारो टीम ने सरायकेला को 24-20 तथा छोटानागपुर को 30-23 से पराजित किया। तीसरे लीग मुकाबले में जमशेदपुर के खिलाफ 39-45 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां रांची को 22-09 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में बोकारो का मुकाबला टाटा स्टील से हुआ, जिसमें टीम को 39-47 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में जमशेदपुर के खिलाफ संघर्षपूर्ण खेल दिखाने के बावजूद बोकारो की टीम 22-29 से हार गई और चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रही। हालांकि 31 टीमों के बीच चौथा स्थान हासिल करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि रही। बालिका टीम की कप्तान सेजल के नेतृत्व में शाम्भवी, सौम्य, सान्वी, प्राची, आकांक्षा, अंकिता, हर्षिका, माही, नंदनी, शिमरन एवं अदिति ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों और खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। टीम के कोच किंकर कृष्णा, आकाश मंडल, संता एवं निशांत ने अपने अनुभव और मार्गदर्शन से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, जिसका परिणाम पूरे चैंपियनशिप में बोकारो के शानदार प्रदर्शन के रूप में देखने को मिला। इस उपलब्धि से बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन में खुशी की लहर है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सतेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि बोकारो की टीम पिछले डेढ़ वर्षों से लगातार राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना किसी सरकारी अथवा जिला प्रशासन की सहायता के खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में भेजना और उनकी व्यवस्था करना काफी चुनौतीपूर्ण कार्य है।

# 9500 किलोग्राम जावा महुआ एवं 800 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त

## चौपारण के पहाड़ी एवं जंगल क्षेत्र में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, संचय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज चौपारण थाना क्षेत्र के लोहरा गांव में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया।

सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशन तथा निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में चौपारण थाना के सहयोग से संचालित इस अभियान के दौरान घने पहाड़ी क्षेत्र की तलहटी एवं जंगलों में छिपाकर संचालित की जा रही अवैध चुलाई शराब निर्माण

## शराब बनाने की सामग्री व उपकरण भी किये गए जब्त

की भट्ठियों का पता लगाकर उन्हें ध्वस्त किया गया। मौके से शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री एवं उपकरण भी जब्त किए गए। छापेमारी के दौरान लगभग 9500 किलोग्राम किन्वयन योग्य जावा महुआ को विनष्ट किया गया। साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त बर्तन एवं अन्य सामग्री जब्त की गई तथा करीब 800 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई।

उत्पाद विभाग द्वारा इस अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है तथा उनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में निरीक्षक उत्पाद सौरव कुमार झा, अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सय्यद बसिरुद्दीन, सहायक अवर निरीक्षक एंटोनी बागे, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह, सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवानों तथा चौपारण थाना पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही।

# नशा मुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली के संदेश के साथ निकली साइकिल रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शनिवार को पलामू में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। साइक्लोथॉन को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



साइक्लोथॉन में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, खेल प्रेमियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्धारित मार्ग से होते हुए साइक्लोथॉन पुलिस लाइन पहुंचा, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान आयोजित साइकिल रेस के पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेताओं को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग में अंकित यादव ने प्रथम, उत्कर्ष राज ने द्वितीय एवं अनव उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में स्वीटी प्रथम, वीणा द्वितीय, अंशू तृतीय तथा अंसिका चतुर्थ स्थान पर रहीं। सभी विजेता प्रतिभागियों को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि नशा केवल मादक पदार्थों का ही नहीं होता, बल्कि मोबाइल और गलत संगति का भी नशा युवाओं के जीवन को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के मस्तिष्क को मनोवैज्ञानिक रूप से इस प्रकार जकड़ लेता है कि वह उसके बिना रह नहीं पाता। नशा व्यक्ति को सुन्न कर देता है, जिससे उसे क्षणिक और कृत्रिम प्रकार का आराम (फ़ेक रिलैक्सेशन) महसूस होता है, जबकि वास्तविकता में यह उसके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन को नुकसान पहुंचाता है। उपायुक्त ने कहा कि आज का युवा वर्ग अनेक चुनौतियों और समस्याओं से जूझ रहा है, जिनमें नशे की प्रवृत्ति एक गंभीर समस्या बनकर उभरी है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि नशा करना ही है तो पढ़ाई, खेल, नवाचार और देशभक्ति का नशा होना चाहिए। खेल और शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता ही युवाओं को सफलता के शिखर तक पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं को खेल, पुस्तकों, नए आविष्कारों और देश के प्रति निष्ठा का जुनून विकसित करना चाहिए। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि झारखंड प्रतिभाओं की भूमि है और यहां खेल-कूद के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यदि युवाओं को उचित मार्गदर्शन, अवसर और प्रोत्साहन मिले तो वे राज्य एवं देश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रौशन कर सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खेल विभाग, पलामू जिला साइक्लिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# शिविर में लाभुकों के बीच बांटे गए कपड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत शनिवार को जिले के सभी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों में विशेष शिविर आयोजित कर लाभुकों के बीच धोती, साड़ी एवं लूंगी का वितरण किया गया। इस दौरान लाभुकों को निर्धारित दर पर वस्त्र उपलब्ध कराए गए।इसी क्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या-20 स्थित जन वितरण प्रणाली विक्रेता श्री सुधीर कुमार की दुकान पहुंचे। यहां उन्होंने लाभुकों के बीच धोती, साड़ी एवं लूंगी का वितरण किया तथा योजना के क्रियान्वयन का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने



लाभुकों से संवाद कर वितरण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने का निर्देश दियाउपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को रियायती दर पर आवश्यक वस्त्र उपलब्ध कराना है। उन्होंने लाभुकों से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं अन्य पात्र लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी,जन वितरण प्रणाली विक्रेता एवं बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

# कांग्रेस की बैठक में 50 से अधिक लोगों ने थामा पार्टी का दामन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांवा प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को गांवा एवं तिसरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक, बीएलए प्रशिक्षण शिविर तथा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अन्य दलों से जुड़े लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। विशेष रूप से महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। वहाब खान के नेतृत्व में 50 से अधिक लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ली। नए सदस्यों का स्वागत जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश केडिया, पूर्व जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, विधानसभा प्रभारी हसनैन आलम, प्रखंड प्रभारी सुदामा राम एवं प्रखंड अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर किया। इस अवसर पर सतीश केडिया ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा एवं नेता राहुल गांधी के विचारों से प्रेरित होकर पार्टी से जुड़ने वाले सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत है।

# कोई भ्रम में ना रहे, कांग्रेस एकजुट है : केशव महतो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची स्थित कांग्रेस भवन में शनिवार को पार्टी ने एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की। हाल ही में संपन्न हुए राज्यसभा चुनाव के परिणामों के बाद उत्पन्न परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए कांग्रेस नेताओं ने एकजुटता का संदेश दिया। पार्टी ने साफ किया है कि हार के बावजूद गठबंधन अटूट है और वे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस के विधायकों ने एकजुट होकर मतदान किया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को इस बात पर मंथन करना चाहिए कि उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन क्यों किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस चुनाव में धनबल का प्रयोग हुआ और झारखंडी अस्मिता की बोली लगाई गई। पार्टी का मानना है कि गठबंधन केवल राज्यसभा चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य के भविष्य के लिए है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने राज्यसभा चुनाव के परिणामों को महागठबंधन की हार बताते हुए इसे एक बड़ी लड़ाई का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि जब भाजपा के पास पर्याप्त संख्या बल नहीं था, तो निर्दलीय उम्मीदवार को मैदान में उतारने का उद्देश्य स्पष्ट था। उन्होंने कहा कि अब चूक की चर्चा करने के बजाय आत्म-चिंतन की जरूरत है। उन्होंने प्रभारी के. राजू का बचाव करते हुए उन्हें एक ईमानदार व्यक्ति बताया और कहा कि गठबंधन संविधान की रक्षा के लिए संकल्पित है।

# राहुल गांधी जन्मोत्सव कार्यक्रम की सफलता पर जताया हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस शिक्षा विभाग के तत्वावधान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित विशेष जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं विचारोत्तेजक सेमिनार की सफलता और व्यापक जनभागीदारी पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रसन्नता व्यक्त की है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हृदयानंद मिश्र, एडवोकेट एवं सदस्य, कोऑर्डिनेशन कमिटी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी को व्हाट्सएप संदेश के माध्यम से सराहना की और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। केशव महतो कमलेश ने राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच वैचारिक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं जनसेवा के संकल्प को और मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के 22 वर्षों के राजनीतिक संघर्ष, जनसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण पर आधारित इस प्रकार के सेमिनार समाज और कार्यकर्ताओं के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा किए गए आयोजन की सराहना करते हुए कार्यक्रम से जुड़े सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

# उपायुक्त ने डिजिटल कृषि रथ को दिखाई हरी झंडी

**पंचायत स्तर पर किसानों को मिलेगी कृषि योजनाओं एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** किसानों तक कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 20 जून, 2026 को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा डिजिटल कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह डिजिटल कृषि रथ जिले के सभी पंचायतों का भ्रमण करते हुए किसानों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएगा। डिजिटल कृषि रथ का संचालन दिनांक 20 जून 2026 से 04 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। इस अवधि में रथ जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों का भ्रमण करेगा। रथ में लगाए गए अत्याधुनिक डिजिटल प्रोजेक्टर एवं ऑडियो-वीडियो उपकरणों के माध्यम से किसानों को भारत सरकार एवं झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि यंत्रीकरण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, सूक्ष्म सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड तथा अन्य कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जाएगी। डिजिटल कृषि रथ के माध्यम से किसानों को योजनाओं के लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया, आवेदन की विधि, पात्रता मानदंड एवं विभागीय सहायता से संबंधित आवश्यक जानकारी सरल एवं आकर्षक तरीके से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त कृषि क्षेत्र में सफल किसानों की उपलब्धियों एवं नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाएगा ताकि अन्य किसान उनसे प्रेरणा लेकर आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित हो सकें। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक दिन किसी एक पंचायत में कृषक गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। इन गोष्ठियों में कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को खरीफ मौसम की खेती, उन्नत बीजों का चयन, संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन, जल संरक्षण तथा कृषि आधारित आयवर्धन गतिविधियों के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही किसानों की समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाएगा। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि कृषि क्षेत्र के समग्र विकास एवं किसानों की आय वृद्धि के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। डिजिटल कृषि रथ के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों तक भी योजनाओं एवं नई तकनीकों की जानकारी पहुंचेगी, जिससे वे सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठा सकेंगे तथा वैज्ञानिक खेती को अपनाकर अपनी उत्पादकता एवं आय में वृद्धि कर सकेंगे।



# सिटी थाना पुलिस ने चलाया तंबाकू एवं नशामुक्ति जागरूकता अभियान




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सिटी थाना क्षेत्र में तंबाकू एवं अन्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत नयामोड़ चौक से जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही तंबाकू छोड़ने में सहायता के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1800-11-2356 के स्टिकर सभी ऑटो रिक्शाओं पर लगाए गए। युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डी.ए.वी. इस्पात सेक्टर-2 में तंबाकूमुक्त एवं नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई। सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास ने कहा कि खुले में धूम्रपान करने से पैसिव स्मोकिंग के कारण अन्य लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी दुकानदारों से कोटपा-2003 के प्रावधानों का पालन करने तथा तंबाकू उत्पादों के प्रचार-प्रसार से संबंधित पोस्टर, बैनर एवं अन्य विज्ञापन अपनी दुकानों के बाहर नहीं लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को आर्थिक रूप से प्रभावित करता है और परिवार को लगभग 10 वर्ष पीछे धकेल देता है। इसलिए युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहकर समाज को भी जागरूक करना चाहिए। जिला परामर्शी मो. असलम ने बताया कि कोटपा अधिनियम के तहत सरकारी भवनों, अस्पतालों, न्यायालय परिसरों एवं विद्यालयों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कोटपा-2003 की धारा 6(बी) के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी दुकानदारों से कानून का पालन करने एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास, सिटी थाना के पुलिस बल, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि एवं जिला परामर्शी (राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम) मो. असलम, डॉ. राहुल सिंह, छोटेलाल दास तथा डी.ए.वी. इस्पात सेक्टर-2 के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सक्षम के स्थापना दिवस पर क्रिया कलापों पर हुई चर्चा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को सक्षम बोकारो महानगर द्वारा बोकारो स्थित आशालता दिव्यांग विकास केंद्र के हेलेन केलर हॉल में सक्षम स्थापना दिवस मनाया गया। संगठन-मंत्र, संगठन-गीत, संगठन का दृष्टिकोण और परिकल्पना वाचन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई । परिचय - सत्र के पश्चात आशालता दिव्यांग विकास केंद्र के प्राचार्य सह दृष्टि प्रकोष्ठ के प्रमुख प्रमोद कुमार दुबे ने सक्षम संगठन की स्थापना और इसके क्रिया - कलापों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला । इस कार्यक्रम में अध्यक्ष - डॉ शारदा रानी, कोषाध्यक्ष मुखराम सिंह, दृष्टि प्रकोष्ठ प्रमुख -प्रमोद कुमार दुबे, क्रीड़ा प्रकोष्ठ प्रमुख संजीव कुमार सिंह के अलावा दयाल कुमार ईश्वर, विनीता दुबे, सुभाष कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष डॉ शारदा रानी द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन के पश्चात कल्याण - मंत्र के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।



### निषिद्ध मादक पद्धार्थो के विरूद्व राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम

**'खेल जीवन है, नशा विनाश है' विषय पर खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के बीच की गई चर्चा**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पर्यटन, कला-संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, रांची झारखण्ड तथा जिला प्रशासन, बोकारो द्वारा आयोजित निषिद्ध मादक पद्धार्थो के विरूद्व राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम आज दिनांक 20 जून, 2026 को स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स चंदनकियारी, बोकारो में आयोजित किया गया जिसमे खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने 'खेल जीवन है, नशा विनाश है' विषय पर चर्चा करके समाज में निषिद्ध मादक पद्धार्थो के विरूद्व राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। नशे मुक्त समाज निर्माण के लिए यह अभियान एक सशक्त व प्रभावी कदम है। यह लोगों को जागरूक करने और उन्हें नशा मुक्ति के संकल्प से जोड़ने का एक बेहतरीन माध्यम है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को नशे के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इस आयोजन में प्रशिक्षक आशु भाटिया, मोहन साहू, महेंद्र करमाली, हेमन्त कुमार,चौहान महतो, खेल मित्र एवं चंदनकियारी खेल केंद्रों के खिलाड़ी उपस्थित थे।



### जिम संचालक पर लगे बदसलूकी के आरोप में आया नया मोड़

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-1 में रहने वाली एक महिला द्वारा जिम संचालक पर छेड़खानी और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। मामले में एससी/एसटी थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद अब जिम संचालक अमित ने पत्रकारों के सामने आकर अपना पक्ष रखा है। प्रेस वार्ता में अमित ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि शिकायतकर्ता महिला उनकी चचेरी सास हैं और परिवार में लंबे समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि उक्त महिला पूर्व में भी परिवार के अन्य पुरुष सदस्यों पर इसी तरह के आरोप लगा चुकी हैं। अमित ने बताया कि उनके चाचा ससुर ने वर्ष 2019 में ही महिला से तलाक के लिए न्यायालय में याचिका दायर की थी। उनका आरोप है कि संपत्ति विवाद के कारण परिवार को परेशान करने के उद्देश्य से यह मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि घटना वाले दिन महिला स्वयं जिम पहुंची थीं और वहां हंगामा करते हुए जिम संचालन पर आपत्ति जताई थी। वहीं प्रेस वार्ता में मौजूद अमित के चाचा ससुर वी. रवि ने भी महिला यानी अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में उनकी शादी हुई थी, लेकिन कुछ ही समय बाद संबंधों में खटास आ गई। रवि ने आरोप लगाया कि उन्हें खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर दिया जाता था, जिससे उनकी तबीयत लगातार खराब रहने लगी। हालांकि, महिला द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच पुलिस कर रही है। मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ऐसे में पुलिस जांच और कानूनी प्रक्रिया के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी।

### मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में 'फादर्स डे' कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल, बोकारो में आज 'फादर्स डे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बिभोर कुमार शर्मा, पूर्व एडिशनल चीफ मेडिकल ऑफिसर, मेडिकल एवं हेल्थ सर्विसेज, बोकारो जनरल अस्पताल तथा वर्तमान में चीफ मेडिकल ऑफिसर, मेडीकेंट हॉस्पिटल & रिसर्च सेंटर, बोकारो एवं अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि, अतिथि एवं विद्यालय के अभिभावकों द्वारा संयुक्त रूप से की गई। मुख्य अतिथि डॉ. बिभोर कुमार शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में पिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिता केवल कमाने वाले नहीं, बल्कि बच्चों के पहले गुरु और मित्र होते हैं। उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण गुर भी बताए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई का समय निश्चित करें, टीवी-मोबाइल की आदत कम करें और बच्चों की पढ़ाई में रुचि लें। अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे घर में बच्चों के लिए सकारात्मक शैक्षणिक माहौल का वातावरण बनाएं। घर का सहयोग ही स्कूल की सफलता की नींव है। कार्यक्रम में प्राचार्य अमर प्रसाद एवं उप प्राचार्य देव दुलाल मित्रा ने भी पिता की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिता का कर्तव्य समाज में दिखता नहीं है, लेकिन उनका कर्तव्य परिवार में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। माँ बच्चों को जन्म देती है, तो पिता उन्हें जीवन जीना सिखाते हैं। पिता की मेहनत और त्याग ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की उप प्राचार्य देव दुलाल मित्रा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# बाल संरक्षण से संबंधित जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाजिक सुरक्षा बाल संरक्षण इकाई बोकारो के तत्वाधान में बाल संरक्षण से संबंधित जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आजीविका संकुल संगठन भवन, पिण्डाजोरा, चास, बोकारो में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर पंचायतों के मुखिया उपस्थित थे। बाल संरक्षण के संबंध में व्यापक जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को दी गई। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि बाल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। सामाजिक आर्थिक कारणों से बाल विवाह+ बालिका शिक्षा, हयूमन ट्रैफिकिंग, महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन में समस्या उत्पन्न होती है। इसे समाजिक दायित्व के रूप में हम सभी को संकल्प लेते हुए समाप्त करना है। उन्होंने अपने संबोधन में फोस्टर फैमली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है ताकि घर-घर में लोग इसे समझ व जान सके।





**1. पालन-पोषण देखरेख**

ऐसा व्यवस्था, जिसमें एक बच्चे को घर जैसे पारिवारिक माहौल में वैकल्पिक देखभाल के उद्देश्य से बच्चों को असंबंधित परिवार के सदस्यों के साथ देखभाल और संरक्षण के लिए रखा जाता है।

**2. प्रायोजन**

ऐसी व्यवस्था, जिसमें बच्चों को उनके जैविक परिवार से अलग होने से रोकना है, इसका उद्देश्य संस्था में रहने वाले या मुक्त कराये गये पीड़ित बच्चे को प्रायोजन के माध्यम से उनके जैविक परिवार में भेजकर पुनर्वासित करने में सहायता करना है।

योजना का लाभ किसको मिलेगा :-

(क) 18 साल से कम उम्र के बच्चे
(ख) जिन बच्चों के माता-पिता का देहांत हो गया है अथवा रिश्तेदार द्वारा त्याग दिए गए बच्चे।
(ग) जिन बच्चों के माता-पिता एचआईवी / एड्स जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है।
(घ) एकल मां के बच्चे।
(ड.) तस्कारी से बचाए गए बच्चे।
(च) बच्चे जिनके माता-पिता जेल में है।
(छ) गैर कानूनी उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बच्चे।

**प्रायोजन के लिए मानदंड**

- 4000 रुपए प्रति बच्चे।
- परिवार की कुल वार्षिक आय 75000/- से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- प्रति परिवार अधिकतम 3 बच्चे को लाभान्वित किया जा सकता है।
- लड़कियों को प्राथमिकता ।

बच्चों को अवैध रूप से गोद न लें। अवैध रूप से गोद लेना तस्करी को बढ़ावा देता है। देखरेख कर्ता बनें, तस्कर न बनें। कानूनी रूप से गोद लेने हेतु विस्तृत जानकारी के लिए www.adoptionindia.nic.in पर संपर्क कर सकते हैं।

**क्या आपको ऐसे बच्चे मिले हैं-**

जिनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है। जिनके माता-पिता की कोविड-19 में मृत्यु हो गया है।

मौके पर प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, एएसपी चास वेदांत शंकर, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी शफीक आलम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, प्रखंड विकास पदाधिकारी चास प्रदीप कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनिता झा, विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं अन्य उपस्थित थे।

# काव्य गोष्ठी में कवियों एवं कवयित्रियों ने बांधा समां

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात पुस्तकालय सेक्टर 5 में बोकारो इस्पात संयंत्र एवं अखिल भारतीय चेतना दर्पण के संयुक्त तत्वाधान में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी में कवियों एवं कवयित्रियों ने रचनाओं से समां बांधा। साहित्यकारों एवं कवियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि कवि अपने युग का प्रतिनिधि होता है और उसकी रचनाओं में उस युग की छाप दिखाई पड़ती है। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार कनक लता राय ने कहा कि साहित्य रचना से मस्तिष्क को ऊर्जा प्राप्त होती है। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने सभी कवियों एवं कवयित्रियों की रचनाओं की विस्तार से समीक्षा की। कवि गोष्ठी कस्तूरी सिन्हा की सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुई । इस अवसर पर कस्तूरी सिन्हा ने आंख के बंद कपाट मत खोलो, लव कुमार ने कोयले से उजाला, रेणुका सिन्हा ने महंगाई, शीला तिवारी ने नव गीत में किसलय बन, रिंकू गिरि ने प्रकृति का सवाल, पंकज प्रेमी ने मान जा तुम मेरे भाई, कनकलता राय ने नहीं चाहिए मुक्ति-मोक्ष, पद्मावती कोमल ने गर्मी में लाइट का कटना, अंकित कुमार उपाध्याय ने बचपन की कुछ बातें, आरपी वर्मा ने आप से अपना कोई रिश्ता पुराना है, डॉ रंजना श्रीवास्तव ने एक पौधा एक उम्मीद, क्रांति श्रीवास्तव ने आंखें बहुत कुछ बोलती हैं, अनिल श्रीवास्तव ने उसकी मां, ज्योति वर्मा ने मैं कौन हूँ, गीता गुस्ताख ने ये नालायक लोग, डॉ नरेंद्र कुमार राय ने भारत का इतिहास भरा है नारी गौरव गान से, शैलजा झा ने पृथ्वी का दंडपाल, संजू कुमारी गिरि ने पर्यावरण हमारा कवच और राखी बरनवाल ने समय की समझ कविता पढ़कर गोष्ठी में काव्यमय माहौल बना दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत रचनाओं में प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता, सामाजिक विसंगतियों, पारिवारिक संबंधों तथा भारतीय संस्कृति एवं इतिहास से जुड़े विषयों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया गया। विभिन्न रचनाओं ने श्रोताओं की खूब सराहना प्राप्त की और पूरे आयोजन में साहित्यिक सौंदर्य एवं रचनात्मकता का वातावरण बना रहा। गोष्ठी के अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों, साहित्यकारों एवं उपस्थित श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साहित्य और संस्कृति के संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा उपस्थित साहित्यप्रेमियों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता की अपेक्षा व्यक्त की।




## नीट (यूजी) परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 163 लागू

**चास एवं बेरमो अनुमंडल दंडाधिकारी ने जारी किया आदेश**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नीट यूजी 2026 2026) का परीक्षा 21 जून (रविवार) 2026 होने जा रहा है। आशंका है कि इस अवसर पर परीक्षा में अन्य बाहरी तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जा सकता है एवं परीक्षा के स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त संचालन में असामाजिक तत्वों द्वारा परीक्षा केन्द्रों के चारो तरफ इकट्ठा होकर व्यवधान उत्पन्न किया जा सकता है। इस प्रकार उपर्युक्त उद्देश्यों के लिए एवं व्यापक लोकहित में निरोधात्मक कार्रवाईयों की आवश्यकता सर्वथा नितांत है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी चास एवं अनुमंडल दंडाधिकारी बेरमो तेनुघाट ने अपने-अपने अनुमंडल के भौगोलिक क्षेत्रांतर्गत अवस्थित सभी परीक्षा केन्द्रों के परिसर के 500 (पांच सौ गज) की परिधि के अन्तर्गत निम्नांकित कार्यों एवं गतिविधियों को निषिद्ध कर दिया है:-

(1) पांच या पांच से अधिक की संख्या में व्यक्तियों के एक साथ किसी भी स्थान विशेष पर एकत्रित होने, भ्रमण करना अथवा भीड़ लगाना इत्यादि।

(2) किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के द्वारा निषेधाज्ञा क्षेत्र अन्तर्गत किसी प्रकार का कोई आग्नेयास्त्र, परंपरागत हथियार तथा लाठी, डण्डा, भाला, तीर-धनुष, फर्सा, बर्षा इत्यादि में से कोई भी हथियार लेकर चलना, भ्रमण करना, प्रदर्शन करना अथवा उसका व्यवहार किया जाना।

# धनबाद में हेलमेट के आकार का अनोखा ट्रैफिक पुलिस बूथ तैयार

**जिले में 22 ट्रैफिक पोस्ट विकसित करने की योजना, 30 जवान व 10 पदाधिकारी अतिरिक्त तैनात**



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरायढेला थाना क्षेत्र के गोल बिल्डिंग के पास शनिवार को धनबाद पुलिस की ओर से हेलमेट के आकार वाले आधुनिक ट्रैफिक पुलिस बूथ का उद्घाटन एसएसपी प्रभात कुमार ने किया। इस अवसर पर सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव, डीएसपी विधि-व्यवस्था प्रकाश सोय, डीएसपी सीसीआर प्रदीप कुमार साव, विभिन्न थाना प्रभारी, पुलिस पदाधिकारी, जवान तथा रैपिडो के क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित थे। रेपीडो ट्रांसपोटेशन के सहयोग से गोल बिल्डिंग के पास स्थापित यह ट्रैफिक पोस्ट हेलमेट के आकार में बनाया गया है। धनबाद पुलिस के अनुसार यह उत्तर-पूर्व भारत का अपनी तरह का पहला आधुनिक सुविधाओं से युक्त ट्रैफिक पुलिस बूथ है। बूथ पूरी तरह इंसुलेटेड है, जिससे गर्मी और ठंड दोनों मौसम में अंदर का वातावरण संतुलित और आरामदायक बना रहता है। इसे विशेष सामग्री से तैयार किया गया है, जो पूरी तरह फायर-प्रूफ है। बूथ में लगाया गया शीशा मजबूत और अनब्रेकेबल है तथा इसके अंदर चार पुलिसकर्मियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। उद्घाटन के दौरान एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि बूथ को हेलमेट का स्वरूप इसलिए दिया गया है ताकि लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े और दोपहिया वाहन पर सवार चालक एवं पीछे बैठने वाला व्यक्ति भी अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। उन्होंने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग करने की अपील की। एसएसपी ने बताया कि फिलहाल गोल बिल्डिंग में इस अनोखे ट्रैफिक बूथ की शुरूआत की गई है। जल्द ही मेमको मोड़ पर भी इसी प्रकार का हेलमेट आकार का आधुनिक ट्रैफिक चेक पोस्ट स्थापित किया जाएगा।

# धनबाद पुलिस का वार्षिक फायरिंग दक्षता अभ्यास शुरू

**उपायुक्त, एसएसपी सहित वरीय अधिकारियों ने लक्ष्य पर साधा सटीक निशाना**



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार सहित पुलिस के वरीय पदाधिकारियों ने आज सुबह झारखंड सशस्त्र पुलिस -3 के भूंईफोड़ मंदिर के पीछे स्थित फायरिंग रेंज में पुलिस के वार्षिक फायरिंग दक्षता अभ्यास (मार्क्समैनशिप) अभियान में फायरिंग कर लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा। अभ्यास पूरा करने के बाद उपायुक्त ने बताया कि फायरिंग अभ्यास एक महत्वपूर्ण पुलिस प्रशिक्षण प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य निशानेबाजी में कौशल, सुरक्षित हथियार संचालन और विपरित परिस्थितियों के लिए तत्परता को सुधारना है। अभ्यास के दौरान पदाधिकारियों ने लेटकर, बैठकर, घुटनों के बल बैठकर और खड़े होकर लक्ष्य पर निशाना साधा। उपायुक्त ने फायरिंग रेंज के सुदृढ़ीकरण के लिए गोविंदपुर अंचल एवं वन विभाग के अमीन को नक्शा लेकर मौके पर बुलाया। नक्शे की जांच कर उन्होंने पूरे भूखंड के किनारे ट्रेंच कटिंग कर पहाड़ी का पानी निकट के तालाब तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 18 जून से 30 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की निशानेबाजी, हथियार संचालन क्षमता और फायरिंग कौशल की जांच की जाएगी। अभियान के तहत प्रत्येक पुलिसकर्मी को निर्धारित मानकों के अनुसार विभिन्न हथियारों से फायरिंग का अभ्यास कराया जाएगा तथा उनकी लक्ष्यदक्षता का मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान में जिले के 2586 पुलिस पदाधिकारी एवं जवान भाग लेंगे। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग पोजीशन में फायरिंग कर लक्ष्य भेदन करना होगा। इसमें खड़े होकर, घुटने के बल तथा अन्य निर्धारित पोजीशन से निशाना लगाने का अभ्यास कराया जाएगा, ताकि किसी भी परिस्थिति में पुलिस बल प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने में सक्षम रहे। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष रूप से पालन कराया जा रहा है। बताया कि अभ्यास के दौरान लाइव फायरिंग से गोली चलने के झटके (रिकॉइल) के डर के बिना अपनी तकनीक, सांस नियंत्रण और ट्रिगर दबाने के तरीके को सुधारने में मदद मिलती है। इसका उद्देश्य पुलिस बल की फायरिंग क्षमता को लगातार बेहतर बनाए रखना, हथियारों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग का अभ्यास कराना तथा किसी भी आपात स्थिति या कानून-व्यवस्था की चुनौती से निपटने के लिए जवानों को पूरी तरह तैयार रखना है। नियमित अभ्यास से पुलिसकर्मियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और कठिन परिस्थितियों में भी सटीक एवं नियंत्रित कार्रवाई करने की क्षमता विकसित होती है। अभियान के दौरान प्रत्येक पुलिस पदाधिकारी एवं जवान की निर्धारित मानकों के अनुरूप फायरिंग दक्षता का परीक्षण किया जाएगा। प्रदर्शन के आधार पर उनकी लक्ष्यदक्षता का आकलन किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। नियमित फायरिंग अभ्यास से बल की पेशेवर दक्षता और कार्यकुशलता में वृद्धि होती है, जिसका सीधा लाभ कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मिलता है। अभ्यास के दौरान सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब, डीएसपी (विधि-व्यवस्था) प्रकाश सोय के अलावा बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल शामिल थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK